# प्रभात मंत्र
हिन्दी दैनिक

रांची, सोमवार 31.03.2025 वर्ष 12, अंक 88 RNI No. - JHAHIN/2014/59110


**सुविचार**

जिनमे अकेले चलने के हौसले होते है, एक दिन उनके पीछे ही काफिले होते है!






## प्रथम : ब्रह्मचारिणी



**या देवी सर्वभूतेषु माँ ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता. नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः**

नवदुर्गाओं में दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी माता की पूजा की जाती है। इस स्वरूप में माता रानी श्वेत वस्त्र धारण किए हुए है। जिनके एक हाथ में अष्टदल की माला और दूसरे हाथ में कमंडल है। माता ब्रह्मचारिणी के रूप में देवी पार्वती के अविवाहित रूप में पूजा की जाती है। इस स्वरूप को ज्ञान, तपस्या, और वैराग्य की देवी कहा जाता है।

**प्रधानमंत्री ने नागपुर में आरएसएस के स्मृति मंदिर का किया दौरा, छत्तीसगढ़ में किया 33 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट का उद्घाटन**

# पूजनीय डॉ. हेडगेवार व पूज्य गुरुजी को शत-शत नमन : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**मुंबई :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्मृति मंदिर का दौरा किया। इस दौरान पीएम मोदी ने संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार और द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने यहां आगंतुक पुस्तिका पर हस्ताक्षर भी किए और एक खास संदेश भी लिखा।पीएम मोदी ने लिखा,परम पूजनीय डॉ. हेडगेवार और पूज्य गुरुजी को शत शत नमन। उनकी स्मृतियों की संजोने, इस स्मृति मंदिर में आकर अभिभूत हूं। भारतीय संस्कृति, राष्ट्रवाद और संगठन शक्ति के मूल्यों को समर्पित यह स्थली हमें राष्ट्र की सेवा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। संघ के इन दो मजबूत स्तंभों की यह स्थली देश की सेवा में समर्पित लाखों स्वयंसेवकों के लिए उर्जा पुंज है। हमारे प्रयासों से मां भारती का भाग्य सदा बढ़ता रहे।आरएसएस के प्रशासनिक मुख्यालय रेशमबाग में स्मृति मंदिर में पीएम मोदी के दौरे के दौरान आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, संघ के पूर्व महासचिव सुरेश भैयाजी जोशी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी मौजूद थे। उन्होंने स्मारक स्थित स्मृति भवन में आरएसएस पदाधिकारियों से भी मुलाकात की और उनके साथ तस्वीरें खिंचवाई।प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी पहली बार स्मारक पर गए। इससे पहले भाजपा के दिग्गज नेता दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी ने 27 अगस्त, 2000 को प्रधानमंत्री रहते हुए डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर का दौरा किया था। मोदी का यह दौरा संघ के प्रतिपदा कार्यक्रम के साथ मेल खाता है, जो हिंदू नववर्ष की शुरुआत यानी गुड़ी पड़वा पर होता है।इससे पहले सीएम फडणवीस, केंद्रीय मंत्री गडकरी और राज्य भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने यहां हवाई अड्डे पर उतरने पर मोदी का स्वागत किया।

**पीएम मोदी ने संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार और द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर को श्रद्धांजलि अर्पित की**

### प्रधानमंत्री मोदी ने दीक्षाभूमि का दौरा किया

प्रधानमंत्री मोदी ने नागपुर में दीक्षाभूमि का भी दौरा किया। यहां डॉ. बाबासाहब अंबेडकर ने 1956 में अपने अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। पीएम मोदी शहर में डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापकों को श्रद्धांजलि देने के बाद दीक्षाभूमि पहुंचे थे।



### सामर्थ्य के हिसाब से समाज में योगदान जरूरी : मोहन भागवत

मुंबई : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि सामर्थ्य के हिसाब से समाज में योगदान देना जरूरी है. उन्होंने कहा कि सेवा का काम दया भाव से नहीं प्रेम भाव से करना चाहिए. स्वयंसेवक अपने लिए नहीं, बल्कि दूसरों के लिए काम करते हैं.मोहन भागवत ने कहा कि संघ विचार की प्रेरणा है और उसकी प्रेरणा स्वार्थ्य की प्रेरणा नहीं है. स्वयं सेवक अपने लिए नहीं दूसरों के लिए काम करते हैं. ये समाज मेरा है. समाज के लिए तन-मन-धन से काम करना है. जीवन में सेवा और परोपकार करने चाहिए.सरसंघचालक ने कहा कि समाज के लिए स्वयंसेवकों के डेढ़ लाख से ज्यादा काम चलते हैं. यही प्रेरणा है, जिससे स्वयंसवेकों को कष्ट सहने की प्रेरणा मिलती है. बदले में वो कुछ नहीं चाहते. सेवा ही जीवन का ध्येय है. सेवा के कार्य दयाभाव से नहीं चलते हैं. समाज के प्रति प्रेम, दूसरे समाज में सबको दृष्टि देनी है. आरएसएस चीफ ने कहा कि एकांत में आत्मसाधना और लोकांत में परोपकार, जैसा जीवन सूत्र हमारे परंपरा में है.

## पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ में किया 33 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट का उद्घाटन



**रायपुर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर पहुंचे। यहां उन्होंने 33 हजार 700 करोड़ के प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने बिलासपुर में लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम ने विकास कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि जन-जन तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए वह तेजी से अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के तीन लाख गरीब परिवार अपने नए घर में प्रवेश कर रहे हैं। यहां उन्हें लाभार्थियों से मिलने का मौका मिला। इस दौरान उन्होंने महसूस किया कि नया घर मिलने के बाद गरीब परिवार अपनी खुशी नहीं रोक पा रहे थे। पीएम ने कहा, छत्तीसगढ़ की जनता-जनार्दन से किए हर वादे को पूरा करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

नवरात्रि के पहले दिन बिलासपुर में हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण मेरे लिए सौभाग्य की बात है। प्रधानमंत्रीने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक जनसभा को संबोधित करने से पहले कई परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

उन्होंने मंदिर हसौद के रास्ते अभनपुर-रायपुर सेक्शन में मेमू ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाई। पीएम ने कहा, आज पहला नवरात्रि है और छत्तीसगढ़ तो माता महामाया की धरती है। यह माता कौशल्या का मायका भी है। ऐसे में मातृशक्ति को समर्पित ये नौ दिन छत्तीसगढ़ के लिए बहुत विशेष रहते हैं और मेरा सौभाग्य है कि नवरात्रि के पहले दिन ही मैं यहां पहुंचा हूं। उन्होंने कहा, थोड़ी देर पहले 33,700 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इसमें गरीबों के घर, स्कूल, रोड, रेल, बिजली, गैस की पाइपलाइन शामिल है। ये सारे प्रोजेक्ट्स छत्तीसगढ़ के लोगों को सुविधाएं देने वाले हैं। आप सभी को इस विकास कार्य के लिए बहुत-बहुत बधाई।बिलासपुर में सभा के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ को बने हुए 25 साल हो चुके हैं। यह छत्तीसगढ़ का रजत जयंती वर्ष है। इसके साथ ही यह अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी का भी वर्ष है। ऐसे में सरकार इसे हमने बनाया और हम ही संवारेंगे के संकल्प के साथ मना रही है। साल 2000 में अटल बिहारी वाजपेयी की केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को मध्य प्रदेश से अलग किया था।

## क्विक न्यूज

### विकसित भारत युवा संसद का 1 से 3 अप्रैल तक आयोजन

**नई दिल्ली :** केंद्रीय युवा मामलों के मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया के नेतृत्व में 1 से 3 अप्रैल तक विकसित भारत युवा संसद का आयोजन किया जा रहा है। राजनीति और सार्वजनिक नीति के साथ युवा शक्ति को जोड़ने और उन्हें नीति निर्माण की दृष्टि देने के एक शक्तिशाली मंच के रूप में युवा संसद कार्य करेगा।युवा मामले एवं खेल मंत्रालय की ओर से जारी की गई जानकारी के अनुसार हर राज्य और केंद्र शासित क्षेत्र के 75 हजार से अधिक युवाओं ने 'माय भारत' पोर्टल के माध्यम से अपनी वीडियो प्रविष्टियाँ भेजी है। संपूर्ण चयन प्रक्रिया को डिजिटल रूप से आयोजित किया गया था।प्रत्येक राज्य एवं यूटी के शीर्ष 3 उम्मीदवारों (कुल 108 युवाओं) को राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने के लिए चुना गया है। प्रतिभागी उच्च-स्तरीय चर्चाओं और गतिविधियों में संलग्न होंगे। इसमें प्रश्नकॉल, मास्टरक्लास, संसदीय अनुभव, प्रधानमंत्री संग्रहालय यात्रा और पुरस्कार समारोह शामिल है।

### तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, दो की मौत

**नई दिल्ली :** पश्चिमी जिले के नारायणा इलाके में शनिवार रात एक तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान लक्षित नेगी और यश वर्मा के रूप में हुई है। जबकि घायल यश गुप्ता और हिमांशु का अस्पताल में उपचार चल रहा है।नारायणा पुलिस मामला दर्ज कर घटना की जांच कर रही है।पश्चिमी जिले के डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार बीती देर रात 2~45 बजे पुलिस को सूचना मिली कि नारायणा इलाके में तेज रफ्तार सियाज कार एक पेड़ से टकरा गई है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कार में चार लोग घायल हालत में पड़े हुए है।पुलिस ने सभी को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने लक्षित नेगी और यश वर्मा को मृत घोषित कर दिया।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 13° |

# छत्तीसगढ़ में 50 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**एजेंसी**

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर-सुकमा में पिछले दिनों हुई दो बड़ी मुठभेड़ के बाद रविवार को 50 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें कुछ महिला नक्सली भी शामिल हैं। आत्मसमर्पण करने वाले 50 में से 13 नक्सलियों पर कुल 68 लाख रुपये का इनाम है। इन्होंने आज बीजापुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक, डीआईजी, सीआरपीएफ और अन्य पुलिस अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया।इस संबंध में बीजापुर पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र यादव ने बताया कि एक साथ इतनी बड़ी संख्या में नक्सलियों के आत्मसमर्पण करने से नक्सली संगठन को बड़ा झटका लगा है। आत्मसमर्पित नक्सलियों में पीएलजीए बटालियन नम्बर एक का 01 सदस्य, पीएलजीए कंपनी नम्बर दो के चार सदस्य, कंपनी नम्बर सात का एक सदस्य , कुतुल एरिया कमेटी, नेशनल पार्क एरिया कमेटी से एसीएम स्तर के 03 सदस्य, जनताना सरकार अध्यक्ष, केएएमएस अध्यक्ष, मिलिशिया कमाण्डर, मिलिशिया डिप्टी कमांडर, मिलिशिया प्लाटून सदस्य, मिलिशिया सदस्य एवं सावनार, कोरचोली, कमलापुर आरपीसी के अन्य सदस्य शामिल हैं। आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने वाले सभी नक्सलियों को प्रोत्साहन स्वरूप 25-25 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों के आत्मसमर्पण के पीछे जिले में हो रहे विकास कार्य बड़ा कारण रहा। तेजी से बनती सड़कें, गावों तक पहुँचती विभिन्न सुविधाओं ने इन्हें प्रभावित किया है। संगठन के विचारों से मोहभंग एवं मिली निराशा, संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक मतभेद इनके आत्मसमर्पण का बहुत बड़ा कारण है।






# ईद आज, नजर आया चाँद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** दारुल कजा इमारत शरीया रांची के काजी शरीअत मुफ्ती मुहम्मद अनवर कासमी ने एलान किया है कि उन्तीस रम्जानुल मुबारक 1446 हिजरी मुताबिक तीस मार्च 2025 दिन रविवार को रांची व झारखंड सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों में शव्वाल उल मुकर्रम 1446 हिजरी महीने यानी ईद उल फित्र का चाँद आम तौर पर नजर आया है। जिसकी तसदीक हो चुकी है। इस लिये एकतीस मार्च 2025 दिन सोमवार को शव्वाल उल मुकर्रम 1446 हिजरी महीने की पहली तारीख यानी ईद उल फित्र का दिन है। ईद-उल-फितर का चांद आम तौर पर रांची, जमशेदपुर, दुमका, डाल्टेनगंज, साहिबगंज, धनबाद, कोडरमा और अन्य स्थानों सहित झारखंड के अधिकांश हिस्सों में देखा गया, जिसकी पुष्टि काजियाने शरीयत ने कर दिया है।अतः काजीयाने शरीयत द्वारा यह निर्णय और घोषणा की जाती है कि ईद-उल-फितर 31 मार्च 2025 सोमवार को मनाई जाएगी। सोमवार को पूरे राज्य में ईद-उल-फितर की नमाज बड़ी अकीदत और एहतराम के साथ अदा की जाएगी।एदार ए शरीया के जिम्मेदारों ने राज्य के निवासियों को ईद-उल-फितर की शुभकामनाएं, मुबारक बादी दी हैं। इस अवसर पर मौलाना सैयद शाह अलकामा शिबली कादरी, मौलाना मुहम्मद कुतुबुद्दीन रिजवी, मौलाना मुफ्ती अनवर निजामी मिस्बाही, मौलाना मुफ्ती एजाज हुसैन मिस्बाही, मौलाना मुफ्ती फैजुल्लह मिस्बाही आदि मौजूद थे।


असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# समता स्कूल में धूम धाम से मनाया गया विद्यालय का वार्षिकोत्सव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** हुसैनाबाद नगर पंचायत के छतरपुर रोड़ ,धरहरा जपला स्थित समता स्कूल परिसर में बड़े ही धूमधाम एवं हर्सोल्लास के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक संतोष मिश्रा एवं राहुल कुमार चौहान ने किया। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा कई तरह के रंगारंग एवं मनोरंजक संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम के उद्घाटन विशिष्ट अतिथि अविनाश वर्मा जी, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव जी, सचिव सतीश अग्रवाल जी, कोषाध्यक्ष श्री आनंद कुमार जी, अनुशासन पदाधिकारी वीरेंद्र दुबे जी, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन छतरपुर इकाई से श्री सुनील मिश्रा जी, हुसैनाबाद इकाई से जितेंद्र प्रसाद जी, निरंजन प्रसाद जी, कृष्ण कुमार तिवारी जी, हुसैनाबाद नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्री रामेश्वर राम उर्फ छठन जी, अधिवक्ता श्री आलोक कुमार सिन्हा जी, श्री संतोष सोनी जी, डॉक्टर मलय राय जी,मीडिया से डॉक्टर सत्येंद्र कुमार चंदेल जी, न्यूज़ 11 से विकास कुमार जी, धनंजय कुमार जी, विद्यालय के निर्देशक सह प्रधानाचार्य डॉक्टर अक्षय कुमार चौहान जी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं फिता काटकर किया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के मंच से बाल कलाकारों ने क्षेत्रीय एवं विविध तरह के गीत ,संगीत और नाटक के माध्यम से सामाजिक सरोकार से संबंधित प्रेरणादाई संदेश दिए। विशिष्ट अतिथि अविनाश वर्मा ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है। बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देनी चाहिए। विद्यालय के निर्देशक सह प्रधानाचार्य अक्षय कुमार चौहान ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के समुचित विकास के लिए इस तरह के सांस्कृतिक गतिविधि समय-समय पर आयोजित होने से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उन्हें अथक मेहनत भी करनी चाहिए। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा में फर्स्ट सेकंड और थर्ड आने वाले बच्चों को मेडल, ट्रॉफी, डायरी, बैग, इत्यादि देकर सम्मानित किया गया।मौके पर उपस्थित विद्यालय के शिक्षक विनोद चौधरी, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, राहुल गुप्ता, राहुल, प्रियंका देवी, दशरथ कुमार, रिमझिम देवी, प्रियंका देवी, सानिया खातून, प्रियंका देवी, सुभाष कुमार शकुंतला देवी, बबिता देवी, सारिका कुमारी , रीना देवी, उम्म जहरा, मुकेश कुमार,नंदू प्रजापति, अनूप पांडे एवं परिचारिका विमला कुंवर एवं सैकड़ो छात्राओं भी उपस्थित थे।

## हर्षोल्लास के साथ आज पढ़ी जायेगी ईद-उल-फितर की नमाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** पूरे एक महीने के रोज़े और इबादत के बाद आज केतार सहित पूरे गढ़वा जिले में हर्षोल्लास के साथ ईद-उल-फितर मनाई जाएगी। मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।आज सुबह निर्धारित समय पर ईदगाहों में हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग एक साथ नमाज अदा करेंगे और एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद देंगे। बाजारों में भी इस खास मौके पर चहल-पहल देखने को मिली, जहां लोगों ने सेवइयां, मिठाइयां और नए कपड़ों की खरीदारी की। प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं ताकि त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी सभी को ईद की शुभकामनाएं देते हुए भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला की वार्षिक परीक्षा-2024-25 के परिणामों की हुई घोषणा



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में सत्र- 2024-25 के अंतर्गत कक्षा-अरुण से नवम तक के भैया-बहनों का वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंध कारणी समिति के माननीय अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष डॉ. सत्येन्द्र कुमार चंदेल, सतीश सिंह,राजेश सिंह, आलोक कुमार, प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने भैया-बहनों को कहा कि विषम परिस्थितियों में भी भैया-बहनों ने अध्ययन करके अपने भविष्य का निर्माण किया, ऐसे छात्र निश्चित तौर पर सफलता के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।परीक्षाफल विद्यालय का दर्पण होता है। कक्षा -अरुण से नवम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। वहीं शिशु वाटिका खंड में शिवाजी संगम ने 99 प्रतिशत, प्राथमिक खंड में सिद्धार्थ शौर्य ने 97 प्रतिशत तथा माध्यमिक खंड में अभिषेक कुमार यादव 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विद्यालय में टॉप किया है। भैया-बहनों का उत्साहवर्धन एवं मंगल कामना करते हुए कहा कि आगामी 02 अप्रैल 2025 से नवीन सत्रारंभ हवन-यज्ञ के साथ किया जाएगा।

# शतचंडी महायज्ञ सह ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश जल यात्रा निकाला गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के लोटनियां पंचायत अन्तर्गत ग्राम झरी खुर्द बरवाडीह में कलश यात्रा के साथ ही 9 दिवसीय श्री-श्री शतचंडी महायज्ञ सह ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ रविवार से शुरु हो गया। जिसको लेकर यज्ञ समिति ने अनुष्ठान की सारी तैयारी को अंतिम रुप दिया है। यज्ञ स्थल पर भव्य नौ कुंडीय विशाल यज्ञ मंडप का निर्माण कराया गया है। जहां वृन्दावन व चित्रकूट से आए यज्ञाचार्यो द्वारा संगीतमय प्रवचन से आसपास क्षेत्र का माहौल भक्तिमय करेंगे। साथ ही गांव के चौक चौराहों पर भगवा ध्वज लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। इस मौके पर यज्ञ के मुख्य आचार्य राकेश बाबा ने बताया कि रविवार को सुबह सात बजे कलश यात्रा प्रारंभ हुआ। जो नगर भ्रमण करते हुए कररबार नदी से जलभरी कर यज्ञ स्थल वापस पहुंचा। उन्होंने बताया कि रविवार को अग्नि मंथन के साथ ही अग्नि प्रज्वलित एवं परिक्रमा प्रारंभ किया गया। वहीं ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा व भंडारे के साथ सात अप्रैल को यज्ञ का समापन होगा। उन्होंने धर्मप्रेमीयों से इस महायज्ञ में शामिल होने का आह्वान किया है। मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष अमेरिका सिंह, उपाध्यक्ष विजय सिंह, सचिव रामजीत सिंह, उपसचिव विनोद सिंह के अलावे सदस्य विकास उपाध्याय, धनंजय सिंह, रंजन शर्मा, राहुल उपाध्याय, पिंटू सिंह, छबिला सिंह, विनय सिंह, अनुज सिंह, विवेक सिंह, प्रमोद सिंह, अंकित, चुनमुन सहित सैकड़ों ग्रामीण जनता सक्रिय हैं।

# विश्रामपुर में निकला भव्य कलश शोभा यात्रा, जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा क्षेत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** बिश्रामपुर रामनवमी पूजा समिति द्वारा चैत्र नवरात्र पर श्रीरामचरित मानस नवाहप्राण पाठ व राम कथा का आयोजन किया गया है. जिसको लेकर रविवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाला गया. कलश शोभा यात्रा की शुरुआत विश्रामपुर के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर प्रांगण से हुआ. कलश यात्रा बाजार चौक, थाना चौक, बस स्टेंड, चौक, सोरडीहा, भठ्ठी मुहल्ला होते हुए भेलवा नदी शिव घाट पहुंचा, जहां वैदिक मंत्रोचारण के बीच कलश में जल भरा गया.जल लेकर श्रद्धालु वापस पंचमुखी मंदिर आये और पूरे विधि विधान के साथ कलश को स्थापित किया. इससे पहले शोभा यात्रा को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, थाना प्रभारी सौरभ चौबे, कथावाचिका साध्वी आरती शास्त्री, समाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, समाजसेवी विजय पांडेय, संत पॉल के निदेशसक एस एम एस्ले व पूर्व वार्ड पार्षद पूनम देवी ने संयुक्त रूप से भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया. इस दौरान जय श्रीराम के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज रहा था. कलश यात्रा में रेड रोज पब्लिक स्कूल के निदेशक राजन पांडेय, युवा समाजसेवी विजय कुमार रवि, सुनील कुमार चौधरी, गोपाल सोनी, रजनीश कुमार, अमितेश्वर दयाल, पूजा समिति अध्यक्ष राजेश मार्शल, मुकेश कुमार चौधरी, दिलीप चंद्रवंशी, शिव सोनी, सत्यम सोनू, दिनेश चंद्रवंशी, राघवेंद्र चंद्रवंशी, संतोष कुमार, दामोदर यादव सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुये.

## डॉ. बीआर अम्बेडकर विचार मंच के अध्यक्ष बनें सुदामा पासवान व उपाध्यक्ष रामगोविंद राम शिक्षक



**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पिपरपांती के प्रांगण मे पूर्व जिला परिषद नौड़ीहा बाजार के सदस्य श्री सीता राम के अध्यक्षता मे बैठक आयोजित की गई। बैठक के सफल संचालन कमलेश कुमार चंद्रवंशी ने किया। बैठक में सर्व सहमति से बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर विचार मंच का गठन किया गया। जिसका अध्यक्ष नौड़ीहा बाजार के जिला परिषद सदस्य श्री सुदामा पासवान व उपाध्यक्ष रामगोविंद राम शिक्षक -कृष्णा कुमार रवि, सचिव शत्रुधन साव, उप सचिव हाफिज अंसारी, कोषाध्यक्ष लल्लू राम, उपकोषाध्यक्ष अजय कुमार, मीडिया प्रभारी विश्वप्रेम कुमार, मनीष कुमार, विनय कुमार, अशोक विश्वकर्मा को बनाया गया। मुख्य संरक्षक पूर्व जीप सदस्य सीता राम पासवान, जुदागिर राम शिक्षक, जगदीप कुमार राम, सेवा निवृत शिक्षक शिवभजन राम,गोपाल राम शिक्षक, जनेश्वर राम शिक्षक, राम स्वरूप राम व संगठन मंत्री मुखिया जितेंद्र कुमार भारती एवं उप संगठन मंत्री नितीश कुमार को बनाया गया। मौक़े पर नव नियुक्त अध्यक्ष श्री पासवान ने कहा कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी भारतीय संविधान निर्माता डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य पर प्रखंड स्तरीय शोभा यात्रा भव्य तरीका से निकाल ने का निर्णय लिया गया। वही पर नव नियुक्त उपाध्यक्ष श्री राम गोविंद राम शिक्षक् ने कहा कि निर्धारित रूट चार्ट के माध्यम से ही शोभा यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यक्रम मे समय पर विशेष ध्यान देने के लिए आम जनमानस से आग्रह किया। मौके पर दशरथ कुमार, सुशील कुमार, सुनिल कुमार नीरज, उपेंद्र कुमार समेत काफी संख्या मे लोग मौजूद थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला के भैया-बहनों के द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को विक्रम संवत् 2082 हिंदू नववर्ष के अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला के भैया-बहनों के द्वारा शहर में शोभायात्रा निकाल कर हिन्दू नव वर्ष का स्वागत किया गया। इस शोभा यात्रा से पूरा शहर हिंदू नववर्ष के उत्साह में रंगा नजर आया।शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। शोभा यात्रा निकालकर विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने समस्त जपलावासियों को नववर्ष की शुभकामना दी। सब के विकास और निरोग रहने की कामना किया। उल्लेखनीय है कि भारतीय कैलेंडर के अनुसार नववर्ष का आगाज एक जनवरी से नहीं बल्कि चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा से नवसंवत्सर आरंभ होता है जो अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार अक्सर मार्च-अप्रैल माह में आता है।ज्योतिष गणना के अनुसार, हिन्दू नव वर्ष का पहला दिन जिस भी दिवस पर पड़ता है पूरा साल उस ग्रह का स्वामित्व माना जाता है।हिंदू नववर्ष पूजा-पाठ के लिहाज से बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। नगर भ्रमण सह प्रभात फेरी में 700 से अधिक भैया-बहनों और विद्यालय परिवार के लोग शामिल हुए। घोष दल के साथ सभी भैया-बहनों ने हिंदू नववर्ष मंगलमय हो, विक्रम सम्वत अमर रहे, भारत माता की जय, वंदे मातरम का जयकारा लगाते हुए, शोभायात्रा विद्यालय परिसर से आरंभ होकर नहर मोड़, जयप्रकाश चौक, थाना चौक, गांधी चौक, पुरानी बाजार, कायस्थ मुहल्ला तथा नगर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए विद्यालय पहुंची। मुख्य बाजार में कई स्थानों पर लोगों ने प्रभातफेरी पर पुष्प वर्षा किया।

# नवरात्र को लेकर रेहला समेत कई देवस्थलों से निकला कलश यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** वासंतिक नवरात्र, श्रीरामनवमी महोत्सव, श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ व नव निर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर रविवार को क्षेत्र के कई देवस्थलों से कलश यात्रा निकाला गया.जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुये. क्षेत्र के अलग अलग जगहों पर आयोजित धार्मिक अनुष्ठान को लेकर बाजे- गाजे व महावीरी झंडों को लेकर शोभा यात्रा में निकले रामभक्तों के जयकारे से माहौल राममय हो उठा है. वासंतिक नवरात्र को लेकर रेहला शहर के चर्चित महावीर मन्दिर से निकली कलश यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि ग्रासिम इंडस्ट्री के यूनिट हेड हितेंद्र अवस्थी, रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेता सूशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला, समाजसेवी रामनाथ कश्यप, डॉ डी पी शुक्ला, यमुना शुक्ला, डॉ बीपी शुक्ला, श्रीरामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष आलोक शुक्ला, प्रो नंदलाल शुक्ला, पूर्व जिला पार्षद फिरोज खान, दिनेश शुक्ला सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे. वहीं विश्रामपुर के बघमनवा पंचायत के गौरा गांव में नवनिर्मित ग्राम देवी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर निकली कलश यात्रा में पूर्व मूखिया रवींद्रनाथ उपाध्याय, पंडित अचुत्यानंद पांडेय, आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय उपाध्याय समेत सैकड़ो लोग शामिल हुये।

# कलश स्थापना के साथ नौ दिवसीय महाअनुष्ठान का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर रविवार को कलश स्थापना के साथ नौ दिवसीय महाअनुष्ठान का शुभारंभ हुआ. अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में भक्तिमय माहौल देखने को मिल रहा है. मंदिरों में गूंजते मंत्रों और जयकारों से पूरा शहर भक्तिमय हो गया. शहर के जंगीपुर पेट्रोल पंप स्थित गायत्री शक्तिपीठ परिसर में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज, हरिद्वार के तत्वावधान में विधि-विधान से नवरात्र अनुष्ठान प्रारंभ हुआ. ÷या देवी सर्वभूतेषु÷ मंत्रोच्चार के बीच मां शक्ति का आह्वान कर श्रद्धालुओं ने देवी दुर्गा की आराधना की.इसके बाद कलश स्थापना कर विधिवत नवरात्र अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ. सुबह 7 बजे से श्रद्धालु माता के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की आराधना में लीन रहे. इस दौरान वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ हवन व मंगल आरती का आयोजन किया गया. भक्तों ने हवन में आहुति डालकर घर-परिवार की सुख-समृद्धि एवं देश में शांति की कामना की. प्रथम दिन भक्तों ने मां शैलपुत्री की उपासना की.श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की और देवी को फल-फूल, नारियल व चुनरी अर्पित की. नवरात्रि के पहले दिन से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें नजर आई, जहां लोग माता के दर्शन के लिए उमड़ पड़े.गायत्री परिवार के प्रखंड समन्वयक अजीत चौबे ने बताया कि इस बार मां शक्ति हाथी पर सवार होकर आ रही हैं और विदाई भी हाथी पर होगी. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यह शुभ संकेत है और इससे वर्षभर सुख-समृद्धि बनी रहती है. साथ ही, इस नवरात्र में अमृत महासंयोग बन रहा है, जिससे कई राशियों को विशेष लाभ मिलेगा.नवरात्रि के दूसरे दिन भक्त माता ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना करेंगे. देवी अपने दाएं हाथ में जप माला और बाएं हाथ में कमंडल धारण करती हैं. इनकी उपासना से तप, त्याग, संयम, सदाचार और आत्मबल की वृद्धि होती है.

**विधायक ने गायत्री माता के 24 स्वरूपों की तस्वीरों का किया अनावरण**

शांतिकुंज, हरिद्वार से आई मां गायत्री के 24 स्वरूपों और सप्त ऋषियों की तस्वीरों का शुभारंभ भी किया गया. इस अवसर पर विधायक अनंत प्रताप देव, नगर पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष लता देवी एवं मिलेनियम पब्लिक स्कूल के निर्देशक मुमताज राही ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर इनका अनावरण किया.मौके पर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि गायत्री माता शक्ति, ज्ञान और सच्ची साधना का प्रतीक हैं.इनके 24 स्वरूप जीवन के अलग-अलग पहलुओं का मार्गदर्शन करते हैं.इस अनावरण के माध्यम से समाज में आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने का यह प्रयास सराहनीय है.धर्म और संस्कृति से जुड़कर ही हम सही दिशा में आगे बढ़ सकते हैं.उन्होंने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करते हैं. उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन नगर के विकास और सौहार्दपूर्ण माहौल को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. मौके पर जोखू प्रसाद, अनिल लाल अग्रवाल, ललसू राम, रामप्रसाद कमलापुरी, ज्योतिम अखौरी प्रसाद, अमर जायसवाल, सुरेश विश्वकर्मा, जोखू गुप्ता, डॉ सतीश यादव, शुभम जायसवाल, मीना देवी, लालो देवी, अनीता देवी, सृष्टि कुमारी, अलवाश देवी, रवि सोनी, अब्दुल मोतल्लिब सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# विहंगम योग संत समाज छतरपुर इकाई ने निकाली शोभा यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** भारतीय नववर्ष के उपलक्ष्य में सदगुरु सदाफलदेव विहंगम योग संस्थान के छतरपुर प्रखंड इकाई के तत्वावधान में स्वर्वेद शोभा यात्रा जपला रोड स्थित परी मैरेज हॉल से रविवार को निकाली गई। शोभा यात्रा में सद्गुरु का जयघोष गूंजता रहा।सभी लोग परी जपला रोड स्थित मैरेज हॉल के पास एकत्रित हुए और सद्गुरु की पूजा करने के बाद शोभा यात्रा निकला। परी मैरेज हॉल से गौलक्ष्मी शिव मन्दिर होते हुए नाग बाबा गौलक्ष्मी पहुंची। यहां कुछ देर रुक कर सद्गुरु का उद्घोष किया गया। यहां से मेन रोड होते हुए ब्लॉक गेट तक जाकर पुनः परी मैरिज हॉल के पास आकर पहुंकर आरती, वंदना, शांति पाठ के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। जिला परामर्शक गिरजा प्रसाद सिंह, जिला संयोजक बनारसी प्रसाद यादव ने कहा कि विहंगम योग ऋषि विद्या ज्ञान का वह श्रोत है जिसके ज्ञानार्जन के बाद संसारिक ज्ञान से लेकर अध्यात्मिक ज्ञान से वास्तव में मनुष्य एक मानव की भूमिका में आ जाता है। शोभायात्रा के दौरान संत समाज के लोगों द्वारा स्वर्वेद व विहंगम योग के सिद्धांत के बारे में भी छतरपुर वासियों को जानकारी दी। समाजसेवी अरविंद गुप्ता उर्फ चुनमुन ने कहा कि विहंगम योग ऋषि विद्या ज्ञान का वह श्रोत है। जिसके ज्ञानार्जन के बाद संसारी पूजा पाठ की आवश्यकता तो नहीं रहती है। मौके पर उपस्थित झारखंड राज्य के युवा उपाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह, राज्य के स्वर्वेद प्रभारी अजय कुमार यादव,जिला सह संयोजक महेंद्र यादव, प्रचारक डॉ रामरेश यादव, जिला स्वर्वेद प्रभारी कुबेर प्रसाद गुप्ता, जिला उपदेष्टा बृजमला देवी, महिला प्रभारी कुसुम देवी, प्रखण्ड प्रभारी सत्यनारायण प्रसाद, प्रखण्ड युवा प्रभारी मुना कुमार यादव, युवा समाज कल्याण प्रभारी सह मीडिया प्रभारी मनोहर यादव, वित्त प्रभारी सुजीत कुमार, डॉ बचन यादव, काशी प्रसाद, बालदेव यादव, लवकुश यादव, चंदन कुमार, कुंदन कुमार, राजू सिंह, पवन गुप्ता, दिनेश यादव, सत्येंद्र यादव, महेश यादव, रमेश सिंह, इंदल यादव, प्रेम गुप्ता, रेखा, मीना , नितु, सहित सैकड़ो गुरु भाई बहन आदि मौजूद रहे।

# भगवा रंग में रंगेगा श्री बंशीधर नगर, रामनवमी महोत्सव की भव्य तैयारियां शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** रामनवमी महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। शनिवार को शहर के बस स्टैंड स्थित राधा कृष्ण मंदिर परिसर में श्रीराम सेना कमेटी की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें रामनवमी पर्व को ऐतिहासिक बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। बैठक में विगत वर्ष का आय-व्यय प्रस्तुत किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि इस बार का आयोजन पहले से अधिक भव्य और यादगार होगा। बैठक में श्रीराम सेना की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू को सातवीं बार अध्यक्ष चुना गया। जबकि ऋतुराज जायसवाल सचिव, नित्यानंद कुमार उपाध्यक्ष और दिनेश कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष बने। वहीं विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा को मुख्य संरक्षक बनाया गया। जबकि संरक्षक में अशोक जायसवाल, मानवेंद्र प्रताप देव, धीरेंद्र चौबे, मुक्तेश्वर पांडेय, कामेश्वर प्रसाद, पूर्व मुखिया अजय प्रसाद, गोपाल प्रसाद, पप्पू अनमोल, ओम प्रकाश गुप्ता, प्रताप जयसवाल, आशीष अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रहरि, संजीत कुमार छोटू, अमित कुमार गुड्डू, नीरज जयसवाल, शुभम् प्रकाश, राजा सिंह, डॉ संतोष कुमार,मिक्की जयसवाल, संतोष प्रसाद, विकास कुमार शालू, विनोद कांशयकर, मिंटू कुमार, उमेश कुमार चाहत व सदस्य सुमित जायसवाल उर्फ बॉबी, कुणाल कुमार, अनिल मेहता, धीरज कुमार, आशीष कुमार गुप्ता, बंटी केशरी,आशीष कुमार, उज्ज्वल रंजन, अमित कुमार, रोहित सोनी, सोनू सहित अन्य का नाम शामिल है। आयोजन की इसकी सफलता के लिए संगठन के सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेवारी दी गई। रामनवमी के दिन भव्य महा भंडारा, भक्ति जागरण और झांकियों का प्रदर्शन होगा। बाहर से आये कलाकारों द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जायेगी। पारंपरिक झांकियों में भाग लेने वाली मंडलियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। रामनवमी से पूर्व 4 अप्रैल 2025 को भव्य मोटरसाइकिल जुलूस निकाला जाएगा। जो पूरे नगर में भ्रमण करेगा। उसी दिन शाम 4 बजे प्रसिद्ध गायिका शहनाज अख्तर का संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके अलावा, हनुमान मंदिर में अखंड कीर्तन और बस स्टैंड स्थित राधा कृष्ण मंदिर को आकर्षक लाइटों से सजाया जाएगा। बैठक में उपस्थित विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि हर साल की तरह इस वर्ष भी श्री बंशीधर नगर में रामनवमी पर्व को भव्य रूप से मनाया जायेगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण माहौल में पर्व को मनाने की अपील किया है।श्रीराम सेना के अध्यक्ष रजनीकांत भोलू ने कहा इस वर्ष की रामनवमी ऐतिहासिक होगी, जिसे हर श्रद्धालु जीवनभर याद रखेगा। पूरे श्री बंशीधर नगर को भगवा ध्वजों, झालरों और आकर्षक रोशनी से सजाया जाएगा। जिससे शहर राममय हो जायेगा। रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें तीन विशाल रथों पर राम दरबार, भगवान शंकर-पार्वती, श्रीकृष्ण-राधा, ग्वाला और बांदरी सेना की झांकियां हर किसी को मंत्रमुग्ध कर देंगी। ढोल-नगाड़ों, साउंड सिस्टम और पारंपरिक झांकियों के साथ नगर में भक्ति की गूंज सुनाई देगी। श्री बंशीधर नगर में इस बार की रामनवमी सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि भक्ति, आस्था और परंपरा का भव्य संगम होगा। जिसे हर भक्त गर्व से देखेगा और अनुभव करेगा।बैठक की अध्यक्षता श्रीराम सेना के संरक्षक धीरेन्द्र चौबे ने किया, जबकि संचालन अजय प्रसाद और धन्यवाद ज्ञापन कमलेश मेहता ने किया।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

**संक्षिप्त खबरें**

### मुख्यमंत्री से कांग्रेस के झारखंड प्रभारी सहित अन्य नेताओं ने की मुलाकात

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से रविवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने औपचारिक मुलाकात की । इस मौके पर राज्य में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं, जनहित से जुड़े मुद्दों एवं वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य के मद्देनजर प्रासंगिक विषयों पर विचार विमर्श हुआ। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव मौजूद थे।

### आदिवासी-मूलवासी विरोधी है हेमंत सरकार डॉ. देवशरण भगत

**रांची :** आजसू पार्टी ने झारखंड सरकार पर आदिवासीङ्कमूलवासी विरोधी होने का आरोप लगाया है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिरम टोली सरना स्थल के मार्ग को बाधित करने वाले फ्लाईओवर के रैंप विवाद का समाधान नहीं किया, जिससे आदिवासी समाज में आक्रोश है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रैंप विवाद को नजरअंदाज कर साबित कर दिया है कि उन्हें आदिवासी संस्कृति और सरना स्थल की कोई चिंता नहीं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सरना समिति तथा अन्य संगठनों के आंदोलन का आजसू समर्थन करती है। रैंप विवाद पर रांची बंद को मिले जनसमर्थन के बाद भी राज्य सरकार की आंख नहीं खुली है। डॉ. भगत ने कहा कि सरना स्थल के सामने रैंप को उतरने का औचित्य समझ में नहीं आता। उन्होंने कहा कि डोरंडा फ्लाईओवर को कांटा टोली फ्लाईओवर के साथ मिला दिया जाना चाहिए था, ताकि सिरम टोली चौक पर ट्रैफिक जाम न हो।

# गांजा के साथ एक युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गिरफ्तार गंगासागर उड़ीसा, झारसुगोडा से गांजा की खेप लाकर दूसरे जिलों में खपाने का काम करता था। गिरफ्तार व्यक्ति उत्तर प्रदेश के गाजीपुर, श्रीपुर का रहने वाला है।**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण एसपी सुमीत अग्रवाल ने बताया कि रातू थाना की पुलिस नशा के खिलाफ इलाके में अभियान चला रही है। डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को मिले गुप्त सूचना पर रातू थाना प्रभारी राम नारायण सिंह ने पुलिस बल के साथ छापेमारी कर दो बैग में करीब 22 किलो गांजा को जब्त किया है। वहीं, गंगासागर राय नामक 52 वर्षीय एक व्यक्ति को भी पकड़ा है। गिरफ्तार गंगासागर उड़ीसा, झारसुगोडा से गांजा की खेप लाकर दूसरे जिलों में खपाने का काम करता था। गिरफ्तार व्यक्ति उत्तर प्रदेश के गाजीपुर, श्रीपुर का रहने वाला है। रातू महाराज के शिवाला के आस पास इलाके में हाजी गुड्डू अंसारी के किराये पर मकान लेकर गांजा तस्करी का काम करता था। ग्रामीण एसपी ने कहा कि डीएसपी मुख्यालय टू के नेतृत्व में रातू थाना प्रभारी के साथ टीम का गठन किया था। छापेमारी टीम ने दौड़ा कर पकड़ा और सख्ती से पूछताछ करने पर गिरफ्तार गंगासागर राय ने दो बैग में गांजा छिपाकर रखने की बात स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने उक्त जगह को खंगाला और गांजा को जब्त किया है।

## प्रधानमंत्री ने देश वासियों को विरासत की जड़ों से जुड़ने का किया आह्वान : बाबूलाल मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : पूरे प्रदेश में भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आम जनता के साथ बूथों पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 120 वाँ एपिसोड सुना। प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी रांची महानगर द्वारा मोरहाबादी के पाही बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में महानगर भाजपा अध्यक्ष वरुण साहू सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता गण शामिल हुए।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने लोगों को भारतीय नव वर्ष एवं ईद और सरहुल की शुभकामनाएं दी।उन्होंने कहा कि भारत प्राचीन गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत से परिपूर्ण देश है। कहा कि नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम में भारत की परंपरा,संस्कृति, विरासत,योग ,आयुर्वेद की चर्चा सभी एपिसोड में प्रायः रहती ही है।कहा कि मन की बात में आज फूलों की यात्रा जैसे विषय में महुआ की चर्चा काफी प्रेरक है। कहा कि आज प्रधानमंत्री के द्वारा विदेशों में बसे भारतीय मूल के लोगों द्वारा अपनी विरासत और संस्कृति से जुड़े रहने की बातों को उजागर किया। कहा कि प्रधानमंत्री जी का अपनी जड़ों से जुड़ने वालों को बड़ा तूफान भी विचलित नहीं कर सकता प्रेरित करने वाला आह्वान है। उन्होंने कहा कि मन की बात में महान सांस्कृतिक विरासत, भारत की प्रगति, आम जन की सहभागिता, नवाचारों की चर्चा तथा विश्व और भारत की चुनौतियों की चर्चा भी शामिल है। उन्होंने गौरशाली अतीत से प्रेरित होते हुए विकसित भारत, एक भारत , श्रेष्ठ भारत बनाने में हर नागरिक की भूमिका सुनिश्चित करने का आह्वान किया । मन की बात कार्यक्रम को क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह सहित प्रदेश के पदाधिकारीगण कार्यकर्ता विभिन्न जिलों में बूथों पर शामिल हुए।



कांग्रेस के लोग आर एस एस कार्यालय जाकर संघ को समझें

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आज नागपुर संघ मुख्यालय जाने को लेकर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इसकी तो प्रशंसा होनी चाहिए।पीएम राष्ट्र भक्तों के संगठन के मुख्यालय गए हैं। और कांग्रेस को पेट में दर्द है तो उसे दूर से नहीं बल्कि संघ मुख्यालय जाकर नजदीक से संघ को समझना चाहिए। कहा कि कांग्रेस पार्टी तो कसाब जैसे आतंकवादी को बचाने केलिए रात दिन एक कर देती है।प्रधानमंत्री जी तो वहां गए जहां देश भक्ति पढ़ाई जाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी जी इधर उधर घूमते रहते हैं अच्छा होता एक बार संघ कार्यालय जाकर संघ को देखते समझते।

## झारखंड में तापमान में गिरावट से गर्मी से राहत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : रांची समेत झारखंड के कई जिलों में तापमान में एक से चार डिग्री की गिरावट से गर्मी से लोगों को राहत मिली है। अगले एक-दो दिनों में तापमान में और गिरावट होने की संभावना हैं। तापमान में गिरावट होने पलामू, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, देवघर सहित कई जिलों में गर्मी से लोगों को काफी राहत मिली है। रांची में तापमान में दो डिग्री, जमशेदपुर में दो डिग्री, डालटेनगंज में तीन डिग्री, बोकारो में एक डिग्री और चाईबासा में भी तापमान में एक डिग्री की कमी दर्ज की गई है। रविवार को रांची में मौसम साफ रहा और दिन में गर्मी का एहसास हुआ। रांची में तापमान 33.4, जमशेदपुर में 38.6, डालटेनगंज में 37.5 और बोकारो में अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## चैती दुर्गा मंदिर, भुतहा तालाब में विधि विधान से चैत्र नवरात्रि का किया गया शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मां चैती दुर्गा को समर्पित चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ आज कलश स्थापना से हुई। रांची के भुतहा तालाब स्थित चैती दुर्गा मंदिर में पूरी विधि विधान के साथ मां चैती दुर्गा की पूजा अर्चना की गई। बता दे सन् 1926 से चैती दुर्गा पूजा महासमिति द्वारा पूजा का आयोजन किया जाता है। मुख्य पुजारी सुभाष चंद्र मिश्रा ने बताया आज से नूतन वर्ष प्रारंभ हो गया विक्रम संवत 2082 शुरू हो चुका है एवम आज चैत्र नवरात्रि पर मां भगवती की पहली स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना विधि विधान से की गई ।

वहीं चैती दुर्गा पूजा महासमिति के



अध्यक्ष शंकर दुबे ने बताया इस वर्ष चैती दुर्गा पूजा महासमिति का 100 वर्ष पूरा हो रहा है जिसको लेकर विशेष तैयारी की जा रही है मां का पूजा भव्य रूप से आयोजित की जाएगी। पूजा को सफल बनाने में किशोर साहू, लल्लू सिंह, शंकर दुबे, रमेश सिंह, गोपाल पारीक, नमन भारतीय,सौरभ राय, रोहित सिंह एवम अन्य सदस्यों का अहम योगदान रहता है।

## सकारात्मक विचारों का उपयोग कर हम संगठन को प्रत्येक स्तर पर करें मजबूत : के. राजू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित शिविर मंथन के पांचवें दिन रविवार को बैठक दो सत्रों में संपन्न हुआ। प्रथम सत्र में विगत लोकसभा और विधानसभा के प्रत्याशियों( वर्तमान सांसदों एवं विधायकों को छोड़कर) और द्वितीय सत्र में प्रदेश मीडिया प्रभारी, चेयरमैन, प्रवक्ता, सोशल मीडिया एवं जिला प्रवक्ताओं की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर झारखंड के कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने कहा कि बैठक में आये सुझाव और सूचना को गंभीरता से लिया जाएगा। सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों से जो बातें आई है वह विचारणीय है और इससे एक सांगठनिक मजबूती की पहल होगी। उन्होंने कहा कि सकारात्मक विचारों का उपयोग करके हम संगठन को प्रत्येक स्तर पर मजबूत कर सकेंगे। एक साल के अंदर झारखंड में लोकसभा और विधानसभा का चुनाव हुआ। उम्मीद के अनुसार परिणाम से हम दूर रहे। यदि चुनाव में संगठन के स्तर पर समन्वय में थोड़ी भी चुक होती है तो परिणाम बदल सकते हैं। इस गंभीर स्थिति पर हमें अभी से नजर रखकर कार्य करना होगा। चुनाव में परिणाम को मुद्दे और परिस्थितियां बदल सकती हैं। प्रथम सत्र की बैठक में विगत लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों ने चुनाव में आई समस्याओं तथा हर के कारणों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि झारखंड में आने वाले समय में शहरी निकाय के चुनाव है।

## मंईयां सम्मान योजना से महिलाएं स्वावलम्बन की ओर बढ़ रहें हैं : डीसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रामपुर आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति सभागार में मंईयां सम्मान से मंईयां स्वावलम्बन कार्यक्रम का भव्य आयोजन में रांची उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री शामिल हुए। उपायुक्त को कार्यक्रम में शामिल दीदीयों ने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि का सदुपयोग करते हुए पशुपालन और ड्रिप इरिगेशन से कैसे आर्थिक रूप से मजबूत हो रही है। आज रांची जिला में मंईयां सम्मान योजना से संबंधित सभी एस एच जी,वीओ एवं सीएल एफ में बैठक किया गया। मंईया सम्मान योजना से मिली राशि को आजीविका संवर्धक कार्यो/व्यापार जैसे- मुर्गी पालन, बकरी पालन, अंडा उत्पादन, कृषि कार्यो से संबंधित में प्रयोग कैसे करें, जिससे उनकी आय में निरंतर वृद्धि हो इसके बारें में विस्तार से बताया।सभी लाभुकों को भी साइबर अपराधियों से सतर्क रहने को कहा है कि अपने बैंक डिटेल एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज साझा करने के दौरान पूरी सावधानी बरतें, साइबर अपराधियों के चंगुल में न आयें। पोल्ट्री फार्मिंग से महिला स्वावलंबन की दिशा में बहुआयामी लाभ कम लागत में प्रत्येक परिवार को प्राप्त होंगे। इससे किशोरियों के पोषण, महिलाओं के स्वावलंबन एवं अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।इस अवसर पर कई पदाधिकारी गण शामिल थे।



## सेल सैटेलाइट टाउनशिप में नवीनीकृत सीईटी इस्पात ट्रांजिट हॉस्टल का किया गया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सेल सैटेलाइट टाउनशिप में और नवीनीकृत सीईटी इस्पात ट्रांजिट हॉस्टल (आईईएच) का उद्घाटन किया गया7 उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि और कार्यपालक निदेशक (सीईटी) एसके वर्मा ने कहा कि यह उन्नयन रांची में सेल इकाइयों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल बुनियादी ढांचे की दिशा में निरंतर विकास का हिस्सा है।

उल्लेखनीय है कि आईईएच को हाल ही में आईजीबीसी द्वारा ग्रीन बिल्डिंग के लिए 3-स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया है और यह सेल की पहली प्रमाणित ग्रीन बिल्डिंग है। इस समारोह में कार्यकारी निदेशक (एसएसओ) अनूप कुमार, कार्यकारी निदेशक (डीटी) वेद प्रकाश और मुख्य महाप्रबंधक एवं प्रभारी (एचआरडी) संजय धर उपस्थित थे। कार्यकारी निदेशक (सीईटी) ने अपने अनुभव, भविष्य की योजनाओं को साझा किया और इस उपलब्धि के लिए सीईटी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यकारी निदेशक (एसएसओ) ने उन्नयन से पहले और बाद की सुविधाओं के बारे में भी अपने अनुभव साझा किए। इस समारोह में अन्य गणमान्य व्यक्ति, रांची स्थित सेल इकाई के महाप्रबंधक, सीईटी के विभागाध्यक्ष और अन्य अतिथि उपस्थित थे। राजू जायसवाल, महाप्रबंधक (सीएंडएस) मंच के वक्ता थे। आनंद कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (सीएंडएस) ने उन्नयन यात्रा की संक्षिप्त झलक प्रस्तुत की। हेमू टोप्पो, महाप्रबंधक एवं प्रभारी (सीएंडएस) ने समारोह के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया।

### एत्तेकाब से बाहर आए लोग, सबसे कम उम्र कैफ ने भी किया एत्तेकाब

**रांची ।** ईद का चांद नजर आने के बाद, बाद नमाज मगरीब जमीयतुल कुरैश पंचायत कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला का ऐतिहासिक जामा मस्जिद में एत्तेकाब पर बैठे चार लोग जिसमें मो सरवर, शब्बीर कुरैशी,तंजीम और सबसे कम उम्र कैफ रजा का एत्तेकाब पूरा होने के साथ ही सभी एक साथ मस्जिद से बाहर आए। इस मौके पर जामा मस्जिद के ईमाम ओ खतीब मंजूर हसन बरकाती, मोअज्जीन हाफीज शाहीद सहित जमीयतुल कुरैश पंचायत के सदस्यों व मुहल्ले के लोग शामिल हुए। सलात ओ सलाम पढ़ा गया और दुआएँ की गई।

## देश विभाजन के दौरान मानसिक रोगियों पर केन्द्रित टोबा टेक सिंह नाटक के कलाकारों ने झकझोर डाला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सआदत हसन मंटो द्वारा लिखित प्रसिद्ध नाटक टोबा टेक सिंह का निर्देशन भारतीय जन नाट्य संघ इप्टा रांची जिला सचिव सुमेधा मल्लिक द्वारा किया गया ।

यह नाटक एक व्यंग्यात्मक लघु कथा है जो भारत के विभाजन के बाद लाहौर के पागलखाने में बंद पागलों की कहानी है, जो एक ऐसे बेतुके विभाजन पर व्यंग्य करती है।

भारत और पाकिस्तान के विभाजन के बाद लाहौर के पागलखाने में बंद पागलों की अदला-बदली पर केंद्रित है। कहानी का मुख्य पात्र बिशन सिंह है, जो टोबा टेक सिंह नामक शहर से है, और वह पागलखाने में बंद है। भारत और पाकिस्तान की सरकारों ने पागलखाने में बंद पागलों की अदला-बदली करने का फैसला किया, जिसमें बिशन सिंह को भी भारत भेजा जाना था। बिशन सिंह को जब पता चलता है कि उसका शहर टोबा टेक सिंह अब पाकिस्तान में है, तो वह जाने से इनकार कर देता है और चिल्लाता है कि टोबा टेक सिंह कहाँ है? भारत में या पाकिस्तान




में इन मानसिक रुप से बीमार पागलों के दिमाग में किस तरह से कौतूहल मचा हुआ था उसे रंगमंच पर उतरने का जो काम लेखक सआदत हसन मंटो ने किया है वह काबिले तारीफ है। इस नाटक को शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु सुखदेव के शहादत दिवस के दौरान बीते रविवार 23 मार्च को शरफरोस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें पेंटिंग प्रतियोगिता से शुरुआत हुई थी और 30 मार्च को पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत वितरण किया गया। इसी उपलक्ष्य में बच्चों के नृत्य से कार्यक्रम की शुरुआत की गई,इसके बाद सआदत हसन मंटो का प्रसिद्ध नाटक टोबा टेक सिंह का भी यूनियन क्लब सभागार में किया गया ।

इस नाटक में इप्टा के कई कलाकारों ने हिस्सा लिया और अपने-अपने किरदार को जीवंत करने में अपनी तरफ से पूरी कोशिश की। इन कलाकारों ने पात्र को जीने का कोशिश किया। मुख्य रूप से डॉक्टर की भूमिका में सुमेधा मलिक, फौजी के भूमिका में प्रशांत, वकील बने पीयूष, प्रोफेसर अंजलि, चना वाला सौरभ ,नर्तकी ऐश्वर्या , कवित्री आस्था, चपरासी रोशन , फजल विवान, मुलाकाती एगनेटिश ने निभाया।

इस मौके पर भारतीय जन नाट्य संघ इप्टा झारखंड के पूर्व कार्य अध्यक्ष श्यामल मलिक, प्रदीप तरफदार, विनय भूषण, श्यामल चक्रवर्ती सोंटा, अधिवक्ता कलाम रशिदी, अजय सिंह, प्रवीण कर्मकार, परवेज कुरैशी सहित एकता के कई कलाकार व पदाधिकारीकरण शामिल थे।

## आर्म्स एक्ट के संलिप्त अभियुक्त बरी, दरोगा संध्या टोपनो को क्या मिलेगा न्याय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : सिविल कोर्ट रांची के अपर न्यायायुक्त की अदालत ने पुलिस की लापरवाही के कारण एक बार फिर आर्म्स एक्ट समेत अन्य आरोपों के संलिप्त अभियुक्त को बरी कर दिया। इस बार सात साल पुराने मामले में लालपुर थाना के तत्कालीन सब-इंस्पेक्टर रमोद कुमार सिंह ने अदालत में आर्म्स एक्ट समेत अन्य आरोप में दर्ज प्राथमिकी को साबित करने नहीं पहुंचा। इतना ही मामले के अन्य पुलिसकर्मी व अन्य गवाह भी नहीं पहुंचा। अदालत ने एक नहीं दो-दो संबंधित थाना प्रभारी, एसएसपी रांची एवं डीजीपी को लेटर भेजकर गवाहों को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। बावजूद सात साल पुराने में एक भी गवाह अदालत तक नहीं पहुंचा। जिसका लाभ आर्म्स एक्ट समेत अन्य आरोप में ट्रायल फेस कर रहा आरोपी लोअर बाजार के चडरी, लाइन टैंक रोड निवासी कन्हैया मंडल को मिला।अपर न्यायायुक्त 7 की अदालत ने आरोपी को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। घटना को लेकर तत्कालीन लालपुर थाना प्रभारी ने 9 अक्तूबर 2018 को प्राथमिकी दर्ज की थी। मामले में अदालत ने फरवरी 2019 में आरोपी के खिलाफ आरोप तय किया। इसके बाद अदालत आरोपी पर लगे आरोप को साबित करने के लिए गवाहों को बुलाने को कहा। लेकिन एक भी गवाह अदालत तक नहीं पहुंचा। इसी मामले में दो आरोपी प्रमार्थी मिश्रा एवं बबलू राणा को बीते साल साक्ष्य के अभाव में बरी किया गया था। वहीं इसी मामले में नामजद मोहित कुमार वर्मा, प्रवेश कुमार, राजेश प्रसाद, नारायण उरांव व सुनील कच्छप से जुड़ा मामला लंबित है। मामला अभी भी उपस्थिति पर ही चल रहा है। लालपुर थाना टीम ने सभी को डैकती की योजना बनाते मोरहाबादी के फुटबॉल स्टेडियम के निकट पकड़ा था।



**क्या संध्या टोप्पनो को मिलेगा न्याय:** जिस तरह से लालपुर मामले में पुलिस कि लापरवाही से अभियुक्त को बरी कर दिया गया और यह कोई नई बात नयी नहीं है, इससे पहले भी कई घटनाओं में पुलिस की लापरवाही सामने आ चुकी है। फिर भी 20 जुलाई 2022 को टीपू दाना ओपी की सहायक पुलिस निरीक्षक संध्या टोपनो को गौ तस्कर की पिकअप वैन के द्वारा कुचल दिया गया था जिसमें उसकी मौत हो गई थी, अब इस मामले में अभियुक्तों को सजा मिलेगा या नहीं मिलेगा इसके न्याय में मृतक संध्या टोपनो के परिजन आज भी बाट जो रहे हैं।

## संस्कृत सनातनी भाषा है, प्रत्येक भारतीय को इसका अध्ययन करना चाहिए : स्वामी परिपूर्णानंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** संस्कृत भारती झारखंड प्रांत का प्रदेशस्तरीय दो दिवसीय प्रांत सम्मेलन का शुभारंभ रविवार को नामकुम स्थित आचार्यकुलम विद्यालय के सभागार में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वामी परिपूर्णानंद ने कहा कि किसी भी भाष्य या टीका का अध्ययन भाषा ज्ञान के बिना असंभव है। संस्कृत भाषा सनातनी और प्राचीन भाषा है, इसका अध्ययन प्रत्येक भारतीय को करना चाहिए। किसी भी व्यक्ति के अभ्युदय का स्रोत स्वधर्म है और यह गीता के अनुसार योग बुद्धि से ही संभव है। योग बुद्धि से चित्त अर्थात् अंतःकरण निर्मल हो जाता है, जिससे सत् ज्ञान को धारण करने में सहायता मिलती है। अध्यक्षीय भाषण में चंद्रकांत शुक्ल ने कहा कि पृथ्वी की सृष्टि एक अरब, 95 करोड़, 58 लाख, 126 वर्ष पूर्व आज ही के दिन हुई थी। इस हिंदू नववर्ष संवत्सर का नाम सिद्धार्थ है। उन्होंने प्रतिनिधियों को संस्कृत भाषा की उपयोगिता और कार्य क्षेत्र के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रोत्साहित किया। इस सम्मेलन के मुख्य वक्ता हुलास चंद्र ने कहा कि सतयुग में ज्ञान शक्ति, त्रेता में मंत्र शक्ति, द्वापर में युद्ध शक्ति और कलयुग में संघ शक्ति से समाज में परिवर्तन लाया जा सकता है। कोई भी कार्य समाज को सही दिशा प्रदर्शित करने के लिए करना चाहिए। उपदेशों को जानने से अधिक उसे व्यवहार में लाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सारस्वत अतिथि दिव्य स्वामी ने कहा कि जिस भाषा का अभ्यास मुख से होता है, उसी से संबंधित विचार मस्तिष्क में आते हैं।

# पिपरवार कोयलांचल में आज मनाया जाएगा ईद का त्योहार

# शरारती तत्व एंव मनचलो पर होगी कड़ी कारवाई : प्रशांत मिश्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में मुस्लिम समुदाय का सबसे बड़ा त्योहार ईद आज मनाई जाएगी।ईद को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।रविवार की शाम ईद का चांद दिखने के साथ ही लोग इसकी तैयारी में लग गए।कोयलांचल क्षेत्र के सभी बाजारो मे भीड़ देखी गई।लोग सेवई सहित अन्य सामानो की खरीदारी करते देखे गये।इधर ईद का चांद दिखने के साथ ही कोयलांचल क्षेत्र के सभी मस्जिदो और ईदगाह में नमाज अदा करने को लेकर संबंधित



अंजुमन कमेटी के द्वारा समय की घोषणा कर दी गई है।जानकारी के अनुसार बचरा जामा मस्जिद में सुबह 7꞉30 बजे,राय जामा मस्जिद में सुबह 8꞉30 बजे,नूरी मस्जिद कल्याणपुर में सुबह 8꞉00 बजे,बड़ी मस्जिद कल्याणपुर में सुबह 8꞉00 बजे,न्यूमंगरदाहा मस्जिद में सुबह 8꞉30 बजे,बहेरा ईदगाह में सुबह 8꞉30 बजे,पुरानीराय मस्जिद में 8꞉30 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी।संबंधित अंजुमन कमेटी के लोगों ने क्षेत्र के लोगों से समय से पूर्व उपस्थित होकर ईद की नमाज अदा करने की अपील की है।

**सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में ईद त्यौहार को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम किया गया है।पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र के सभी मस्जिदों और ईदगाह के बाहर पुलिस बल के जवानों को सुरक्षा में तैनात किया जा रहा है।इसके अलावा शरारती तत्वों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।उन्होंने कहा कि पुलिस सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रखी हुई है।किसी भी प्रकार के अफवाह और धार्मिक उन्माद फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।उन्होंने सभी लोगों से आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की है।त्योहार से पूर्व पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने सशस्त्र बल के जवानों के साथ इलाके का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

## मस्जिद व ईदगाह में ईद की नमाज का समय निर्धारित

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड में चांद दिखने के बाद ईद उल फितर की विशेष नमाज विभिन ईदगाहों और मस्जिदों में पढ़ी जाएगी। विशेष नमाज को लेकर इटकी सहित विभिन्न गांवों के कमिटियों द्वारा ईद की नमाज का समय निर्धारित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इटकीमुख्य ईदगाह में साढ़े आठ बजे, गढ़गांव ईदगाह में साढ़े सात बजे, कुर्गी ईदगाह में साढ़े आठ बजे इटकी जामा मस्जिद में सात बजे, जाफर मस्जिद में आठ बजे, मदीना मस्जिद में पौने आठ बजे, मस्जिदे आयशा , कुंदी मस्जिद में सात बजे व ईदगाह में आठ बजे ,मोरो में सवा आठ बजे, रानिखटंगा मस्जिद, तुरुगुरु मस्जिद, फिरदौस नगर इटकी स्टेशन में ईद की विशेष नमाज पढ़ी जाएगी।

## परिवहन विभाग ने चलाया सघन वाहन जाँच अभियान

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने एवं ओवर स्पीडिंग पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है.जांच के दौरान दो पहिया,चार पहिया एवं अन्य हल्के 28 वाहनों से लगभग 45,550 रुपया की जुर्माना लगाई गई है.उल्लेखनीय है की जिला में परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाने एवं ओवर स्पीडिंग पर रोक लगाने के उद्देश्य से एवं जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पी एम कुजूर के निर्देशानुसार में जिलें के महेशपुर थाना अंतर्गत महेशपुर-पश्चिम बंगाल सोनारपाड़ा बॉर्डर चेक पोस्ट पर दो पहिया सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी के कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर प्रज्ञानंद प्रजापति एवं जिला एनज़आईज़सीज़ कार्यालय पाकुड़ के अंकित कुमार आईज़रेड ज़ मैनेजर के द्वारा पश्चिम बंगाल से पाकुड़ जिला में प्रवेश करने वाले दो, चार पहिया एवं भारी एवं हल्के मालवाहक वाहनों व अन्य वाहनों का हेलमेट इंश्योरेनस,आर0सी0बुक, फिटनेस,प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस,ओवरलोडिंग,आदि के साथ साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई। जांच के दौरान सभी 30 दो पहिया वाहनों सहित अन्य 07 हल्के एवं बड़े वाहनों की जांच की गई जिसमें 28 वाहनों में ओवरस्पीड,हेलमेट एवं अन्य वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए उन सभी वाहनों के वाहन चालकों से नियम संगत जुर्माना ई पॉस मशीन के माध्यम से चालान निर्गत की गई.जिसमें लगभग कुल 45,550 रुपया जुर्माना की राशि ली गई।वाहन जांच कर रहे कर्मियों के द्वारा बताया की जांच के दौरान 24 दो पहिया से हेलमेट नहीं पहनने एवं अन्य 4 बड़ी वाहनों का पेपर फ़ेल,फिटनेस,टैक्स फेल,ओवरलोड एवं रिफ्लेक्टिव टेप नही लगा होने के कारण लगभग 45,550 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन

**कोटालपोखर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है.इस अवसर पर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई.जिसमें 351 महिलाओं ने भाग लिया. कलश यात्रा में रंग बिरंगी परिधानों में सजी 351 महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया.कलश शोभायात्रा शांति मोड़ दुर्गा मंदिर प्रांगण से शुरू हुआ, जो गाजे बाजे के साथ गनी चौक,काली मंदिर,रेलवे फाटक बजरंग मंदिर,होते हुए गांधी मोहल्ला चैती दुर्गा मंदिर, जीवनपुर रोड होते हुए राधा कृष्ण मंदिर का भ्रमण करते हुए थाना रोड, सार्वजनिक दुर्गा मंदिर पहुंचा जहां प्रसिद्ध कथा वाचिका परम पूज्य कृष्ण प्रिया जी के देखरेख में विद्वान पंडितों द्वारा पूरे विधि विधान से मंत्रों उच्चारण के बीच कलश में गंगा का पवित्र जल उठाया गया जहां से पूरे कोटलपोखर का भ्रमण करते हुए कलश यात्रा मंडप पहुंची.वहां जल भर कर कलश को स्थापित किया गया.कलश यात्रा के दौरान सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भी साथ चल रहे थे.श्रद्धालुओं द्वारा ओम नमः शिवाय, श्री शिवाय नमस्तुभ्यं उद्घोष किया जा रहा था.जिससे जिधर से कलश यात्रा गुजरी उधर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया.इस शिव महापुराण कथा का आयोजक समिति द्वारा बताया गया की प्रसिद्ध कथा वाचिका परम पूज्य कृष्णप्रिया जी के श्रीमुख से प्रतिदिन शाम में 5꞉00 बजे से शिव महापुराण कथा का पाठ प्रारंभ होगा एवं 8꞉00 बजे तक चलेगा. एवं पूर्णाहुति उपरांत प्रसाद वितरण किया जाएगा.कोटालपोखर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालु शिव महापुराण कथा को सुनने आएंगे. 4 अप्रैल 2025 तक चलेगा एवं 5 अप्रैल 2025 को महा भंडारा का आयोजन किया जाएगा.मौके पर शिव महापुराण समिति के अध्यक्ष लालजी साह, कोषाअध्यक्ष डॉक्टर सोनू भगत,संजय प्रसाद साह,जयंत कुमार टार्जन, अरुण कुमार साह, विकास भगत,विनोद भगत,मनोज भगत, प्रदीप भगत,मनोज साह, सुनील साहिल, दुर्गेश साह,अजीत कुमार साह, पीयूष मिश्रा,अशोक साह,सरोज झा, राजकुमार भगत,पंकज गुप्ता, रितेश भगत, प्रकाश साह एवं अन्य उपस्थित थे.

## बारबेक्यू नेशन ने धनबाद के बाजार में प्रवेश किया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड में अपना विस्तार करते हुए, भारत की अग्रणी कैजुअल डाइनिंग चेन बारबेक्यू ने धनबाद में सरायढेला के अलौकिक बिल्डिंग में अपना पहला आउटलेट खोला है। 4,300 वर्ग फुट के इस रेस्टोरेंट में आकर्षक आंतरिक साज-सज्जा है और इसमें 104 मेहमान बैठ सकते हैं। यह रेस्टोरेंट कॉर्पोरेट लंच और पारिवारिक समारोहों के लिए भी उपयुक्त है।बारबेक्यू नेशन हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड की क्षेत्रीय प्रबंधक (पूर्व) सुमन मुखर्जी ने कहा, ÷बारबेक्यू नेशन को धनबाद में लाना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हमारा लक्ष्य अपने मेहमानों को अपनी विशिष्ट आतिथ्य और उत्कृष्ट सेवा के साथ एक यादगार डाइनिंग अनुभव प्रदान करना है।÷यह आउटलेट शाकाहारी और मांसाहारी व्यंजनों के मिश्रण के साथ एक विस्तृत बुफे प्रदान करता है।

## पैनासोनिक ने अपनी 2025 एसी लाइन-अप पेश की

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया - एयर कंडीशनर (एसी) के निर्माण में 65 से अधिक वर्षों की विशेषज्ञता वाली एक अग्रणी विविध प्रौद्योगिकी कंपनी ने आज पूर्वी भारत में एयर कंडीशनर की अपनी 2025 लाइन-अप पेश की और रांची हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। पैनासोनिक के आवासीय एयर कंडीशनर (आरएसी) की नई रेंज को स्मार्ट जीवन को फिर से परिभाषित करने और चरम गर्मियों के दौरान 55?ष्ट (55 डिग्री सेल्सियस) तक के उच्च परिवेश के तापमान को झेलने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## कोयला लदा बाइक व साइकिल जब्त

**हिरणपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के हाथीगढ़ मोड़ के समीप पेट्रोल पंप के निकट पुलिस ने छापेमारी कर कोयला लदे तीन बाइक एवं एक साइकिल को जब्त किया है। उक्त कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर थाना के एसआई गोपाल महतो ने की है। इस संबंध में गुप्त सूचना मिली थी कि बाइक के माध्यम से अवैध रूप से कोयले की तस्करी की जा रही है। इसी सूचना पर पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर कार्रवाई की है। वहीं मौके पर पुलिस को देख कर कोयला लदे बाइक चालक फरार हो गए। इस संबंध में थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में अवैध कारोबार एवं तस्करी के खिलाफ आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

## बीपीओ ने मनरेगा योजनाओं का किया निरीक्षण

**पाकुड़िया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी जगदीश पंडित ने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर संचालित विकास योजनाओं का निरीक्षण किया।इस दौरान बीपीओ ने प्रखंड के पाकुड़िया एवं मोगलाबांध पंचायत अंतर्गत विभिन्न गांवों का दौरा कर विरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी, अबुआ आवास,बिरसा सिंचाई कुप , मुख्यमंत्री पशुधन योजना सहित अन्य योजनाओं का निरीक्षण किया.उन्होंने मोगलाबांध एवं हरिपुर गांव में बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत वृक्षारोपण को लेकर लाभुक बास्की राय, लुखी हेंब्रम, फ्रांसीस किस्कू,लालजी किस्कु, रूबिनाथ मरांडी, मुकुल किस्कू, जोगोसुरी हांसदा,सुरुजमुनि मरांडी,सिमोन टुडू सहित अन्य लाभुकों का स्थल में कार्य प्रारंभ हेतु लेआउट कर इसे प्राक्कलन के अनुरूप अविलंब पूरा करवाने का निर्देश कनीय अभियंता को दिया।

## एक दिवसीय कलश यात्रा एवं श्री श्री रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत लोसेरा गांव में शनिवार को एक दिवसीय क्लश यात्रा के साथ श्री श्री रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया गया। सुबह से ही महिलाएं लोसेरा गांव के शिव मंदिर पहुंचे।साथ ही कलश लेकर नदी पहुंचे जहां पुजा अर्चना के बाद महिलाएं लंबी लाइन की कतार बनाकर माथे में क्लश लेकर ऊं नमः शिवाय के नारे लगाते हुए आयोजन स्थल शिव मंदिर पहुंचे साथ ही पुरोहित आचार्य शम्भू नाथ पाण्डे, पुरोहित शशिकांत मिश्रा एवं संजय पाण्डे द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर रुद्राभिषेक किया गया।शाम के समय पूर्णाहुति किया गया।साथ ही प्रसाद का वितरण



किया गया। इस रुद्राभिषेक में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं की काफी भीड़ जमी रही।रात्रि में बंगाल के कलाकारों द्वारा विराट छौ꞉ नृत्य का आयोजन किया गया। इस कलश यात्रा एवं श्री श्री रुद्राभिषेक की पूजन को सफल बनाने में अध्यक्ष राकेश वेदिया, सचिव प्रमोद वेदिया, संतोष मंडल, रामस्वरूप मंडल,लखीकांत वेदिया, गोपीनाथ मांझी, बासुदेव वेदिया,संजय मंडल, दिलेश्वर मंडल समेत लोसेरा गांव के सदस्यों का काफी सरहानिय योगदान रहा।

## रामनवमी पूजा समिति मतातू गठित, टिकेंश प्रसाद महतो अध्यक्ष चुने गए

## यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व बल्कि सामाजिक एकता व भाईचारे का प्रतीक भी है : सुफल महली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ओरमांझी :** प्रखंड क्षेत्र स्थित पांचा पंचायत के मतातू गांव के मंदिर के प्रांगण में रामनवमी पूजा को लेकर एक बैठक पांचा पंचायत के मुखिया सुफल महली के अध्यक्षता में किया गया। हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी रामनवमी पूजा हर्षोउल्लास के साथ मनाने के लिए चर्चा की गई। बैठक में सर्व सहमति से रामनवमी पूजा महासमिति का गठन किया गया। रामनवमी पर भव्य जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया। पंचायत के मुखिया सुफल महली ने सभी सदस्यों से श्री रामनवमी पूजा को सफल बनाने की तैयारी में जुट जाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व रखता है



बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रतीक भी है।जिसमें अध्यक्ष टिकेंश प्रसाद महतो,सचिव सुरेंद्र मुंडा व कोषाध्यक्ष मुखिया सुफल महली को मनोनीत किया गया। वहीं मुख्य सदस्य के रूप में बैजनाथ महतो,बंगाली करमाली, दीप नारायण महली, जनक किशोर महली,काशीनाथ महतो,संदीप महली, चुगललाल महतो,किशुन करमाली,लालचंद महतो, राजकिशोर महतो, रामगोपाल महतो,कैलाश महतो,महेंद्र महतो एवं गांव के ग्रामीण शामिल थे।

## सांसद मनीष जायसवाल और विधायक रोशनलाल चौधरी ने किया पिपरवार का दौरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशनलाल चौधरी ने रविवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।जानकारी के अनुसार बचरा पहुंचने पर सांसद मनीष जायसवाल और विधायक रोशनलाल चौधरी का स्थानीय कार्यकर्ताओं ने जोरदार ढंग से स्वागत किया।जिसके बाद पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में रामनवमी पूजा के अवसर पर अखाड़ा समितियो के बीच पारंपरिक शस्त्र का वितरण किया गया।कार्यक्रम में सांसद मनीष जायसवाल और विधायक रोशनलाल चौधरी ने बारी-बारी से सभी अखाड़ा समिति के बीच पारंपरिक शस्त्र का वितरण किया।सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा पिपरवार क्षेत्र के पांच पंचायतो के विभिन्न रामनवमी समिति के अखाड़ों के बीच शस्त्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांसद मनीष जायसवाल और विधायक रोशन लाल चौधरी ने सभी अखाड़ा समितियो को रामनवमी पूजा की बधाई दी।इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल, बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी, हजारीबाग लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र प्रसाद सिंह, बड़कागांव सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू,पिपरवार सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण कुमार मंडल,रविंद्र कुमार सिंह, मुखिया रीना देवी,भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा,आजसु नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह, अश्विनी दाराद,दिलीप कुमार अम्बष्ट,अनिल सिंह,अर्जुन महतों,अनिल पांडेय,बबीता देवी,अनिल यादव,कृष्ण मुरारी मोदी,सुनील प्रसाद, छोटन चटर्जी,पप्पू सोनी, शंकर सिंह,गोपाल सिंह, दीपक ओझा,संजय प्रसाद, बापी तालपात्रो,जगदीश महतो,प्रदीप महतो, शिवपूजन चौहान,मणिलाल महतो,धनराज भोक्ता,कारण महतो,माधुरी देवी,राघवेंद्र कुमार,सत्येंद्र प्रसाद,मुकेश कुमार,दिलेश्वर महतो, चुरामन महतो,मंगल साव, बबलू ठाकुर,मनोज कुमार ठाकुर,सिद्धेश्वर महतो,अवध ठाकुर,देवनाथ महतो सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## डीएवी बचरा के वरिष्ठ शिक्षक आरबी प्रसाद के सेवानिवृत होने पर दी गई विदाई




प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मंत्रोच्चारण के साथ विदाई समारोह का आयोजन किया गया।इस दौरान विद्यालय के वरीय विज्ञान शिक्षक आरबी प्रसाद के सेवानिवृत होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।उन्होंने डीएवी स्कूल में 25 वर्षो तक अपनी सेवा दी।वह मुख्य रूप से भौतिक विज्ञान के शिक्षक थे,पूरे लगन और आत्मविश्वास के साथ पढ़ाते थे।इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद विद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेशु चौधरी ने पुष्प गुच्छ प्रदान कर तथा शॉल ओढ़ाकर उन्हे सम्मानित किया।मौके पर प्राचार्या ने कहा कि आरबी प्रसाद एक योग्य अनुभवी और कर्मठ शिक्षक थे।वह बच्चों और अभिभावकों के बीच काफी लोकप्रिय और कार्य के प्रति निष्ठावान रहे हैं।डीएवी के प्रति उनके योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है।कार्यक्रम में उपस्थित सहयोगी शिक्षकों ने उनके उज्जवल एवं सुखमय जीवन की कामना की।वहीं सीसीए इंचार्ज एसके पांडेय ने उनसे जुड़ी लोकप्रिय अनुभव को साझा कर विदाई समारोह को और भी रोचक बनाया।इस मौके पर प्राचार्य डॉक्टर आर चौधरी,एपी द्विवेदी,एके लाल,सीएस सिंह,एसके पाण्डेय,जेएसपी शर्मा, शाहिद अंसारी,सुमित कुमार,आभा खन्ना,आरआर दत्ता,सुदिप्ता डे,अनिता सोनी,अकांक्षा मिश्रा सहित स्कुल के सभी शिक्षक मौजुद

## आवासीय बालिका तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र सिल्ली की अंजू गाड़ी और माधुरी कुमारी ने जीता कांस्य पदक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिल्ली :** 25 से 29 मार्च तक आयोजित मिनी राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन आंध्र प्रदेश के गुंटूर शहर में आयोजित की गई थी जिसमें आवासीय तीरंदाजी बालक बालिका प्रशिक्षण केंद्र सिल्ली के तीन तीरंदाज शामिल हुए जिसमें कंपाउंड डिवीजन में बालिका टीम ने कांस्य पदक लेकर केंद्र के साथ साथ रांची जिला और झारखंड राज्य का नाम रोशन किया टीम में शामिल सिल्ली केंद्र की अंजू गाड़ी, माधुरी कुमारी जोना डे बॉडिंग केंद्र की आरुषि कुमारी और जमशेदपुर की अनुष्का सिन्हा शामिल थी वहीं इंडियन राउंड में सोनी कुमारी ने चैंपियन का खिताब जीता इस उपलब्धि में छस्ह रांची शिवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रशिक्षक प्रकाश राम ,शिशिर महतो रोहित कोइरी ने बधाई दी

## पिपरवार के इस्लाम अंसारी को बनाया गया ऑल इंडिया कोल फेडरेशन का सदस्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** श्रमिक संगठन एनसीओईए सीटु के पिपरवार क्षेत्रीय सचिव इस्लाम अंसारी को ऑल इंडिया कोल फेडरेशन का लगातार दुसरी बार सदस्य बनाया गया है।जानकारी के अनुसार रांची के सीएमपीडीआई में संपन्न हुए सीटु के तीन दिवसीय 11वां ऑल इंडिया कोल वर्क्स फेडरेशन के सम्मेलन के दौरान सीटु के पिपरवार क्षेत्रिय सचिव इस्लाम अंसारी को लगातार दूसरी बार ऑल इंडिया कोल फेडरेशन का सदस्य बनाया गया है।इस संबंध में इस्लाम अंसारी ने बताया कि यूनियन के केंद्रीय नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है उन्हें वह पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ निभाने का काम करेंगे।कोयला मजदूरों के हक और अधिकार के लिए उनका संघर्ष लगातार जारी रहेगा। उन्होंने पिपरवार में यूनियन को मजबूत बनाने और कोयला मजदूरों को एकजुट करने की बात कही है।इधर इस्लाम अंसारी को ऑल इंडिया कोल फेडरेशन का सदस्य बनाए जाने पर सीटू पिपरवार क्षेत्र के कई लोगो ने उन्हें बधाई दी है।बधाई देने वालों मे गुरूदयाल सिंह, अमोलकांत मिश्रा,अब्दुल कुदूस,अजेस मुंडा,राम मुरमू,समसूल होदा, इम्तियाज अंसारी,बिनोद कुमार,रुखसार आलम,हैदर



अली,भुनेश्वर उरांव,बिनोद कुमार साव,बर्जुन गंझु, काशीनाथ मिस्त्री सहित यूनियन के कई लोगों का नाम शामिल है।

## नवरात्र के पहले दिन बिड़रा में मंगल कलश यात्रा एवं 9 कुण्डीय गायत्री यज्ञ संपन्न



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा के बिड़रा गांव में रविवार को सुबह मंगल कलश यात्रा एवं तत्पश्चात गायत्री यज्ञ का आयोजन हुआ। इसमें लगभग 351 लोग कलश यात्रा मे शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में बिड़रा पंचायत के मुखिया काजल सिंह, उप मुखिया गोपाल गोराई व ग्राम प्रधान विकास महतो शामिल हुए। इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में गायत्री परिवार के प्रफुल्ल महतो, हिमांशु महतो, दमयंती महतो, भाकडू सहिस, राज नारायण दत्ता, दुर्योधन सहिस, शक्ति सिंह, भरत नमाता, अशोक महतो, जिहूड़ कैबर्त, पंचानन महतो दुर्गाचरण रुहिदास, दलगोबिन्द महतो, गोपेश्वर रजक, सृस्टिधर रजक, लक्खी महतो, रामनारायण महतो, तिलोकतमा कालिंदी, अनुश्री महतो, ममता महतो, सरूप सरकार, नारायण प्रामाणिक, सनत महतो, गंगा कैबर्त महाबीर कैबर्त व मथुर महतो आदि लोग उपस्थित थे।

## दगड़ीगोड़ा आश्रम में बनेगा जगन्नाथ महाप्रभु का मंदिर, निर्माण के लिए तैयारी बैठक 2 को



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा प्रखंड के दगड़ीगोड़ा स्थित श्री श्री हरि साधना आश्रम में महाप्रभु जगन्नाथ का मंदिर निर्माण एवं गोपालपुर गांव में मौसीबाड़ी का निर्माण के लिए बांग्ला नववर्ष ( 15 अप्रैल) के उपलक्ष्य पर भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसकी तैयारी हेतु 2 अप्रैल को आश्रम परिसर में एक बैठक आहूत की गई है। बैठक में प्रखंड के सभी 15 पंचायतों के विशिष्ट लोगों को शामिल होने के लिए आह्वान किया गया है। इस बात की जानकारी देते हुए आश्रम संचालक शंभु दास बाबाजी ने बताया कि मंदिर निर्माण होते ही इस साल पहली बार रथ यात्रा भी निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि गोपालपुर गांव में महाप्रभु जगन्नाथ जी का मौसीबाड़ी निर्माण के लिए सेवानिवृत्त शिक्षक गिरिजा प्रसाद मिश्रा ने दो डिसमिल जमीन दान करने की घोषणा की है।

## नवरात्र के पहले दिन केतुंगा में आयोजित शिविर में 42 लोगों ने किया रक्तदान



**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मार्च महीने से लेकर जून महीने तक टीम पीएसएफ गर्मी के प्रकोप के बीच शहर से लेकर सुदूरवर्ती गांव तक एक महा अभियान चला रहा है। रविवार को इसी कड़ी में सुदूरवर्ती गांव नीमडीह प्रखंड के केतुंगा में युवा संघ के द्वारा प्राथमिक विद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। चिलचिलाती धूप होने के बावजूद क्षेत्र के युवाओं ने एकजुटता दिखाई। उद्देश्य रहा तो सिर्फ और सिर्फ इस गर्मी में भी अगर हम रक्तदान करेंगे, तभी अस्पताल में इलाजरत जरुरतमंदों को समय पर रक्त मिल पाएगा। इसी सोच को लेकर आज 42 युवाओं ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर को टीम पीएसएफ एवं जमशेदपुर ब्लड सेंटर ने सहयोग प्रदान किया। शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से परिक्षित महतो, सतीश महतो, नृपेन्द्र नाथ महतो, जगन्नाथ महतो, आशीष महतो, करमू महतो, पवन महतो, शिवनाथ महतो, धनंजय महतो, कार्तिक महतो, सुधांशु महतो, देवेन महतो, प्रबीर गोराई, कृष्णपद मंडल, मनोज महतो व विजय कुमार महतो आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## गम्हरिया में रेल लाइन से महिला का सर कटा शव बरामद, हत्या की आशंका



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गम्हरिया-सीनी रेलखंड पर पर पोल संख्या 263/1 और 262/33ए थर्ड लाइन के बीच से पुलिस ने एक अज्ञात महिला का शव रविवार की सुबह बरामद किया है। महिला की किसी धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर शव को रेल लाइन पर फेंक दिया गया है। हत्यारो ने महिला के गर्दन, दोनों हाथ और नाजुक अंगों को भी धारदार हथियार से काट दिया है। रविवार की सुबह सूचना मिलने के बाद आरपीएफ सब इंस्पेक्टर गीतेश कुमार राय और गम्हरिया पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मृत महिला की पहचान अभी हुई है। बताया गया है कि महिला की कहीं और दुष्कर्म एवं हत्या की गई होगी और शव को छुपाने के उद्देश्य से शव पटरी के बीचोबीच छोड़ दिया गया है, ताकि मामला एक दुर्घटना प्रतीत हो। पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है। रेल लाइन पर महिला का बॉडी पड़ा था जबकि उसका सर और हाथ अलग अलग जगहों पर था। पुलिस ने बताया कि जब तक शव की पहचान नहीं होती है, तब तक घटना के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा सकती है।

## सेवानिवृत्त कर्मचारी को दी गई विदाई



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रेलवे के पीडब्ल्यूआई विभाग गम्हरिया में एक समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त कर्मचारी प्यारेलाल साहू को अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता करते हुए विभागीय अधिकारी एसबी प्रसाद ने कहा कि प्यारेलाल विभाग के एक कर्मठ, ईमानदार एवं लगनशील कर्मचारी थे। विगत 12 वर्षो तक वे यहां पदस्थापित रहे। इस दौरान उन्होंने अपने सहकर्मियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य किया। उन्होंने उनके उज्ज्वल व सुखी जीवन के साथ दीर्घायु होने की कामना की। समारोह को कई कर्मचारियों ने संबोधित किया व उनके कार्यकाल को यादगार बताया। इस मौके पर विभाग के अधिकारियों व सहकर्मियों द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ पहना कर व उपहार प्रदान कर विदाई दी गई। इस मौके पर पीके मिश्रा, एचके शर्मा, मनोज कुमार, निरंजन सरदार, सुरेश कुमार, अनिल, परमानंद, अरुण, सचिन्द्र, राजेश, मनीष, राजन, गंगाधर प्रधान व रमेश सिंह समेत कई कर्मचारी उपस्थित थे।

# नक्सली संगठन के नाम पर लेवी मांगने के आरोप में पांच कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

### एसपी ने कहा : अपराधियों के इसके पूर्व भी कई मामले हैं थाने में दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** नक्सली संगठन के नाम पर लेवी मांगने के आरोप में सरायकेला जिला पुलिस ने पांच कुख्यात अपराध कर्मियों को हथियार एवं घटना में प्रयुक्त मोबाइल समेत माओवादी पर्चा के साथ गिरफ्तार किया गया है। इसकी जानकारी रविवार को जिले के पुलिस कप्तान मुकेश कुमार लुणायत ने अपने कार्यालय कक्ष में दी। एसपी ने कहा कि खरसावां थाना के आमदा ओपी अंतर्गत रेलवे साइट पर दिनांक 24 मार्च की रात 6-7 अज्ञात लोगों के द्वारा पिस्टल और डंडा से साइट पर सो रहे मजदूरों के साथ मारपीट कर पिस्टल का भय दिखाकर ठेकेदार से रंगदारी मांगने एवं बंद लिफाफे में पश्चिमी सब जोनल कमिटी भारत की कम्युनिष्ठ पार्टी (माओवादी) के नाम से लेटर पेड पर संगठन को 10 प्रतिशत रंगदारी लेवी मांगने और कंपनी के मुंशी को लगातार फोन कर रंगदारी की मांग करने के संबंध में खरसावां थाना कांड संख्या 30/2025 दिनांक 25. 3.2025 प्रतिवेदित पर घटना का तुरंत उद्भेदन करने हेतु उनके द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सरायकेला के नेतृत्व में गठित एसआईटी टीम गठित किया गया। एसआईटी के द्वारा त्वरित उद्भेदन करते हुए घटना में सम्मिलित पांच अपराध कर्मियों को तुरंत गिरफ्तार किया गया। वहीं गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्तों के पास से धमकी देने के लिए प्रयुक्त मोबाइल फोन, माओवादी के नाम से लेटर हेड पर्चा, एक देसी कट्टा और एक गोली एवं साथ में एक बाइक को भी जब्त किया गया है। एसपी ने कहा कि कांड में गिरफ्तार अभियुक्तों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है, जिसमें हत्या, रंगदारी, मारपीट, आर्म्स एक्ट, सीएलए एक्ट जैसे गंभीर अपराध में जेल जा चुके हैं। छापेमारी दल में समीर संवैया, गौरव कुमार, रमन कुमार विश्वकर्मा, अविनाश कुमार व रामरेखा पासवान आदि शामिल थे।

## रेलवे में वरिष्ठ नागरिकों की छूट बंद करने से आक्रोश, स्टेशन पर धरना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रेलवे द्वारा ट्रेन टिकट में वरिष्ठ नागरिकों की किराया छूट बंद करने का विरोध एक बार फिर शुरू हो गया। किराया में छूट की मांग पर सिंहभूम केन्द्रीय वरिष्ठ नागरिक समिति के सदस्यों ने शिवपूजन सिंह के नेतृत्व में रविवार को टाटानगर स्टेशन पर धरना दिया। इससे प्लेटफार्म नंबर एक दिन भर वरिष्ठ नागरिकों के नारेबाजी से गूंजता रहा। सिंहभूम केन्द्रीय वरिष्ठ नागरिक समिति के आंदोलन को जमशेदपुर की कई संस्थाओं ने भी समर्थन दिया है। मौके पर शिवपूजन सिंह ने कहा कि रेलवे ने वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा बंद कर अमानवीय कार्य किया है। स्टेशन पर रैंप नहीं बना हैं, न प्लेटफार्म के फुटओवर ब्रिज पर लिफ्ट या एस्केलेटर है। इससे वरिष्ठ नागरिकों को सीढ़ी चढ़ने में दिक्कत होती है। रेलवे को वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा पर ध्यान देना चाहिए।

## मानगो श्यामनगर के लोग तरस रहे बूंद-बूंद पानी के लिए, नदी के गंदे पानी पर निर्भर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर का तापमान बढ़ते ही पानी की समस्या धीरे-धीरे विकराल रूप लेते जा रही है। मानगो स्वर्णरेखा नदी के तट पर बसा श्यामनगर के लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। पानी की समस्या का समाधान नहीं होता देख स्थानीय लोगों ने पानी की समस्या की जानकारी पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह को दी। सूचना मिलने पर मौके में पहुंचे विकास सिंह को स्थानीय लोगों ने बताया कि विगत दो महीने से मोहल्ले में पानी की सप्लाई नहीं हुई है। लोगों ने नाराजगी जताते हुए बताया की स्वर्णरेखा नदी का गंदा पानी ही अब लोगों की जीवन रेखा बन गई है। पूरा मोहल्ला नदी के पानी का उपयोग पीने के साथ-साथ घरेलू कामकाज के लिए करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है की सैकड़ो पत्राचार विभाग के साथ-साथ जनप्रतिनिधि के कार्यालय में किया गया, लेकिन उनकी कोई नहीं सुनता।मौके में पहुंचे पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह ने कहा कि मामला गंभीर है। मानगो को सरकार ने नगर निगम क्षेत्र का दर्ज दिया है, लेकिन यहां की स्थिति किसी सुदूर गांव देहात क्षेत्र से भी अधिक बत्तर हो गई है। पानी की समस्या केवल राजनेताओं के लिए एक आंदोलन और अखबार में उपस्थित रहने का एक माध्यम बन गया है लेकिन लोगों को इस समस्या से निजात नहीं मिल रहा है। विकास सिंह ने कहा की विभाग द्वारा मामले का संज्ञान अगर जल्द नहीं लिया गया। लोगों को स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं कराया गया, तो लोग उग्र आंदोलन करेंगे। अगर नदी का गंदा पानी पीकर कोई व्यक्ति की तबीयत खराब होकर कोई बड़ी घटना घट जाती है तो उसके सीधे आरोपी जिले के उपायुक्त होंगे। विकास सिंह ने जिले के उपायुक्त से मामले को संज्ञान लेने की बात करते हुए कहा कि पीने के लिए अगर नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले लोग नदी के पानी का उपयोग करते हैं तो यह सीधे-सीधे राज्य और केंद्र सरकार के लिए एक काला दाग है। मौके में मुख्य रूप से विकास सिंह,रिंकी देवी, समिति प्रजापति, प्रमोदी गोराई, कल्पना देवी, शकुन्तला देवी, रंजू देवी, रीना देवी, सपना देवी, हितों देवी, ऊषा देवी, संगीता देवी, पूनम देवी, कुसुम देवी, सुमन देवी, रेनू देवी, बेचनी देवी, मंजू देवी, अंजू , सुचित्रा देवी, पूजा देवी, रूबी देवी, रेशमा देवी, मानती देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## टैलेंट सर्च एकेडमी ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के सफल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

### 2026 के विभिन्न प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग हेतु आयोजित हुई प्रतिभा खोज परीक्षा



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टैलेंट सर्च एकेडमी के अध्यक्ष हाराधन महतो और उनकी टीम के सार्थक प्रयास से रविवार को बोड़ाम प्रखंड की सुदूरवर्ती भूला पंचायत के प्राथमिक विद्यालय मोहनपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टैलेंट सर्च एकेडमी की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही 2026 के लिए राज्य के सुनामधन्य आवासीय विद्यालय पीएमश्री नवोदय, नेतरहाट, इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय और सैनिक स्कूल आदि में भर्ती हेतु प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें आसपास के गांवों से 90 प्रतिभागियों (5वीं कक्षा के) ने भाग लिया। 10 अव्वल आनेवाले प्रतिभागियों को टैलेंट सर्च एकेडमी द्वारा पुरस्कृत किया गया। अगले रविवार यानी 6 मार्च को सुबह 8 बजे से कोचिंग का शुभारंभ होगा जो पूरी तरह निःशुल्क होगी। मौके पर शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता लाने के लिए आपस में व्यापक चर्चा की गई। कार्यक्रम में शिक्षा में अलख जगाने वाले टैलेंट सर्च एकेडमी के सदस्य, विद्यालय के शिक्षक और स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रूप में टाटा वर्कर्स यूनियन के तीन बार के कमिटी मेम्बर रहे सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण कुमार ने कहा कि ग्रामांचल के प्रतिभाशाली बच्चों की प्रतिभा को निखारकर उन्हें आईएएस, आईपीएस, इंजीनियरिंग, डॉक्टर तथा टीचर्स आदि तक पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य है तथा इस कार्यक्रम में बुद्धिजीवियों का काफी समर्थन भी मिल रहा है। उन्होंने सभी के साथ में अपना अनुभव साझा किया। टैलेंट सर्च के अध्यक्ष हाराधन महतो ने कहा कि गांवों बहुत प्रतिभाएं है बस उसे तलाश कर निखारने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा एकेडमी के द्वारा निःशुल्क कोचिंग के माध्यम से अब तक 70 से भी ज्यादा छात्र-छात्राएं पूर्वी सिंहभूम जिले के पीएमश्री नवोदय विद्यालय, बहरागोड़ा में कक्षा 12 तक निःशुल्क पढ़ाई कर रहे हैं और सैकड़ो छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय तथा राज्य स्तरीय मेधा खोज प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार हमारी टीम ग्रामीण क्षेत्र में गुणात्मक और प्रतिस्पर्धात्मक पढ़ाई की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। टैलेंट सर्च एकेडमी के शिक्षक उदय गोप ने कहा कि हमारे सभी शिक्षकों का लक्ष्य है बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और एक सकारात्मक माहौल का विकास हो। मौके पर मुख्य रूप से शिक्षक उमेश, उत्तम व बृन्दावन आदि के साथ अभिभावकों ने भी आपस में शिक्षा में सुधार हेतु विचार- विमर्श किया।

## क्रिकेट लीग फॉर सिख में युवा दिखाएंगे अपनी खेल प्रतिभा का जौहर को-ऑपरेटिव कॉलेज मैदान में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी (सीजीपीसी) के तत्वावधान में आगामी 7 से 9 अप्रैल तक बिस्टुपुर स्थित को-ऑपरेटिव कॉलेज मैदान में सिख युवाओं के लिए तीन दिवसीय प्रथम टेनिस बॉल क्रिकेट लीग फॉर सिख (सीएलएस) के दूसरे संस्करण का आयोजन किया जाएगा। सीजीपीसी के प्रधान सरदार भगवान सिंह, महामंत्री अमरजीत सिंह और गुरचरण सिंह बिल्ला ने रविवार को सीजीपीसी कार्यालय में स्पोर्ट्स विंग के सदस्य बलजीत संसोआ, सुखदेव सिंह बिट्टू, गुरनाम सिंह बेदी ने संवाददाता सम्मलेन में लीग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सिख खिलाड़ियों को उचित प्लेटफार्म देने के लिए सीजीपीसी यह पहल पिछले वर्ष की थी और लीग की अपार सफलता के बाद इसके दूसरे संस्करण के आयोजन को लेकर भी उत्साहित है। आयोजन समिति के निदेशक प्रधान भगवान सिंह ने कहा कि सीजीपीसी का उद्देश्य है कि कोल्हान का हर सिख युवा मोबाइल की आभाषी दुनिया को छोड़कर इस मायाजाल से बाहर आएं और खेल के मैदान में पसीना बहाकर अपना जौहर दिखाए। अमरजीत सिंह और गुरचरण सिंह बिल्ला ने बताया कि विजेता टीम को चैंपियनशिप ट्रॉफी सहित 5000 व उपविजेता टीम को 2500 रुपए नकद पुरस्कार स्वरूप दिए जाएंगे। इसके अलावा सभी मैच के प्लेयर ऑफ़ द मैच, प्लेयर ऑफ़ सीरीज, सर्वश्रेष्ठ बैटर और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ के साथ विजेता और उपविजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को पदक देकर पुरस्कृत किया जाएगा। सरदार शैलेन्द्र सिंह ने अभिभावकों से अनुरोध किया है कि खेल के इस भव्य आयोजन का अपने बच्चों को हिस्सा अवश्य बनायें।

## जेंडर हिंसा एवं बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता के लिए फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सामाजिक संस्था युवा (यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन) ने गर्ल्स फास्ट फंड के सहयोग से तेंतला में एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया। इस टूर्नामेंट में लड़कियों की चार टीमों और लड़कों की चार टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। युवा की सदस्य अंजना देवगम ने टूर्नामेंट के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि इसका मुख्य लक्ष्य बाल विवाह को रोकना और जेंडर आधारित हिंसा को समाप्त करना है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि समाज की रूढ़िवादी सोच को तोड़ना जरूरी है, जो यह मानती है कि फुटबॉल केवल लड़कों का खेल है। इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि लड़कियों को भी इस खेल में बराबरी का अवसर मिलना चाहिए। टूर्नामेंट में लड़कियों की टीम एफसी तेंतला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि नागा एफसी उपविजेता रही। लड़कों की श्रेणी में एमसी चारडीहा और तेंतला एफसी की टीमों ने विजयी स्थान प्राप्त किया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में तेंतला पंचायत के वार्ड सदस्य सुलोचना सरदार, अवंति सरदार, ग्राम प्रधान नंदलाल सरदार, भीम बास्के, बृजेश सरदार, सुनील सरदार, हीरा गोप, साथ ही युवा के सदस्य चांदमनी, रीला सरदार, किरण सरदार, अरूप मंडल, रतन पाल और युवा की लीडर किशोरियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह आयोजन न केवल खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सफल रहा, बल्कि सामाजिक बदलाव की दिशा में भी एक मजबूत कदम साबित हुआ।

## उमवि दामोदरपुर के 5 व भूला के 1 विद्यार्थियों को एकलव्य विद्यालय में मिली सफलता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025-26 का परिणाम गुरुवार को जारी किया गया। इसमें बोड़ाम प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय दामोदरपुर के पांच विद्यार्थी सफल हुए हैं। कक्षा 7 की प्रीतिलता सिंह और हिमानी सिंह, 6 के अंचिता सोरेन और मानिक सिंह, 5 के चिरगाल हांसदा शामिल हैं। विद्यालय के पांच विद्यार्थियों को एकलव्य आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता मिलने पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संतोष कुमार राय, शिक्षक हलधर पांडा, परितोष महतो, संतोष महतो, दीपक कुमार महतो, बाबू छोटेलाल ने हर्ष व्यक्त किया है।

## नवोदय परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र चंदन को जेएलकेएम ने किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के बांगुड़दा गांव के छात्र चंदन कुमार महतो को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 (वर्ग 6) में सफलता मिली है। इसकी जानकारी मिलने पर जेएलकेएम पार्टी के पटमदा प्रखंड कमिटी के सदस्यों ने रविवार को उनके घर जाकर चंदन को किताब देकर सम्मानित किया और बधाई दी। पटमदा प्रखंड कमिटी अध्यक्ष अनिल बास्के ने कहा कि चंदन नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण हो कर अपने गांव के साथ-साथ पटमदा प्रखंड का नाम रोशन किया है। चंदन से प्रेरणा लेकर कक्षा 5वीं में पढ़ाई कर रहे बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें और अगले वर्ष फिर ज्यादा से ज्यादा बच्चे पटमदा प्रखंड से सफलता प्राप्त करें, हमलोग सभी बच्चें के साथ है पुरा सहयोग करेगें। मौके पर चंदन के माता भवानी महतो, पिता पवन कुमार महतो, उनके शिक्षक संजीव कुमार महतो, जेएलकेएम पार्टी के पटमदा प्रखंड अध्यक्ष अनिल बास्के, जिला प्रवक्ता फनी महतो, फूलचांद मुर्मू, प्रदीप महतो, निर्मल महतो, प्रबीर महतो, श्यामा पद महतो, अजय महतो आदि उपस्थित थे।

## हम बुजुर्गों का सम्मान करेंगे तो कल हमारे बच्चे भी हमारा सम्मान करेंगे : संजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सुवर्ण वर्णिक समाज, कदमा शाखा की ओर से रविवार को कदमा स्थित समाज के भवन में 12वां वार्षिक बुजुर्ग एवं विधवा सम्मान सह वनभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के वरिष्ठ लोगों द्वारा कुलदेवी श्री श्री मां बाघेश्वरी देवी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाज के प्रदेश अध्यक्ष संजय पोद्दार ने कहा कि हमारे अभिभावक स्वरूप समाज के बुजुर्ग अपने आप को अकेला महसूस करते हैं। पहले के दिनों में घर में कुछ भी करने से पूर्व बुजुर्गों से राय लिया करते थे। पर अब बुजुर्गों को भूलाकर मोबाइल एवं इंटरनेट में लगे रहते हैं। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक संस्कृति एवं बुजुर्गों का सम्मान कैसे करनी चाहिए यह भी सिखाने की जरूरत है। जिला अध्यक्ष रवि माझी ने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान हर घर में होनी चाहिए। हम बुजुर्गों का सम्मान करेंगे तो कल हमारे बच्चे भी हमारा सम्मान करेंगे। कार्यक्रम को समाज के संरक्षक विश्वनाथ चंद्र, प्रदेश सचिव दीपक दत्ता, गोपाल दत्त, निर्मल चंद्र, दिलीप दत्त, संजय दत्त, सनोज चंद्र आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान 140 बुजुर्ग एवं विधवाओं को सम्मानित किया गया। मौके पर समीर दत्त, सनातन चंद्र, नेपाल माझी, अशोक साव, प्रशांत पोद्दार, महादेव सेन, अनिल मांझी, कंचन दत्त, उज्जवल दास, विनोद माझी, राजेंद्र दत्त, दुर्गा दत्त, राजू दास, दीपू मांझी, दुलाल साव आदि उपस्थित थे।

## शिरडी साईं चैरिटेबल ट्रस्ट ने 95 परिवारों में बांटे राशन किट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शिरडी साई चैरिटेबल ट्रस्ट जमशेदपुर के द्वारा रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा प्रखंड अंतर्गत डोगागरल और ढोलकोचा टोला के 95 परिवारों एवं 90 बच्चों के बीच डोगागरल उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में अन्नदान का कार्यक्रम किया गया। इसमें प्रत्येक परिवार को 7 किलो चावल,1 किलो दाल, एक पैकेट बिस्कुट, एक साबुन और 2 केले का पैकेट दिए गए। जबकि 90 बच्चों को एक पैकेट बिस्कुट और 1- 1 केला दिया गया। शिरडी साईं चैरिटेबल ट्रस्ट जमशेदपुर के संस्थापक विजय मेहता की देखरेख में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विजय मेहता, शरत चंद्रन, श्रीमती पूरबी घोष, बासुदेब चौधरी, सीसीएस राव, महेंद्र गुप्ता, रोहन मेहता, संतोष शर्मा, किशोर, योगेंद्र प्रसाद, चिंटू और विनय शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत में पूरबी घोष ने सभी को नए साल की शुभाकामनाएं दीं और महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए बच्चों को शिक्षा के लिए नियमित विद्यालय में भेजने के लिए प्रेरित की। इस दौरान साई बाबा की जय जयकार ध्वनि से पूरा माहौल गूंज उठा। अंत में विजय मेहता ने गांव के मुखिया तथा सभी का आभार प्रकट किया। बच्चे और महिलाओं के चेहरे में खुशी की झलक देख सभी का मन प्रसन्न हो गया।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# अवैध घुसपैठ को रोकने कानून

गृहमंत्री अमित शाह ने बीते दिन राष्ट्रीय सुरक्षा एवं अवैध आप्रवास से जुड़े विधेयक 'आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025' को प्रस्तुत किया, जो लोकसभा में पारित भी हो गया है। यह देखना हैरानी भरा है कि विपक्ष की ओर से विशेषकर कांग्रेस ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े इस विधेयक का पुरजोर विरोध किया। अपने विरोध को तार्किक दृष्टिकोण देने के लिए, कांग्रेस की ओर से कहा गया कि यह विधेयक संतुलित नहीं है, इस कारण इसका दुरुपयोग किया जा सकता है। प्रस्तावित विधेयक को संतुलित और समग्र बनाने के लिए, इसे संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजा जाना चाहिए। कांग्रेस का यह भी कहना है कि यह विधेयक नागरिकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। किसी भी अच्छे कदम का विरोध करने के लिए, कांग्रेस भी गजब के तर्क खोजकर लाती है। यह विधेयक भारत के नागरिकों के संदर्भ में है ही नहीं, तब नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन कैसे होगा? यह विधेयक तो विदेश से होनेवाली अवैध घुसपैठ को रोकने में प्रभावी भूमिका निभाएगा। कांग्रेस से यह प्रश्न पूछा जाना चाहिए कि वह किन नागरिकों के मौलिक अधिकारों के उल्लंघन की चिंता कर रही है? क्या उसे रोहिंग्या और अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों की चिंता है? हालांकि कांग्रेस ने प्रश्न उठाया है कि भाजपा सरकार दस वर्ष से सत्ता में है, उसने अब तक रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश से निकाल बाहर क्यों नहीं किया है? कांग्रेस का यह प्रश्न उचित ही जान पड़ता है। लेकिन, सवाल यह भी है क्या प्रभावी कानून के अभाव में यह कार्य इतना आसान है? भाजपा ने जब भी रोहिंग्या और बांग्लादेश से आए घुसपैठियों की पहचान करने का मुद्दा उठाया है, तब कांग्रेस ने कहां पुरजोर ढंग से इस मुद्दे में अपनी सहमति दी है? अपितु, कांग्रेस ने ऐन-केन-प्रकारेण अपना विरोध ही दर्ज कराया है। उल्लेखनीय है कि अभी आप्रवास और विदेशियों से संबंधित चार कानून थे। इनमें से अधिनियम 1920, 1939 और 1946 में पहले और द्वितीय विश्व युद्ध की आपाधापी में बनाए गए, जो कि अंग्रेज सरकार को रक्षण देने का काम करते थे। अंग्रेजों ने जो कानून अपनी सुविधा के लिए बनाए थे, स्वतंत्रता के इतने वर्षों बाद तक हम उन्हीं के अनुसार काम कर रहे थे। यह अच्छी बात है कि मोदी सरकार ने इन चारों कानूनों को निरस्त कर इसकी जगह यह एक ही प्रभावी कानून लाने का निर्णय लिया। तीन साल के अध्ययन के बाद भारत में आज के समय की आवश्यकताओं, चुनौतियों और खतरों को देखते हुए केंद्र सरकार यह कानून लेकर आई है। जब लोकसभा में विपक्षी दलों के नेता 'आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025' का विरोध कर रहे थे तब गृहमंत्री अमित शाह ने उन्हें कठोर शब्दों में उत्तर दिया। उन्होंने उचित ही कहा कि "यह देश कोई धर्मशाला नहीं है, जो जब चाहे जिस उद्देश्य से चाहे यहां आकर रह जाए। विदेश से आने वाले अगर किसी से राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा होगा, तो निश्चित रूप से उसे भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह तय करना का काम भारत सरकार का है। हां, सही और सच्चे उद्देश्य से भारत में आने वाले विदेशियों का स्वागत है"। गृहमंत्री ने कानून और उसके उद्देश्य को लेकर सम्यक दृष्टिकोण रखा है।

कांग्रेस से यह प्रश्न पूछा जाना चाहिए कि वह किन नागरिकों के मौलिक अधिकारों के उल्लंघन की चिंता कर रही है? क्या उसे रोहिंग्या और अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों की चिंता है? हालांकि कांग्रेस ने प्रश्न उठाया है कि भाजपा सरकार दस वर्ष से सत्ता में है, उसने अब तक रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश से निकाल बाहर क्यों नहीं किया है? कांग्रेस का यह प्रश्न उचित ही जान पड़ता है। लेकिन, सवाल यह भी है क्या प्रभावी कानून के अभाव में यह कार्य इतना आसान है? भाजपा ने जब भी रोहिंग्या और बांग्लादेश से आए घुसपैठियों की पहचान करने का मुद्दा उठाया है, तब कांग्रेस ने कहां पुरजोर ढंग से इस मुद्दे में अपनी सहमति दी है? अपितु, कांग्रेस ने ऐन-केन-प्रकारेण अपना विरोध ही दर्ज कराया है। उल्लेखनीय है कि अभी आप्रवास और विदेशियों से संबंधित चार कानून थे। इनमें से अधिनियम 1920, 1939 और 1946 में पहले और द्वितीय विश्व युद्ध की आपाधापी में बनाए गए, जो कि अंग्रेज सरकार को रक्षण देने का काम करते थे। अंग्रेजों ने जो कानून अपनी सुविधा के लिए बनाए थे, स्वतंत्रता के इतने वर्षों बाद तक हम उन्हीं के अनुसार काम कर रहे थे। यह अच्छी बात है कि मोदी सरकार ने इन चारों कानूनों को निरस्त कर इसकी जगह यह एक ही प्रभावी कानून लाने का निर्णय लिया। तीन साल के अध्ययन के बाद भारत में आज के समय की आवश्यकताओं, चुनौतियों और खतरों को देखते हुए केंद्र सरकार यह कानून लेकर आई है। जब लोकसभा में विपक्षी दलों के नेता 'आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025' का विरोध कर रहे थे तब गृहमंत्री अमित शाह ने उन्हें कठोर शब्दों में उत्तर दिया।

### स्वास्थ्य मोर्चे पर भारत की उपलब्धियों आश्चर्यकारी रही है

# भारत के सशक्त स्वास्थ्य मोर्चे का दुनिया ने लोहा माना

ललित गर्ग

देश भर में चलाई जा रही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं से देश में व्यापक पैमाने पर बदलाव ही नहीं, बल्कि आमूल-चूल परिवर्तन आया है। यह बात हम नहीं कह रहे, बल्कि पूरी दुनिया इस योजना का लोहा मान रही है। संयुक्त राष्ट्र ने भारत में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के तहत शिशु मृत्यु दर में कमी लाने की तारीफ की है। इतना ही नहीं यूएन ने प्रधानमंत्री मोदी की आयुष्मान भारत योजना को भी शानदार, अनूठी एवं प्रेरक बताया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वस्थ भारत मिशन' के तहत देश भर में चलाई जा रही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं से देश में व्यापक पैमाने पर बदलाव ही नहीं, बल्कि आमूल-चूल परिवर्तन आया है। यह बात हम नहीं कह रहे, बल्कि पूरी दुनिया इस योजना का लोहा मान रही है। संयुक्त राष्ट्र ने भारत में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के तहत शिशु मृत्यु दर में कमी लाने की तारीफ की है। इतना ही नहीं यूएन ने प्रधानमंत्री मोदी की आयुष्मान भारत योजना को भी शानदार, अनूठी एवं प्रेरक बताया है। एक कार्यक्रम के दौरान विश्व निकाय ने 'आयुष्मान भारत' जैसी स्वास्थ्य पहलों का उदाहरण देते हुए शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में भारत के प्रयासों और प्रगति की सराहना की तथा इसे 'अनुकरणीय' बताया। मोदी सरकार के ऐसे कामों एवं उपलब्धियों की आलोचना करने वालों को प्रशंसा भी करनी चाहिए, क्योंकि अच्छे काम के लिए प्रशंसा सरकारों को मूल्यवान महसूस कराती हैं और उन्हें अपने काम के प्रति अधिक वफ़ादार एवं जिम्मेदार बनाती हैं। अनेक शोध के अनुसार, जो देश एवं प्रांत अपनी सरकारों की उल्लेखनीय उपलब्धियों को मान्यता देते हैं, उनकी उत्पादकता और प्रदर्शन में अधिक वृद्धि देखी जाती है और दुनिया इसकी प्रशंसा करती है। प्रशंसा और आभार व्यक्त करने से समुदाय की भावना, जिम्मेदारी और राष्ट्र के लिये कुछ अधिक सशक्त करने का एक कारण मिलता है। ऐसे कारणों से नया भारत, विकसित भारत एवं सशक्त भारत का निर्माण होता है। मोदी सरकार अनेक क्षेत्रों में अनूठा एवं विलक्षण करते हुए देश से न केवल गरीबी का कलंक मिटाया है बल्कि अनेक समस्याओं से मुक्ति भी दिलायी है। स्वास्थ्य मोर्चे पर भारत की उपलब्धियों आश्चर्यकारी रही है, कोरोना-काल में भारत ने दुनिया को स्वास्थ्य-सहायता पहुंचायी है। वर्ष 2000 के बाद भारत में नौनिहालों का जीवन बचाने की सार्थक एवं प्रभावी मुहिम छेड़ी है, जो एक बड़ी छलांग एवं उपलब्धि है। संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी के इस आकलन से मोदी सरकार अपनी पीठ थपथपा सकती है कि संयुक्त राष्ट्र एजेंसी की रिपोर्ट में उन योजनाओं और कार्यक्रमों का उल्लेख किया गया है, जिनके चलते शिशुओं की मृत्युदर कम करने में सफलता मिली है। इसका अर्थ है कि बीते कुछ समय में स्वास्थ्य सेवाओं और ढांचे को बेहतर करने के लिए वास्तव में कई



उल्लेखनीय कदम उठाए गए हैं। इनमें आयुष्मान भारत योजना भी है। इसका उल्लेख भी संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने विशेष रूप से किया है। यह स्वास्थ्य संबंधी विश्व की सबसे बड़ी योजना है। यह निर्धन परिवारों के लिए वरदान सिद्ध हुई है। आश्चर्य नहीं कि संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा कि भारत ने रणनीतिक निवेश के माध्यम लाखों लोगों के जीवन को बचाने का काम किया है। आयुष्मान भारत योजना की उपयोगिता को देखकर ही हाल में 70 वर्ष की आयु के सभी बुजुर्गों को इस योजना के दायरे में लाया गया है। इसने दिखाया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, साक्ष्य-आधारित रणनीतियों और निरंतर निवेश से शिशु मृत्यु दर में ही नहीं, बल्कि अन्य स्वास्थ्य चुनौतियों में पर्याप्त कमी लाई जा सकती है। संयुक्त राष्ट्र अंतर-एजेंसी समूह की बाल मृत्युदर आकलन रिपोर्ट में भारत, नेपाल, सेनेगल, घाना व बुरुंडी का उदाहरण दिया गया। वर्ष 2000 से भारत ने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्युदर में 70 व नवजात शिशुओं की मृत्युदर में 61 प्रतिशत की कमी हासिल की है। स्वास्थ्य कवरेज बढ़ाने, सशक्त स्वास्थ्य नीतियों एवं योजनाओं से मौजूदा स्थिति को सुधारने के लिए किए गए उपायों के कारण ऐसा संभव हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हर गर्भवती महिला मुफ्त प्रसव की हकदार है और शिशु देखभाल संस्थानों में मुफ्त परिवहन, दवाएं, निदान और आहार इसमें सहायता प्रदान करती है। भारत ने प्रसूति प्रतीक्षा गृहों, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य विंग, बीमार नवजात की देखभाल, मातृ देखभाल और जन्म दोष जांच के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है। भारत ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए दाइयों व कुशल प्रसव सहायकों के प्रशिक्षण और तैनाती को भी प्राथमिकता दी है। दुनिया भर में लगभग एक अरब बच्चे पहले से ही उच्च जोखिम वाले जलवायु खतरों का सामना कर रहे हैं और बच्चों के जलवायु जोखिम सूचकांक में भारत 26वें स्थान पर है। रिपोर्ट में पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है कि जलवायु संकट बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा पर तथा पानी जैसे आवश्यक संसाधनों तक उनकी पहुंच पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। लेकिन भारत इन स्थितियों में स्वास्थ्य चुनौतियों को कम करने के लिये सशक्त योजनाओं एवं सोच के साथ तत्पर है। मोदी सरकार की प्रभावी स्वास्थ्य योजनाओं के बावजूद अब भी स्वास्थ्य के मोर्चे पर बहुत कुछ किया जाना बाकी है। बड़ी हकीकत यह भी है कि एक बड़ी संख्या में लोग सरकारी अस्पतालों में मजबूरी में ही उपचार कराना पसंद करते हैं। छोटे शहरों और गांवों में न केवल डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों की कमी है, बल्कि अस्पतालों और मेडिकल उपकरणों की भी। इसके चलते इन क्षेत्रों के लोग शहरों के बड़े अस्पतालों की ओर दौड़ लगाते हैं, जहां निजी क्षेत्र के अस्पतालों के मुकाबले सरकारी अस्पताल बहुत पीछे नजर आते हैं। यह सही है कि बीते कुछ वर्षों में अनेक नए मेडिकल कॉलेज खुले हैं, लेकिन सरकार के सामने बड़ी समस्या है कि इन मेडिकल कॉलेजों से निकले डॉक्टर ग्रामीण इलाकों में सेवाएं देने के लिए तैयार नहीं होते। सरकारी अस्पतालों को सशक्त एवं सर्वसुविधायुक्त किया गया है लेकिन समय के साथ उपचार महंगा होता जा रहा है। यदि किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति को निजी अस्पताल में उपचार कराना पड़ता है तो वह कर्जे में डूब जाता है। इसका एक कारण यह भी है कि अपने यहां स्वास्थ्य बीमा का उतना चलन नहीं, जितना आवश्यक है। सरकारें इससे अनभिज्ञ नहीं हो सकतीं कि अधिक आयु के लोगों के लिए स्वास्थ्य बीमा महंगा होता जाता है और इसके बाद भी उसमें अच्छा-खासा जीएसटी लगता है। सरकार को अधिक प्रभावी स्वास्थ्य परिणामों के लिये स्वास्थ्य सेवाओं एवं दवाओं को जीएसटी से मुक्त करना चाहिए।

दृष्टि कोण

# न्यायाधीशों की नियुक्ति में केंद्र को मिला मौका

दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से कथित तौर पर मिले लाखों रुपए के बाद हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति और तबादलों में केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करने का मौका मिल गया है। केंद्र सरकार ने संसद में कॉलेजियम व्यवस्था के स्थान पर राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग का कानून पारित किया था। इस कानून के एक विवादास्पद प्रावधानों में राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग में भारत के प्रधान न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के दो वरिष्ठतम जजों और केन्द्रीय कानून मंत्री के अलावा दो जानी-मानी हस्तियों को शामिल करने की व्यवस्था थी। वर्ष 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग कानून (एनजेएसी) को असंवैधानिक ठहराते हुए रद्द कर दिया था। जस्टिस वर्मा नोट प्रकरण के बाद न्यायिक नियुक्ति आयोग फिर से लागू करने की संभावना के बाद सुप्रीम कोर्ट में जजों की नियुक्ति में केंद्र सरकार के हस्तक्षेप की उम्मीद फिर से पैदा हो गई है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा में राजनीतिक दलों से कहा कि उन्हें जजों की तरफ से जजों की नियुक्ति की व्यवस्था को समाप्त करने के लिए एक तंत्र के बारे में सोचना चाहिए। धनखड़ ने कानून को रद्द करने के शीर्ष अदालत के फैसले को गलत बताया। उन्होंने वर्ष 2014 में सर्वसम्मति से बनाए गए राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम को दूरदर्शी कदम बताया। इसका उद्देश्य एससी और एचसी के न्यायाधीशों की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के एकाधिकार को समाप्त करना था। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और टीएमसी के सुखेंदु शेखर रॉय सहित विपक्षी नेताओं ने सरकार से उन कदमों की रूपरेखा तैयार करने को कहा है जो वह उठाना चाहती है। जज कैशकांड के बाद सुप्रीम कोर्ट की फजीहत दो कारणों से हो रही है। न्यायिक नियुक्ति आयोग को रद्द करने और जस्टिस वर्मा का तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट में करने से। आयोग को रद्द करने पर उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति धनखड़ द्वारा राजनीतिक दलों की बैठक के दौरान सुप्रीम कोर्ट के न्यायिक आयोग को निरस्त करने के फैसले की तीखी भत्र्सना की गई। दूसरी तरफ इलाहाबाद हाइकोर्ट बार एसोसिएशन ने जस्टिस यशवंत वर्मा के तबादले का विरोध किया है। एसोसिएशन ने हड़ताल के अलावा जस्टिस वर्मा की कोर्ट के बहिष्कार की चेतावनी दी है। जस्टिस वर्मा प्रकरण के बाद सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम द्वारा हाईकोर्ट के जजों की नियुक्ति प्रक्रिया पर फिर से उंगलियां उठने लगी हैं। न्यायपालिका में जजों की नियुक्ति में पारदर्शिता नहीं होने और इनमें परिवारवाद को वरीयता दिए जाने को 'अंकल जज सिंड्रोम' कहते हैं। जब जज बनाने के लिए अधिवक्ताओं के नाम प्रस्तावित किए जाते हैं तो किसी भी स्तर पर किसी से कोई राय नहीं ली जाती। ऐसे में जिन लोगों का नाम प्रस्तावित किया जाता है, उनमें से कई पूर्व न्यायाधीशों के परिवार से होते हैं या उनके संबंधी होते हैं। भारतीय विधि आयोग ने अपनी 230वीं रिपोर्ट में उच्च न्यायालयों में 'अंकल जजों' की नियुक्ति के मामले का उल्लेख किया है, जिसमें कहा गया है कि जिन जजों के परिजन किसी उच्च न्यायालय में वकालत कर रहे हैं, उन्हें उसी उच्च न्यायालय में नियुक्त नहीं किया जाना चाहिए। विवादों में घिरे जस्टिस वर्मा का अकेला मामला नहीं है, जिससे सुप्रीम कोर्ट के समक्ष परेशानी खड़ी हुई है। पूर्व में हाईकोर्ट के जजों के खिलाफ इस तरह के मामले सामने आते रहे हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर कुमार यादव पिछले दिनों विश्व हिंदू परिषद के कार्यक्रम में बयानबाजी को लेकर चर्चा में रहे। सुप्रीम कोर्ट ने उनके बयान को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट से पूरी जानकारी मांगी, वहीं संसद में उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की मांग ने जोर पकड़ा। जस्टिस वी. रामास्वामी पहले न्यायाधीश थे जिनके खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू की गई थी। उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव 1993 में लोकसभा में लाया गया था। लेकिन यह प्रस्ताव गिर गया था क्योंकि उसे जरूरी दो-तिहाई बहुमत हासिल नहीं हो सका। जस्टिस रामास्वामी 1990 में पंजाब और हरियाणा के मुख्य न्यायाधीश थे। तब उन पर आधिकारिक तौर पर अलॉट किए गए घर पर कब्जा किए जाने का आरोप लगा था। कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस सौमित्र सेन देश के दूसरे जज थे जिन्हें महाभियोग का सामना करना पड़ा था। उनके खिलाफ 2011 में राज्यसभा द्वारा महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था। जस्टिस सौमित्र सेन ने महाभियोग चलाए जाने के बाद तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा देवी पाटिल को अपना इस्तीफा भेज दिया था।

कुछ अलग

# यह पैसे मेरे नहीं हैं...

मी लॉर्ड! यह जो मेरे घर में बोरियों में नोट मिले हैं, यह मेरे नहीं हैं। मैं खुद हैरान हूं कि इतने सारे नोट मेरे घर में कहां से आ गए और कब से जमा होते चले गए। मैं तो अपना कर्म कर रहा था। सरकारी कुर्सी पर बैठकर अपना धर्म निभा रहा था। मैं कर्म करता गया और बोरियों में नोट भरते गए। यह कैसे होता गया, मेरी समझ से परे है। मी लॉर्ड, शायद यह आपकी समझ से भी बाहर होगा और इसे आप ईश्वर का चमत्कार भी कह सकते हैं। और चमत्कार को नमस्कार करना ही पड़ता है। मैं हैरान और परेशान होते हुए भी इस चमत्कार को स्वीकार कर रहा हूं, लेकिन साथ ही यह भी सोच रहा हूं कि मेरे कर्मों पर ईश्वर इतना मेहरबान कैसे हो गया! मुझे याद है, बचपन में जब भी मैं गरीबों को दान देता था, तो मां कहती थी- 'बेटा, जो देता है, भगवान उसे दस गुना लौटाता है!' शायद वही बात सच हो गई। मैंने अपने जीवन में जो छोटे-मोटे दान-पुण्य किए होंगे, ईश्वर ने उनका इतना बड़ा हिसाब जोड़ दिया कि बोरियों में भर-भरकर नोट मेरे घर आ गए। अब यह मेरी गलती नहीं है कि भगवान को गणित कमजोर आता है और वह दस गुना के बजाय हजार गुना लौटा रहे हैं! मी लॉर्ड, बोरी में नोट मिले हैं, लेकिन यह कब और कैसे आए, मैंने नहीं देखा। पर ईश्वर ने तो सब देखा है। ईश्वर ने इस ब्रह्मांड में हर जगह सीसीटीवी कैमरे फिट कर रखे हैं। इन कैमरों का कनेक्शन सीधे ईश्वर के पास है। हां, मेरा ईश्वर से कोई डायरेक्ट लिंक नहीं है, लेकिन शायद किसी नेटवर्क गड़बड़ी के कारण मेरे हिस्से के कर्मों का फल अचानक कैश में बदलकर मेरे घर में पहुंच गया। अब देखिए, ईश्वर जब मेहरबान होता है, तो किसी को कर्मों का फल वोटों के रूप में मिलता है और वह चुनाव जीतकर बड़ी कुर्सी पर बैठ जाता है और दुनिया पर राज करता है। लेकिन ईश्वर ने मेरे कर्मों का पूरा हिसाब-किताब देखने के बाद शायद मुझे नेता बनने लायक नहीं समझा। इसलिए न तो उसने किसी राजनीतिक दल का टिकट दिलवाया और न ही चुनाव जितवाया। इसके बजाय, उसने मेरे भाग्य का दरवाजा अलग अंदाज में खोला और कैश के रूप में मुझे आशीर्वाद दे दिया। लेकिन मी लॉर्ड, मेरे मन में कुछ संदेह भी उठ रहे हैं। अगर यह पैसे मेरे हैं ही नहीं, तो फिर मेरे घर में आए कैसे? कोई और भी तो इन्हें रख सकता है! मैं एक सच्चा, ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी हूं। सरकारी कुर्सी पर बैठकर मैंने दिन-रात मेहनत की, फाइलों पर हस्ताक्षर किए, बजट पास किए, टेंडर मंजूर किए, और कानून का पूरा पालन किया। फिर भी अगर मेरे घर में नोटों की बोरियां निकल आई हैं, तो इसमें मेरा क्या दोष? मी लॉर्ड, मैंने कभी भी नोट बोरियों में नहीं लिए। लेन-देन के कई आधुनिक और सुविधाजनक तरीके मौजूद हैं- डिजिटल पेमेंट, बैंक ट्रांसफर, बिटकॉइन, हवाला! मैं अपनी कीमती चीजें लॉकर में रखता हूं, बेड बॉक्स के भीतर छिपाता हूं। कुछ चीजें तो मैं ऐसी जगह रखता हूं कि मेरी पत्नी तक को नहीं पता चलता। फिर ये बोरियों वाली बात कहां से आई। अब सवाल यह उठता है कि बोरियों में कौन नोट रख गया? यह सवाल लाख टके का है। मेरा मानना है कि इसमें दो संभावनाएं हैं : 1. या तो मेरे पूर्वजों की आत्माएं यह सोचकर चली गई थीं कि मेरे लिए कुछ छोड़कर जाना चाहिए और उन्होंने अपनी दुनिया से इसे मेरे घर में ट्रांसफर कर दिया। 2. या फिर हो सकता है कि मेरी पत्नी ने घर की सफाई करते हुए किसी पुराने संदूक को खोल दिया हो और उसमें से यह धनवर्षा हो गई हो। मी लॉर्ड, मैं तो यही कहूंगा- यह पैसे मेरे नहीं हैं। अगर यह मेरे होते, तो किसी बैंक में जमा होते, किसी निवेश योजना में डले होते, या कम से कम मेरी तिजोरी में होते। मगर बोरियों में पड़े मिलें, यह किसी शरारती तत्व की साजिश ही हो सकती है। इसलिए मी लॉर्ड, आपसे करबद्ध प्रार्थना है कि मेरी बेगुनाही पर भरोसा करें और इस रहस्य की जांच करवाएं।

देश दुनीया से

# टीआरपी की भेड़चाल से हुआ अन्याय

इस लड़की पर आरोप क्या लगे थे, इसे अपराधी बना दिया गया था। चार-चार एजेंसियां इसके पीछे लगी थीं। रिया के घर के बाहर मीडिया का भारी जमावड़ा कई दिनों तक लगा रहा। हर कोई ऊंची से ऊंची आवाज में उसे अपराधी साबित करने पर तुला था। आरोप लगने भर से उसे अपराधी मान लिया गया था। चैनल्स के लोग बाहर खड़े किस-किस तरह के अपशब्द बोल रहे थे। अरे रिया बाहर निकल। कहां छिपी है। सुशांत को खा गई। उसके पैसे के लिए उसे मार डाला। बहुत-सी तो ऐसी बातें जो लिखी भी नहीं जा सकतीं। लेकिन सरेआम बोलने वालों को कोई शर्म नहीं आ रही थी। यह देखकर भी हैरत होती है कि कोई भी स्त्रीवादी उस समय रिया के समर्थन में नहीं बोला था। न ही कोई उसकी मदद के लिए सामने आया था। महिला आयोग भी चुप्पी साधे रहे थे। क्या रिया लड़की नहीं थी। उसके कोई अधिकार भी नहीं थे। रिया के पिता जो सेना में डाक्टर रहे हैं, उन्होंने उस वक्त कहा भी था कि एक मध्यवर्गीय परिवार को नष्ट कर दिया गया है। उसकी मां बीमार पड़ गई थीं। उस बहुमंजिली सोसायटी में रहने वाले अड़ोसी-पड़ोसी की नजरों में उसका सम्मान नष्ट कर दिया गया था। रही-सही कसर इन आरोपों ने भी पूरी कर दी थी कि सुशांत को हाल ही में पंद्रह करोड़ रुपये मिले थे। शायद रिया ने वे भी हड़प लिए। उस पर ड्रग सप्लाई करने के भी आरोप लगाए गए थे। चारों तरफ से इतने हमले हो रहे थे। जो फिल्में रिया ने साइन की थीं, उनसे उसे निकाल दिया गया था। वह जैसे इस निर्मम दुनिया का सामना करने के लिए अकेली थी। अकेली ही उसे उन सभी आरोपों का सामना करना पड़ रहा था जिनके लिए वह जिम्मेदार भी नहीं थी। बाद में यह भी पता चला था कि सुशांत ने जो पंद्रह करोड़ रुपये मिलने की बात अपने घर वालों को बताई थी, वे रुपये कभी उसके अकाउंट में आए ही नहीं थे। कई चैनलों ने हफ्तों तक इस मामले को तूल दिया था और बहुत हल्ला मचाया था। सुशांत की पूर्व महिला मित्र भी मीडिया में आकर रात-दिन बयान दे रही थी कि वह आत्महत्या तो कर ही नहीं सकता। वह इतना कमजोर लड़का नहीं था। हालांकि, यह बात भी सामने आई थी कि सुशांत को गहरा अवसाद था। इसकी वजह यह भी बताई गई थी कि चूंकि वह फिल्मी बैकग्राउंड से नहीं है, इसलिए अच्छा काम करने के बावजूद, रोल्स में उसे प्राथमिकता नहीं मिलती है। सुशांत की मृत्यु ने बिहार के लोगों को भी उद्वेलित किया था। वे इसे अपने सम्मान का मामला मानने लगे थे। जो भी हो, इस पूरे मामले में पांच साल पहले मीडिया के एक वर्ग ने रिया को खलनायिका साबित कर दिया था। इस तरह के मीडिया ट्रायल का सामना इससे पहले शायद किसी युवा अभिनेत्री ने नहीं किया था। एक लड़की का अच्छा भला करिअर, उसकी प्रतिष्ठा, सब बर्बाद कर दी गई थी। सिर्फ रिया ही क्यों, उसके पूरे परिवार ने इस दौरान क्या-क्या नहीं झेला होगा। वैसे भी भारतीय समाज में तो लड़की पर एक उंगली उठी नहीं कि वह खलनायिका बनी नहीं। फिर उसे कहीं से कोई माफी नहीं मिलती। उंगली उठाने वाला चाहे संसार का सबसे बड़ा अपराधी ही क्यों न हो, मगर क्योंकि वह उंगली लड़की की तरफ उठी है, तो उसे अपराधी मान ही लिया जाएगा। वैसे भी आरोपी को अपराधी बनाना और लगातार मीडिया बैशिंग तथाकथित स्वतंत्र चैनल्स का बड़ा भारी शौक भी है। बाद में जिसको लगातार अपराधी बनाया गया, उसे अदालत ने बरी भी कर दिया तो चैनल्स कभी शर्मिंदा नहीं होते। न ही अपने किए पर पश्चाताप करते हैं या माफी मांगते हैं। जिस फिल्म इंडस्ट्री में कोई किसी का सगा नहीं, वहां भला रिया को बचाने आता भी कौन। उसने पूरी लड़ाई अपने परिवार के साथ अकेले ही लड़ी। और इसके लिए उसकी तारीफ की जानी चाहिए। अक्सर नेगेटिव पब्लिसिटी के बारे में कहा जाता है कि वह रातोरात आपको घर-घर में लोकप्रिय कर देती है। लोग बात तो भूल जाते हैं मगर चेहरे को याद रखते हैं। एक बार मशहूर अभिनेत्री और फिल्मकार महेश भट्ट की बेटी पूजा भट्ट ने कहा था कि कोशिश करनी चाहिए कि ज्यादा से ज्यादा नेगेटिव पब्लिसिटी हो। इससे किसी हीरो-हीरोइन को स्थापित होने में मदद मिलती है। पूजा भट्ट शायद बिना किसी मुसीबत के नेगेटिव पब्लिसिटी को झेल सकती थीं, क्योंकि वह महेश भट्ट की बेटी थीं। फिल्मी बैकग्राउंड से होने का लाभ भी था। लेकिन रिया जैसी साधारण लड़कियों के लिए तो हत्या जैसे अपराध के मामले में आरोपी बना दिया जाना एक बहुत बड़ी मुसीबत की तरह था। रही-सही कसर मीडिया ने पूरी कर दी थी। उस समय भी इस लेखिका ने अपने इसी अखबार में लिखा था कि यदि रिया पर कोई आरोप साबित नहीं हुआ, तो क्या वे लोग, जो रात-दिन उसे अपराधी साबित कर रहे हैं, माफी मांगेंगे। हुआ भी यही। सीबीआई ने केस बंद कर दिया। रिया के खिलाफ कोई आरोप साबित तक नहीं हुआ। तब भी उसने बार-बार कहा था कि न वह घटनास्थल पर मौजूद थी, न ही कई दिनों से सुशांत से उसकी बातचीत हुई थी। लेकिन उस समय तो सारे ज्ञानी यही कह रहे थे कि पकड़े जाने पर हर अपराधी अपने को निर्दोष ही बताता है। कहने का अर्थ यह कि आज रिया आरोपमुक्त हो चुकी है। हालांकि हाल ही में सुशांत राजपूत की मैनेजर दिशा सालियान की आत्महत्या के मामले में उनके पिता ने मुम्बई हाईकोर्ट में अपील दायर की है। जिसमें मांग की गई है कि उनकी बेटी के मामले पर फिर से विचार किया जाए। इसमें उन्होंने रिया चक्रवर्ती का नाम भी लिया है। लेकिन लगता है कि इस मामले में भी रिया निर्दोष ही साबित होगी। बहुत झेल लिया इस लड़की ने। अब तो उसे मुक्ति दो। किसी लड़की की किसी से दोस्ती हो और वह लड़का आत्महत्या कर ले, तो जब तक प्रमाण लड़की के खिलाफ न हों मीडिया को इस तरह शिकारी की भूमिका निभानी नहीं चाहिए कि लड़की का जीवन ही बर्बाद हो जाए। न्याय की बात टीआरपी को एक किनारे रखकर की जाए तो बेहतर है।



आप का नजरीया

# लोकसभा की मर्यादा का रखें ध्यान

आश्चर्यजनक बात है कि लंबे समय तक सत्ता में रही कांग्रेस के नेता संसदीय परंपराओं एवं नियमावली से अनभिज्ञ हैं। ऐसा भी हो सकता है कि वे जानबूझकर नियमों की अनदेखी करते हों। जैसा भी हो, लेकिन यह ठीक नहीं कि अपनी अनभिज्ञता या जानबूझकर की गई अनदेखी के लिए संसदीय आसंदी पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जाएं। कांग्रेस के पोस्टर बॉय एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर आरोप लगाया है कि उन्हें संसद में बोलने नहीं दिया जाता है। उनका माइक बंद कर दिया जाता है। उनका आरोप है कि वे जब भी सदन में कुछ कहने के लिए उठते हैं, लोकसभा अध्यक्ष उन्हें बोलने नहीं देते हैं। राहुल गांधी के यह आरोप बचकाने हैं। उनके आरोप वास्तविकता से भी मेल नहीं खाते हैं। देश ने देखा है कि संसद में राहुल गांधी को बोलने का पूरा अवसर दिया जाता है। यहाँ तक कि कई बार अध्यक्ष ने उन्हें अतिरिक्त समय भी दिया है। संसद में उनके ही भाषणों पर कई बार विवाद भी हुआ है, जो इस बात का साक्षी है कि उन्होंने खुलकर अपने मन की बात सदन में रखी थी। राहुल गांधी के आरोपों के बाद लगभग 70 सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की है। संभवतः उनकी चिंता रही होगी कि कोई भी सांसद इस प्रकार संसदीय परंपरा और व्यवस्था के संबंध में भ्रम का वातावरण खड़ा नहीं कर सकता है। याद हो कि लोकसभा के अध्यक्ष कई बार राहुल गांधी को समझाइश दे चुके हैं लेकिन कांग्रेस के नेता अपने आचरण में किसी भी प्रकार का सुधार लाना ही नहीं चाह रहे हैं। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी के उक्त आरोपों से पहले ही बुधवार को सदन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को खरी-खरी सुनाई थी। जब सदन की कार्यवाही चल रही थी उसी दौरान अध्यक्ष ने कांग्रेस सदस्यों को रोकते हुए राहुल को लेकर टिप्पणी की। बिरला अपनी टिप्पणी के दौरान काफी नाराज दिख रहे थे। उन्होंने आक्रोशित हुए कहा कि "माननीय सदस्यगण आप सबसे अपेक्षा की जाती है कि सदन में सदन की मर्यादा और शालीनता के कुछ मापदंडों को बनाए रखें। सदन में मेरे संज्ञान में ऐसी कई घटनाएं आई हैं जब माननीय सदस्यों के आचरण सदन की उच्च परंपराओं और मापदंडों के अनुरूप नहीं रहे हैं। इस सदन में पिता-पुत्री, मां-बेटी, पति-पत्नी सदस्य रहे हैं। इस परिप्रेक्ष्य में मेरा नेता प्रतिपक्ष से ये अपेक्षा है कि लोकसभा प्रक्रिया के नियम 349 के वर्णित सभा में पालनीय नियमों के अनुरूप ही सदन में आचरण और व्यवहार करें, जो सदन की मर्यादा और प्रतिष्ठा के अनुरूप होना चाहिए"। स्पष्ट है कि उन्हें राहुल गांधी का आचरण संसदीय मर्यादा के अनुकूल नहीं लगा, इसलिए उन्होंने एक बार फिर उन्हें संसदीय नियमों का पालन करने की सीख दी। यह बात सही है कि संसद में बोलने का मतलब यह नहीं है कि कोई सदस्य जब चाहे उठकर खड़ा हो जाए और बोलना शुरू कर दे। संसद में किसी सदस्य को अपनी बात रखनी है तो उसकी एक पद्धति है। उस पद्धति का पालन सबको करना चाहिए। अन्यथा, संसद को चलाना अत्यंत कठिन हो जाएगा और अनेक सदस्यों को अपने मुद्दे रखने का अवसर ही नहीं मिलेगा।

संक्षिप्त खबरें

### थाना प्रभारी ने अखाड़ा अध्यक्षों, सचिवों व डीजे साउंड संचालकों के साथ किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना में थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने रविवार के अखाड़ा अध्यक्षों, सचिवों व डीजे साउंड संचालकों के साथ बैठक किया। इस दौरान थाना प्रभारी ने अध्यक्षों सहित अन्य को रामनवमी पर्व के जुलूस के दौरान अश्लील व भड़काऊ गाना नहीं बजाने,वाहन पर वाहन से बाहर डीजे साउंड नहीं बांधने, मानक क्षमता से अधिक साउंड में गाना नहीं बजाने का निर्देश दिया। साथ ही अखाड़ा अध्यक्षों के साथ पूरी कमिट सदस्यों की सूची व डीजे साउंड से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र के रूप में आवेदन एक दिन के अंदर देने का निर्देश दिया। बैठक में विजय भारती, कार्तिक राणा, मुकेश दांगी, राहुल कुमार समेत प्रखंड के विभिन्न समिति अध्यक्ष व डीजे संचालक मौजूद थे।

# सैपुर में मुखिया व ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ किया प्रदर्शन, निष्पक्ष जांच की मांग

## चोर समझकर दारोगा साहब को ग्रामीणों ने की धुनाई

- दारोगा पर लगा गाली गलौज तथा अवैध वसूली का आरोप
- दारोगा ने बताया आरोप बेबुनियाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** हंटरगंज थाना क्षेत्र के नावाडीह पनारी पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सैपुर गांव में फर्जी मुकदमे के खिलाफ मुखिया और ग्रामीणों ने गांव में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने चतरा पुलिस अधीक्षक और गया पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच करके निर्दोषों को न्याय दिलाने की मांग की। नवाडीह पनारी पंचायत के मुखिया मदन कुमार चौधरी ने बताया कि मेरे पंचायत के सैयपुर गांव में शिवधारी यादव के घर के पास मिट्टी भराई कार्य किया जा रहा था इसी दौरान शनिवार अहले सुबह करीब 4:30 बजे तीन बाइक सवार युवक घर पर आए और गाली गलौज करते हुए धमकी देने लगे जब लोगों की नींद खुली तो घर की दरवाजा खोला उसके बाद उनलोगो के द्वारा कहा गया कि अवैध धंधा तुमलोग करते हो लेकिन थाना को पैसा नहीं पहुंचाते, आज आ तो पैसा दो या तो गोली खाने के लिए तैयार हो जाओ पिस्टल तानने वाले की आवाज सुनकर आस - पडोस के लोग इकट्ठा हो गए ग्रामीणों को देखते ही उनलोग एक ग्रामीण के खड़ी बाइक को लेकर भागने लगे लेकिन घटनास्थल से दो किलोमीटर के दूरी पर ग्रामीणों ने उनसभी को पकड़कर पीटने लगे । तब उसी में पिस्टल रखे व्यक्ति ने बताया कि हम शेरघाटी थाना के एस आई आर डी बर्मन है। तब ग्रामीणों ने एस आई को छोड़ दिया और बाइक लेकर लौट गए सुबह करीब 10 बजे शेरघाटी पुलिस पहुंची और एक व्यक्ति देवनंदन यादव को लेकर थाना चले गए इधर ग्रामीण डरे सहमे है पुलिस अधीक्षक से मांग कर रहे हैं कि निष्पक्ष जांच किया जाए। वही मुखिया के साथ सैकड़ों ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि होली के पहले भी दारोगा के द्वारा अवैध डिमांड किया जा रहा था वह ऑडियो इन दिनों तेजी से वायरल हो रहा है जिसमे एक चौकीदार का भी जिक्र है हालांकि इस ऑडियो का पुष्टि अखबार नहीं करता है।

**किया कहते हैं दारोगा**

इधर दारोगा राहुल देव बर्मन ने कहा कि हम अपने सेक्टर में सैपुर गांव की ओर गए थे एक ही रास्ता होने के कारण सैपुर गांव पहुंचे जहां अज्ञात बदमाशो ने मेरे साथ मारपीट कर चैन छीन ली जब मैं बताया कि मैं शेरघाटी थाना का दारोगा हूं तो बदमाशो ने हमें छोड़ दी.इधर अवैध वसूली का उन्होंने आरोप बेबुनियाद बताया है। अब सवाल उठता है कि आखिर दारोगा साहेब बिना वर्दी के झारखंड चतरा जिला के हंटरगंज थाना क्षेत्र क्यों घुसे? दूसरी बड़ी सवाल हंटरगंज थाना क्षेत्र मे प्रवेश करने के बाद आखिर दारोगा साहेब ने हंटरगंज थाना को सूचना क्यों नहीं दी? तीसरी सवाल भोर में ऐसे इलाके में जाने से पहले उन्होंने वरीय अधिकारी को सूचित की या फिर नहीं। ग्रामीण उच्च स्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं। प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि न्याय नहीं मिला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाती है।

### 36 किशोरी लीडर्स के साथ दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के लोक प्रेरणा केंद्र कार्यालय में डिग्निटी फाऊंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में 36 किशोरी लीडर्स के साथ गैर आवासीय प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जहां प्रशिक्षण में सरकारी योजनाएं, नीतियां, कानून एवं अधिनियम की जानकारीयां दी गई। मौके पर संस्था के सचिव मौसमी बाखला ने कही कि लड़कियों के अंदर खेलकूद के साथ-साथ सरकारी योजना, नीति, कानून एवं अधिनियम की जानकारीयां बहुत जरूरी है, ताकि समय पड़ने पर उसकी मदद ले सके। मौके पर प्रशिक्षक प्रतिमा कुमारी, रानी कुमारी, सरोज कुमारी, कविता कुमारी, साक्षी कुमारी के अलावे सुनिधि कुमारी मौजूद थे।

### चतरा जिला में हर घर नल जल योजना में जमकर हुआ घोटाला : रोशन सिंह

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हंटरगंज प्रखण्ड या पूरे जिले में केन्द्र सरकार के महात्वाकांक्षी योजनाओं में से एक पेयजल के लिए हर घर नल-जल योजना में झारखंड के चतरा जिले मे जमकर घोटाला किया गया है और जमकर भ्रष्टाचार अपनाया गया है। वहीं घोर अनियमितता बरती गई है। साथ हीं घटिया से घटिया किस्म की सामग्री का उपयोग निर्माण कार्य में किया गया है। उक्त आशय की जानकारी हंटरगंज भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष रौशन कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है।

# ईद उल फितर यानी ईद के अवसर पर 30 मार्च शाम 7 बजे से रात्रि 12 बजे तक रहेगी नोइंट्री

## 31 मार्च को ईद की नमाज को लेकर सुबह 7 बजे से रात्रि 12 बजे तक रहेगी नोइंट्री : एसडीओ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमंडल क्षेत्र में मुस्लिम समुदायों का पाक महीना रमजानुल मुबारक की खरीदारी 30 मार्च चांद की रात्रि को लेकर तथा 31 मार्च को ईद उल फितर की नमाज अदा करने को लेकर एवं उनकी सुरक्षा को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज ने मीडिया को पत्र प्रेषित कर कहा है कि 30 मार्च को चांद रात्रि में ईद की खुशी में खरीदारी को लेकर सिमरिया चौक एवं अन्य चौक पर भीड़ बनी रहती है। जिसे लेकर 30 मार्च रविवार की सुबह 7 बजे से लेकर रात्रि 12 बजे तक तथा अपने अपने ईदगाहों या मस्जिदों में नमाज अदा करने के दौरान भीड़ को देखते हुए सोमवार सुबह 7 बजे से लेकर रात्रि 12 बजे तक क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश और परिचालन बंद रखा गया है। यह आदेश अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज के द्वारा ईद उल फितर में खरीदारी से लेकर नमाज अदा करने को लेकर किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज, बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, सीओ गौरव कुमार, थाना प्रभारी प्रियेश प्रसून ने मुस्लिम समुदायों को ईद के खुशी के अवसर पर ईद मुबाक कहा है और सभी को हंसी खुशी और भाईचारे का पर्व ईद उल फितर मनाने का संदेश दिया है।

# भ्रूण हत्या में शामिल रेफरल अस्पताल की एएनएम विभा से 40 हजार में डील : सूत्र

- चिकित्सा व्यवस्था लापरवाह, मैं चाहे जो करुं मेरी मर्जी
- रेफरल अस्पताल के कुछ पदाधिकारियों द्वारा रुपए लेकर कारवाई से एएनएम को किया वंचित
- ऐसे में जिला चिकित्सा प्रबंधन से लेकर रेफरल अस्पताल के प्रबंधन पर रिश्वत का उठा सवाल
- एएनएम विभा पर जिला चिकित्सा प्रभारी और रेफरल प्रभारी द्वारा कारवाई नहीं होना मात्र प्रभारी द्वारा छलावा
- मामले को लेकर एसडीओ सन्नी राज और सीओ गौरव कुमार ने की थी कारवाई की अनुशंसा
- रेफरल अस्पताल में गड़बड़ झाला होने को लेकर नहीं है एम्बुलेंस 108, कितनों की जा रही है जान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमंडल के एक मात्र रेफरल अस्पताल में इन दिनों रुपए लेकर आरोपी की बचाया जा रहा है। सूत्रों को माने तो अविवाहिता के कोख में पल रहे सात माह के बच्चे को भ्रूण हत्या कर इंसानियत और चिकित्सा विभाग को शर्मशार किया गया है। मामला सिमरिया के संजीवनी हॉस्पिटल की है। जहां एक अविवाहिता के कोख में पल रहे सात माह के बच्चे को बाजबरन प्रसव करा कर एक बच्चे की जिंदगी से खिलवाड़ कर दिया गया था। इस तरह घिनौनी मामले की शिकायत जाबांज अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज को मिली तो अविलंब रविवार होने के नाते सिंघम सीओ गौरव को जांच की जिम्मा सौंपी गई।जांच में जब मामले सही पाए गए तो हॉस्पिटल को शील कर दी गई थी। पुनः सोमवार को जांबाज एसडीओ सन्नी राज और सिंघम सीओ गौरव कुमार राय ने संयुक्त रूप से पुनः जांच पड़ताल की गई। जिसमें मामले को सही पाते हुए संजीवनी हॉस्पिटल को शील करते हुए सरकारी एएनएम विभा कुमारी को स्पेंड करने की विभाग से अनुशंसा की गई थी ।परंतु रेफरल अस्पताल के प्रबंधन द्वारा उक्त मामले पर पर्दा डालने एवं उनकी ड्यूटी बहाल करने को लेकर 40 हजार ले कर क्लीन चिट देने की मामला प्रकाश में आया है। आपको बता दें कि वर्तमान में रेफरल अस्पताल में अब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। चुकी सबसे बड़ी समस्याएं एंबुलेंस 108 का रहा है। दुर्घटना हो या किसी सीरियस मरीज को रेफर किए जाने पर उक्त मरीज के परिजनों को 108 में फोन कर कर के थक जाते हैं फिर भी उन्हें एंबुलेंस नहीं मिलती है। वैसे में एंबुलेंस के अभाव में अब तक दर्जनों लोगों की जाने चली गई है। वहीं ऑक्सीजन तक समय पर मरीजों को नहीं लगाया जाता है। आपको बता दें कि झारखंड सरकार के स्वास्थ मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी द्वारा छाती पीट पीट कर कहा जाता है राज्य में स्वास्थ सुविधा सबसे अच्छा किया जाएगा। किसी चीज के अभाव में मरीजों की मौत नहीं होने देंगे। परंतु इस तरह देख सारा दावे बेकार साबित हो रही है।

# विधायक प्रकाश राम ने प्रखण्ड क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** लातेहार विधानसभा के लोकप्रिय विधायक प्रकाश राम ने प्रखण्ड के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम मनातू व चेडरा में ग्रामीणों के साथ जन संपर्क चलाया. इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से माननीय विधायक प्रकाश राम को अवगत कराया ,इसपर उन्होंने उच्च शिक्षा हेतु डिग्री कॉलेज तथा बारीखाप स्थित हॉस्पिटल में डॉक्टर बहाली व,चेड़रा ग्राम के ग्रामीणों ने मुख्य रुप से अंचल मे जमीन मोटेशन से सम्बंधित समस्या रखा और चेड़रा मे रेलवे साडिंग से धूल डस्ट से परेशनी का मामला रखा साथ मे पानी कि समस्या, रोड कि समस्या, स्थानीय लोगो को रोजगार नहीं देकर बाहरी को सिसिएल ने रोजगार देना, महुआ टाड मे आंगनबाड़ी कि अवश्यकता तथा चेड़रा स्कूल मे शिक्षक कि कमी एवं महुआ टांड ने पुलिया निर्माण तथा महुआ टांड से पाकुड़वा तक रोड निर्माण करने को लेकर अपना समस्या से अवगत करवाया. वही विधायक प्रकाश राम ने सभी उपस्थित ग्रामीणों को सभी कार्य करने को लेकर आश्वाशन दिया. मौके पर देवनंदन प्रसाद अनिल प्रसाद सोनु प्रजापति, ब्रजमोहन राम सहित.भारी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

# जनहित के मुद्दों को लेकर आजसू पार्टी 12 अप्रैल को देगी धरना

## उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं डीजीपी को भेजा जायेगा आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में बढ़ते प्रशासनिक भ्रष्टाचार, अव्यवस्थाओं और आम जनता की उपेक्षा के खिलाफ आजसू पार्टी 12 अप्रैल को लातेहार समाहरणालय परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगी। यह जानकारी आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।उन्होंने कहा कि लातेहार जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं, वहीं भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही चरम पर है। आजसू पार्टी इन सभी जनहित के मुद्दों पर प्रशासन से जवाबदेही की मांग करेगी। मुख्य मुदें 1.जब अफसर ही सुरक्षित नहीं, तो आम जनता का क्या होगा? लातेहार जिले में अधिकारियों की सुरक्षा तक सुनिश्चित नहीं है। हाल ही में बालूमाथ में थाना से कुछ ही दूरी पर बीडीओ और सीओ पर कोयला




तस्करों द्वारा हमला किया गया, और सभी आरोपी फरार हो गए। जब जिले के प्रशासनिक अधिकारी ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुरक्षा का क्या होगा? 2.शराब में ओवररेटिंग का विरोध करने वालों को जेल, लेकिन अवैध वसूली करने वाले दरोगा खुलेआम घूम रहे हैं! शराब दुकानों में ओवररेटिंग (अधिक मूल्य वसूली) की शिकायत करने वालों को प्रताड़ित किया जा रहा है। जब आम जनता इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाती है, तो उन्हें झूठे मामलों में फंसाकर जेल भेज दिया जाता है, जबकि अवैध वसूली में लिप्त अधिकारी और दरोगा बिना किसी डर के खुलेआम घूम रहे हैं। दरोगा के खिलाफ की गई शिकायतें ठंडे बस्ते में डाल दी जाती हैं, जबकि आम नागरिकों पर त्वरित कार्रवाई कर दी जाती है।3.बिना सुविधाओं के जबरन होल्डिंग टैक्स की वसूली क्यों? शहरवासियों को पर्याप्त जलापूर्ति, सही सड़कें और उचित सफाई व्यवस्था नहीं मिल रही हैं, फिर भी नगर परिषद जबरन होल्डिंग टैक्स की वसूली कर रही है। जब सरकार नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं देने में असफल है, तो उनसे टैक्स वसूलने का क्या औचित्य है? 4.बिचौलियों के बिना अंचल कार्यालयों में कोई काम संभव नहीं! जिले के अंचल कार्यालयों में बिना दलालों के कोई भी काम नहीं हो रहा। जमीन संबंधित कार्यों, दाखिल-खारिज, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र जैसे कार्यों के लिए आम जनता को भारी रिश्वत देनी पड़ती है। सरकारी तंत्र में व्याप्त इस भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू पार्टी पुरजोर विरोध करेगी। 5.ढ्ढश्वञ्जष्ठ द्वारा सरना-मसना भवन का निर्माण अधिग्रहीत कोयला खनन क्षेत्र में - करोड़ों की बर्बादी !लातेहार जिले में एकीकृत जनजातीय विकास अभिकरण (ढ्ढञ्जष्ठ) द्वारा सरना-मसना भवन का निर्माण कोयला खनन के लिए अधिग्रहीत भूमि पर कराया जा रहा है। कुछ ही समय में इस भवन को ध्वस्त करना पड़ेगा, जिससे करोड़ों रुपये की बर्बादी होगी। सरकार और प्रशासन की इस लापरवाही के खिलाफ आजसू पार्टी आंदोलन करेगी।

### सरहुल महोत्सव की तैयारी पुरी, कार्यक्रम की रुप रेखा तय



**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के सरना पड़हा भवन के प्रागन मे 1 अप्रेल को आयोजित प्रखंड स्तरीय सरहुल महोत्सव के अंतिम चरण की तैयारी पुरी कर ली गई है, इस अवसर पर सरहुल पुजा समिति बारियातु ने कहा है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रखण्ड मुख्यालय स्थित राजी सरना पड़हा भवन, नचना परिसर मे प्रकृति का महापर्व सरहुल महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, इस महोत्सव के मुख्य अतिथि अंचलाधिकारी नंदकुमार राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवन, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा सहादेव, जिला परिषद सदस्य रमेश राम व थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार इस सरहुल महोत्सव मे अपनी गरिमापुर्ण उपस्थिति दर्ज करेंगे. आयोजित कार्यक्रम के बारे मे पुजा समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि, दिनांक .31 मार्च दिन सोमवार को पुजा स्थल पर घडा मे पानी रखना 7.00 बजे शाम मे दिनांक 01अप्रेल दिन मंगलवार को डंडा कटना सुबह 9 बजे से 10 बजे तक सरना स्थल में पुजा 10 बजे से 11 बजे तक .आरती बैच से स्वागत 11 से12 बजे तक सरहुल पर्व (प्रकृति पुजा) सरना पुजा स्वागत भाषन सह परिचर्चा 12 से 12.30 बजे तक. आदिवासी धर्म कला संस्कृति 12.30 से 1बजे तक सरहुल पर्व शोभा यात्रा दोपहर 1 बजे से सरना पुजा स्थल से प्रखंड कार्यालय तक के लिए प्रस्थान करेगी. उन्होंने सरहुल पुजा समिति के तरफ से समस्त आमंत्रित अतिथि, समाज सेवी, मिडिया कर्मी, समाज के अगुआ गण,एवं समस्त सरना धर्मावलम्बीयों व प्रकृति प्रेमियों व क्षेत्र वासियो को भारी से भारी संख्या में उपस्थित होकर इस गौरवपूर्ण क्षण का साक्षी बनने की अपील की है .मौके पर महाबीर उरांव, धनेश्वर उरांव, सचु उरांव, नरेश उरांव जगदिश उरांव रबीन्द्र उरांव, जीतु उरांव प्रमोद उरांव, जगदिश उरांव, रामप्रीत लोहरा भरत उरांव, सुरेश उरांव, राजीव भगत, नरेन्द्र उरांव, एनिमेश उरांव योगेन्द्र भोक्ता, सहित कई लोग मौजूद थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का सफल समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, स्टेशन लातेहार में रविवार को दिनांक 28 मार्च से 30 मार्च 2025 तक आयोजित तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का भव्य समापन समारोह विद्यालय प्रांगण में संपन्न हुआ। इस कार्यशाला का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य राजबल्लम शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में किया गया था।समापन समारोह में अनेक गणमान्य व्यक्तियों, बुद्धिजीवियों, विचारकों, संचालकों, अधिवक्ताओं एवं समाजसेवियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर प्रमुख अतिथियों में अध्यक्ष सरयू प्रसाद सिंह, एसवीएम धर्मपुर अध्यक्ष राजीव रंजन पांडेय, विद्यालय सचिव विवेक कुमार गुप्ता, अधिवक्ता सह संचालक अनिल कुमार ठाकुर, वरिष्ठ अधिवक्ता राजमणि प्रसाद तथा प्रांतीय संकुल प्रमुख एवं सचिव नरेन्द्र पाण्डेय उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से की गई। इसके पश्चात सभी अतिथियों ने शिक्षा, अनुशासन, विद्यालय के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण एवं विद्यार्थियों के प्रति उचित व्यवहार जैसे विषयों पर अपने ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए, जिससे उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध हो गया। समारोह का समापन शांति मंत्र के उच्चारण के साथ किया गया। इस कार्यशाला की सफलता में विद्यालय के सभी आचार्यों, दीदीजियों एवं कर्मचारियों की उत्कृष्ट सहभागिता सराहनीय रही।

# गणेशपुर गांव में शुरू हुई चैती दुर्गा पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गणेशपुर ग्राम में बसंत नवरात्रि श्री चैती दुर्गा पूजा सह रामनवमी पूजा समिति द्वारा आयोजित चैती दुर्गा पूजा का नवरात्र का पाठ रविवार से प्रारंभ हो गया। और प्रथम दिन मां के स्वरूप शैलपुत्री का पूजन कार्य संपन्न हुआ ।जिसमें मुख्य आचार्य सत्यदेव पाठक सहयोगी आचार्य इंद्रदेव पांडे मुख्य पुजारी रामेश्वर सिंह ने पूजन कार्य संपन्न कराया। ज्ञात हो कि गणेशपुर ग्राम में प्रतिवर्ष चैती दुर्गा पूजा मनाई जाती है। जिसमें मां की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा अर्चना की जाती है एवं विजयदशमी के दिन भव्य विजय जुलूस एवं मेला का आयोजन किया जाता है। चैती दुर्गा पूजा को लेकर पूरे गणेशपुर ग्राम में झंडा लगाया गया है ।जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय दिख रहा है। वही इस पूजन कार्यक्रम मे पूजा भंडारी रामनरेश सिंह,पूजा व्यवस्थापक भुवनेश्वर सिंह, जलेश्वर सिंह, रमेश प्रसाद गुप्ता, महेंद्र सिंह, अध्यक्ष सुनील कुमार यादव, उपाध्यक्ष मनोज प्रसाद गुप्ता सचिव अनूप कुमार गुप्ता, उप-सचिव संतोष प्रसाद गुप्ता कोषाध्यक्ष विष्णु शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष हिमांशु सिंह मूर्ति व्यवस्थापक भुवनेश्वर सिंह, देवराज सिंह, शरण देव सिंह, सीताराम सिंह सजावट मंत्री सौरभ कुमार गुप्ता अभय सिंह,अमित गुप्ता, सत्यम वर्मा, लकी सिंह,आदित्य ठाकुर, प्रकाश यादव, दीपक राज, प्रेम राम, हैप्पी सिंह, अजय सिंह, सौरभ सिंह, मिथुन सिंह, प्रेम गुप्ता सहित कई लोग दुर्गा पूजा को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल सियार का वन विभाग ने इलाज कर छोड़ा जंगल



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ प्रखंड के ग्रीन वैली पेट्रोल पंप के समीप एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक सियार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सियार को देख ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को इसकी सूचना दी।सूचना मिलते ही वनरक्षी कुणाल कुमार के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। सियार के माथे और मुंह पर गंभीर चोटें आई थीं। वन विभाग की टीम ने प्राथमिक उपचार कर उसकी स्थिति में सुधार किया।जब सियार की स्थिति सामान्य हुई, तो वन विभाग की टीम ने उसे सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया। इस दौरान वन विभाग ने लोगों से अपील की कि यदि इस तरह की कोई घटना हो, तो तुरंत सूचना दें ताकि वन्यजीवों की रक्षा की जा सके।

### पर्यटन मार्गों पर बने पर्यटक पड़ाव पर नहीं हुआ दीदी की दुकान का उद्घाटन

**महुआडाड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ प्रखंड के पर्यटन मार्गों पर विशेष केंद्रीय सहायता मद से आजीविका संवर्धन के तहत ग्राम बोहटा एवं काठे में पर्यटक पड़ाव का निर्माण किया गया है। उपयुक्त लातेहार के निर्देशानुसार शनिवार को इन पर्यटक पड़ावों एवं यहां बनी दीदी की दुकान का उद्घाटन किया जाना था, लेकिन आदेश के बावजूद उद्घाटन नहीं किया गया। इस मामले में पूछे जाने पर संबंधित पंचायत के मुखिया ने बताया कि उन्हें उद्घाटन को लेकर कोई आधिकारिक सूचना प्राप्त नहीं हुई थी। वहीं, इन दुकानों को महिला समूहों को आवंटित करने और उद्घाटन कराने की जिम्मेदारी झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (JSLPS) को दी गई थी।

# सांसद मनीष जायसवाल ने किया अस्त्र-शस्त्र वितरण अभियान 2025 का शुभारंभ, रामनवमी परंपरा को जीवंत बनाने की पहल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग की ऐतिहासिक और प्रख्यात रामनवमी की परंपरा को जीवंत रखने के लिए सांसद अस्त्र-शस्त्र वितरण अभियान- 2025 की शुरुआत की और लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में निर्बाध रूप से इस अभियान के तहत पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र वितरण कार्य उनके द्वारा किया जा रहा है। रविवार को सांसद मनीष जायसवाल ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में सात जगहों पर पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र वितरण शिविर लगाकर राम भक्तों का उत्साह वर्धन किया और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के कुल 285 अखाड़ा धारियों को पारंपरिक कला- कौशल और करतब दिखाने के लिए लाठी और तलवार भेंट किया। सांसद मनीष जायसवाल ने रविवार को इस अभियान की शुरुआत पिपरवार भाजपा मंडल से की जिसके बाद पतरातु प्रखंड के पतरातु, भदानीनगर, भुरकुंडा, बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के हरली, बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड के केरेडारी में शिविर लगातार अखाड़ा धारियों के बीच अपना भेंट पहुंचाया। जिसमें पिपरवार भाजपा मंडल में 14, पतरातु भाजपा मंडल में 41, भदानीनगर भाजपा मंडल में 35, भुरकुंडा भाजपा मंडल में 20, उरीमारी भाजपा मंडल में 35, बड़कागांव पश्चिमी भाजपा मंडल में 60 और केरेडारी भाजपा मंडल में 80 को यह सौगात दिया गया । मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने अपने इस अभियान के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि हजारीबाग की रामनवमी पुराने समय में अस्त्र-शस्त्र परिचालन एवं शोभायात्रा में शामिल विभिन्न अखाड़ों के राम भक्तों द्वारा लाठी, तलवार, गदा, मुकदर और बड़े- बड़े पत्थरों का वेट लिफ्टिंग का हैरतअंग्रेज कला कौशल का शानदार प्रदर्शन होता था लेकिन हाल के दिनों में पुरानी पारंपरिक प्रथा में बदलाव हुआ अब पुनः रामनवमी शोभायात्रा में प्राचीन संस्कृति जीवंत हो इस दिशा में हमारा एक प्रयास है। सांसद मनीष जायसवाल ने इस दौरान सभी अखाड़ों के राम भक्तों से अपील करते हुए कहा कि नशा मुक्ति जुलूस की परंपरा को कायम रखें और रामनवमी की परंपरा जीवंत हो इसके लिए पारंपरिक कला कौशल प्रदर्शन का समावेश शोभायात्रा में जरूर करें। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुए यह भी कहा कि इन पारंपरिक हथियार का दुरुपयोग कदापि न करें और इनका उपयोग केवल कला- कौशल प्रदर्शन के लिए ही करें। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामभक्तों के बीच सांसद मनीष जायसवाल द्वारा पारंपरिक लाठी-तलवार का वितरण किया जाना एक प्रेरक पहल है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में रामनवमी का जुनून सनातनियों पर जबदस्त दिखता है और इसे में रामनवमी से पूर्व हर अखाड़ा धारियों तक पहुंच कर उनका हौसलाफजाई करना वाकई सांसद मनीष जायसवाल के क्षेत्र के जनता की भावना के अनुरूप किए जा रहें सेवा कार्यों का परिचायक है। बड़कागांव में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो भी इस अभियान से जुड़े और उन्होंने भी सांसद मनीष जायसवाल के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता को सांसद मनीष जायसवाल ने जनता के रूप में उनके सुख-दुख में सहभागी बनकर सुखद अहसास कराया है । मौके पर विशेष रूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, पतरातु विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के सांसद प्रतिनिधि राधेश्याम अग्रवाल, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सह- सांसद प्रतिनिधि कृष्णा राम, पिपरवार सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार सिंह, पतरातु बीजेपी मंडल अध्यक्ष सह मंडल सांसद प्रतिनिधि राजाराम प्रजापति, भदानीनगर मंडल सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र करमाली, भदानीनगर बीजेपी मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, भुरकुंडा मंडल सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा, रामगढ़ कैंट मंडल सांसद प्रतिनिधि सरदार अनमोल सिंह, बड़कागांव विस सांसद मीडिया प्रतिनिधि प्रतिनिधि उमेश दांगी, रामगढ़ विस सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, बड़कागांव पूर्वी मंडल सांसद प्रतिनिधि महेंद्र महतो, बड़कागांव पश्चिमी मंडल सांसद प्रतिनिधि रंजीत मेहता, केरेडारी भाजपा मंडल अध्यक्ष सह मंडल सांसद प्रतिनिधि नेमा कुमार साव उर्फ कर्मचारी साव, पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र शर्मा, उरीमारी भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, बड़कागांव पश्चिमी भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, बीएमएस कोल फेडरेशन के एस.के.चौधरी, बचरा दक्षिणी मुखिया रीना देवी, आजसू नेता विनोद सिंह, लक्ष्मण मंडल, रामदास राम, उदय दुबे, अनिल राय, संजय सिंह, संजय प्रसाद, दिनेश प्रसाद, सुखदेव प्रसाद, बृजेश साव, किशोर महतो, डब्लू सिंह, कुवेल उरांव, धीरेन्द्र प्रसाद, पंकज गुप्ता, रविन्द्र सिंह, सरयू प्रसाद, योगेश दांगी, पप्पू सिंह, टुकेश्वर प्रसाद, मुकुटधारी महतो, बचनदेव प्रसाद, सुमन गिरी, प्रीतम साव, बद्रीनारायण सिंह, उपेन्द्र सिंह, अमित गुप्ता, पंकज शाह, महेंद्र सिंह, प्रयाग महतो, नारायण यादव, बैजनाथ तिवारी, अवध किशोर यादव, नरसिंह प्रसाद, राजकिशोर राणा, लालदेव महतो, सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## जिप सदस्य रामप्रसाद के पहल से हुआ जगमोहना टोला जाने के जर्जर रास्ता में पीसीसी पथ का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया ।** प्रखंड के झरपो भराजो पंचायत सीमावर्ती जगमोहना टोला में बीते कई वर्षो से रास्ते की स्थिति बहुत ही दयनीय और जर्जर थी। इसी रास्ते अब तक मुहल्ले कई लोगों को घटना दुर्घटना का शिकार होना पड़ा था।मुहल्ले वासियों ने अपनी समस्याओं को कई जन प्रतिनिधियों को बताया लेकिन दो पंचायत के सीमावर्ती होने के कारण पथ निर्माण में रुकावटें आ रही थी ।मुहल्ले वासीयो ने कहा कि हमलोगों को वर्षा के दिनों में आवागमन के लिए काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था जो आज टाटीझरिया जिप सदस्य रामप्रसाद उर्फ कंपनी के पहल पर 15 वीं वित के तहत योजना डीएमएएफटी विभाग से लगभग 1200 फीट तक शमशान घाट से लेकर झरपो जगमोहना टोला तक 16 लाख की राशि से पीसीसी पथ का निर्माण जिप सदस्य रामप्रसाद उर्फ कंपनी, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, संवेदक राजेश कुमार के हाथों पूजा अर्चना नारियल तोड़कर शिलान्यास 30 मार्च 2025 दिन रविवार को किया गया जो अब वर्षो की सपना मुहल्ले वासीयो को साकार होगा। मुहल्ले वासीयो में रास्ते निर्माण शिलान्यास की खबर पाते ही काफी उत्साह देखा गया और जिप सदस्य के अनोखा पहल पर धन्यवाद दिया। वही शिलान्यास के दौरान जिप सदस्य रामप्रसाद उर्फ कंपनी ने कहा कि और भी प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में आवागमन के लिए मुख्य रास्ते की स्थिति जर्जर है जिसे निर्माण करवाए जाने की आश्वासन दिया। मौके पर सरजू राम,प्रेमचंद प्रसाद, लालो राम,युगल राम,देवनाथ रविदास,निर्मल रविदास,उषा देवी ,लालदेव राम,शंकर कुमार,नीतू देवी,बीरेंद्र राम,छोटन कुमार ,नरेश राम,संदीप पाण्डेय,समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## नावाडीह के आकांक्षा ओझा एफकैट परीक्षा में सफलता हासिल कर गांव का नाम किया रोशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कटकमदाग :** प्रखंड में परिश्रम और लगन से किसी भी चीज को हासिल किया जा सकता है । इसके लिए दृढ़ इच्छाशक्ति होनी चाहिए । कटकमदाग प्रखंड के सलगावां पंचायत के पूर्व मुखिया अंबिका ओझा व नावाडीह गांव निवासी लक्ष्मी कांत ओझा की पुत्री आकांक्षा ओझा ने इसे चरितार्थ कर दिखाया । आकांक्षा ने वर्ष 2025 के एयर फोर्स कांमन एडमिशन टेस्ट परीक्षा (एफकैट ) में सफलता हासिल कर गांव प्रखंड और जिला का नाम रोशन किया है । आकांक्षा ने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता और शिक्षक को देते हैं । बगैर कोचिंग सेल्फ स्टडी कर सफलता हासिल करने वाले आकांक्षा का कहना है कि मेहनत करने से कोई भी बड़ा से बड़ा काम किया जा सकता है । आकांक्षा का प्रारंभिक शिक्षा संत अग्सिटन स्कूल जलमा और फिर इंटर साइंस कालेज से पढ़ाई करने के बाद वह डिफेंस परीक्षा की तैयारी में जुट गई । इसी दौरान 2025 में उसने एफकैट की परीक्षा में शामिल होकर सफलता हासिल की भारतीय वायु सेना द्वारा आयोजित इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थी क्लास वन अधिकारी के रूप में चयनित होते हैं । देश के इस परीक्षा में पांच लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए थे । जिसमें दो हजार अभ्यर्थी सफलता हासिल की है ।आकांक्षा के इस सफलता पर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज और नावाडीह गांव वासी बधाई देते हुए आशा व्यक्त किया हैं कि एक बेहतर अधिकारी बनकर गांव का नाम रौशन करें ।

## भामाशाह सरस्वती विद्या मंदिर बरही में आचार्य कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही ।** रविवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम संवत 2082 को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन एवं भारत माता और डॉ केशव बलिराम हेडगेवार के जन्मदिवस पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय एवं मुख्य अतिथि ने पूरे विद्यालय परिवार को भारतीय नव वर्ष की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। आचार्य कार्यशाला का प्रथम दिवस भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग विभाग के सह विभाग कार्यवाह मनोज राणा उपस्थित हुए। अतिथि परिचय प्रिंस रवि शंकर प्रियदर्शी ने करवाया। कार्यक्रम की भुमिका विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय ने रखी। अपने उद्बोधन में प्रधानाचार्य ने कहा कि आचार्य कार्यशाला का उद्देश्य नवीन सत्र की वार्षिक कार्यविधि का निर्माण करना है। साथ ही नवीन सत्र में भैया-बहनों का अध्ययन अध्यापन में उत्तरोत्तर विकास के लिए रणनीति तैयार करना है। मनोज राणा ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इन्होंने पंच परिवर्तन कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक सद्भाव स्वदेशी, पर्यावरण, एवं नागरिक कर्तव्य को विद्यालय के माध्यम से समाज में ले जाना और समाज को संगठित करने का उद्देश्य बतलाया। मौके पर विद्यालय के समस्त आचार्य-दीदीजी उपस्थित रहे।

## जिप सदस्य शेख तैयब ने किया ट्रांसफार्मर का उद्धघाटन



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत गैड़ा पंचायत के ग्राम कीर्तोडीह में पिछले दो दिनों से ट्रांसफार्मर खराब था।नए विधुत ट्रांसफार्मर का विष्णुगढ़ मध्य जिप सदस्य ने विधिवत फीता काटकर उद्धघाटन किया। बताते है कि पाक महीना रमजान एवं ट्रांसफार्मर जल जाने की वजह से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था,ऐसे में सूचना पाकर जिप सदस्य शेख तैयब ने त्वरित कार्यवाही करते हुए विधुत विभाग के अधिकारियों से संपर्क साध कर दो दिनों के छोटे से अंतराल के भीतर 200 केबीए का नया ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध करवा कर ग्रामीणों को ईदी दी।ग्रामीणों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि रमजान के महीने में ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से हमलोगों को काफी समस्या हो रही थी ऐसे में जिप सदस्य के द्वारा ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया जाना सराहनीय कार्य है। जिस आशा और उम्मीद के साथ हमलोगों ने जिप सदस्य को चुना है उसमें शेख तैयब शत प्रतिशत खरे उतरे। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत समिति प्रतिनिधि ताज अंसारी, समाजसेवी शौकत अंसारी, इमामुद्दीन अंसारी, वार्ड सदस्य किताबुन खातून, जलील अंसारी,मौलाना सेराज, मौलाना इरफान अंसारी, नादिर अंसारी मौलाना सीबतैंन मिस्बाही, इसरेल अंसारी समेत दर्जनों की सँख्या में ग्रामीण महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

## सरकारी निर्देशो का पालन करें, तय रुट का हीं प्रयोग करें : एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** रामनवमी एवं ईद त्योहार को लेकर विष्णुगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की विशेष बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता सीओ नित्यानंद दास एवं संचालन विष्णुगढ़ थाना प्रभारी सपन महथा ने की। बैठक में दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने कहा कि हाई कोर्ट के निर्देश का पालन करना है, किसी भी हालत में डीजे साउंड नहीं बजाना है। आप लाउडस्पीकर बजा सकते हैं। ध्यान रहे भड़काऊ गाना किसी हालत में नहीं बजना चाहिए अगर ऐसा होता है,तो संबंधित अखाड़े के पदाधिकारी और साउंड संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया जाएगा। दोनों समुदाय मिलजुल करके त्यौहार को मनाए जिले में विष्णुगढ़ प्रखंड की विशिष्ट पहचान बनाएं। बीडीओ अखिलेश कुमार एवं सीओ नित्यानंद दास ने कहा कि भगवान श्री रामचंद्र जी का जन्मदिन लोग आदर्श के साथ मनाएं। कानून को हाथ में लेने वालों पर सख्ती के साथ कार्रवाई की जाएगी। जो भी शिकायत हो तुरंत प्रशासन को जानकारी दें। वहीं सीडीपीओ बैद्यनाथ महतो ने कहा कि प्रस्तावित मार्ग से ही जुलूस निकाली जाएगी कोई भी अखाड़ा दूसरे मार्ग का प्रयोग नहीं करेंगे। ऐसा होने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीसीटीवी कैमरा और ड्रोन कैमरा से जुलूस एवं छतों की निगरानी की जाएगी। ग्रामीण शरारती तत्वों की पहचान कर पुलिस को तुरंत सूचना दें ताकि उस पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। तमाम सोशल मीडिया ग्रुप में विष्णुगढ़ पुलिस की पैनी नजर है, जो भी भड़काऊ मैसेज डालेंगे उन पर कार्रवाई होगी। वही रामनवमी समिति सभी अखाड़ों के अध्यक्ष विवेक ने प्रखंड वासियों से हर्षोल्लास व शांतिपूर्वक भाई चारगी के साथ रामनवमी मनाने अपील की । किसी भी प्रकार की कोई शिकायत हो तो तुरंत जानकारी दें। वही ग्रामीणों ने तमाम धर्म स्थान पर सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं जुलूस की रोज छतों की ड्रोन कैमरा से निगरानी रखने की मांग की है।मौके पर जिप सदस्य शेख तैयब,पूर्व झामुमो जिलाध्यक्ष शंभूलाल यादव,जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष सुरेंद्र मिश्र,महासमिति उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार बरनवाल(दीपू भाई),रामजतन स्वर्णकार, रवि पाण्डेय,ओमकार नाथ शर्मा,गौतम भारती, अजय साव,बिनोद सिंह,बंटी श्रीवास्तव, सुनील अकेला,उमा देवी,रीता देवी,लक्ष्मी कुमारी,हेमन्ती देवी,अब्बास अंसारी,गुरु प्रसाद साव,रामजन्म राय,रामचंद्र यादव,विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार,धानेश्वर यादव,भीखन रविदास,निजाम अंसारी,तापेश्वर रजक,बिनोद सोरेन,रफीक आलम,उत्तम कुमार महतो,छोटीलाल बेसरा,यूसुफ खान,खलील अंसारी, समेत प्रखंड अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## आईसीएआर गौरियाकरमा के द्वारा पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही के गौरियाकरमा में स्थित आईसीएआर - आईएआरआई में अनुसूचित जाति उप परियोजना के तहत् कल शनिवार को पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम- निचितपुर( गौरियाकरमा) में सुसंपन्न कराया गया । कार्यक्रम की उक्त जानकारी परियोजना के नोड़ल अधिकारी डॉ. कृष्ण प्रकाश ने दी । उन्होंने बताया कि शनिवार को शिविर लगने से लोगो में पशुओं के प्रति काफ़ी समझ और स्वास्थ्य संबंधित रोग -थाम से जागरूक कराये गये । प्रशिक्षण संस्थान के मुख्य कृषि वैज्ञानिक डॉ. विशाल नाथ के निर्देशन में आयोजित किए गए . शिविर समन्यवक पशु वैज्ञानिक डॉ. शिल्पी केरकेट्टा, बैकयार्ड कुक्कुट पालन वैज्ञानिक डॉं. मोनिका एम. नें पशुओं को उपचार एवं रोग- थाम के बारे में किसानों को बताया । नजदीकी गांवो से आए लगभग 100 किसानों ने अपनी - अपनी पशुओं को साथ लाकर उपचार एवं अपनी उपस्थित दर्ज करवाकर इस शिविर से लाभ लिया। साथ ही उपस्थित टेक्निकल सहायक श्री धर्मेन्द्र कुमार यादव एवं आकाश कुमार दास ने किसानों के बीच दवा वितरण तथा साफ़-सफ़ाई, पशुओं को रख- रखाव के बारे में बताया।

## झुमरा चौक में भारत माता फाउंडेशन (एनजीओ) कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**दारू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के झुमरा चौक में भारत माता फाउंडेशन (एनजीओ) कार्यालय का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य गीता देवी ने फीता काटकर किया इस संस्था का अध्यक्ष महादेव राणा ने बतलाया कि यह फाउंडेशन शिक्षा सेवा , समाज सेवा ,धर्म सेवा, स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने का लक्ष्य रखता है संस्था के द्वारा उपरोक्त सभी क्षेत्रों में सेवा प्रदान करना एवं सशक्त भारत का निर्माण , सशक्त समाज का निर्माण करने का उद्देश्य शामिल है। सब लक्ष्य को लेकर आगे चलना है साथ ही साथ सभी लोगों का सहयोग करना हमारा प्रथम उद्देश्य रहेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य गीता देवी ने भारत माता फाउंडेशन के झारखंड अध्यक्ष महादेव राणा को हर संभव मदद करने की बात कही। जहां तक हो पाएगा वहां तक हर संभव मदद किया जाएगा। भारत माता फाउंडेशन एक नया कृतिमान रचना चाहेगा और सबसे अच्छा संस्था के रूप में जाना जाएगा। इस मौके पर महादेव राणा, सत्यनारायण, धनंजय शर्मा, पूजा कुमारी, तालो महतो , आलोक कुमार ,अजय कुमार , टिकेश्वर राणा और अन्य लोग मौजूद थे।

## रश्मि कोल ब्लॉक रद्द करने की मांग पर ग्रामीण भू रैयतों की बैठक



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र प्रस्तावित कोल ब्लॉक रश्मि माइनिंग प्रोजेक्ट को रद्द करने की मांग को लेकर हेवई पंचायत भवन में ग्रामीणों की एक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी निरंजन साव ने किया। जबकि संचालन समाजसेवी अमित दुबे ने किया। बैठक में ग्रामीणों में एक स्वर में कहा कि यह भी कम्पनी आकर अन्य कम्पनियों की तरह शोषण करेगी,इसलिये इस कम्पनी को कोई हाल में खुलने नही दी जाएगी।यह कम्पनी केरेडारी प्रखण्ड के बेंगवरी हेवई बेलतु कंडाबेर गरीकला बरियातू पंचायत के गांवों के जमीन अधिगृहित करेगी। जिसका विरोध ग्रामीणों ने जोरदार तरीके से किया। साथ हीं बीजीआर माइनिंग के द्वारा कोयला खनन के दौरान उड़ने वाले धूल कण से उत्पन्न प्रदूषण की समस्या पर भी ग्रामीणों ने गंभीरता पूर्वक चर्चा किया। जिसका विरोध करने की बात ग्रामीणों ने कही।मौके पर बालदेव महतो,मनोज कुमार साव ,तिलेश्वर महतो गुलाब राम रवी,सुखदेव साव,साजन कुमार तुलसी पासवान,महाबीर महतो,अशोक सिह रुस्तम अंसारी,करण कुशवाहा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण भू रैयत उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने आम जनता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ किया श्रवण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने रविवार को अपने विधायक सेवा कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 120वें एपिसोड को भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों के साथ मिलकर सुना। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, भाजपा कार्यकर्ता, व्यापारी वर्ग, समाजसेवी और युवा उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक प्रदीप प्रसाद ने कार्यक्रम को जनता के प्रति समर्पित एक प्रेरणादायक संवाद बताया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का मन की बात कार्यक्रम सिर्फ एक संवाद नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन है, जो हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है और राष्ट्रहित में योगदान देने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**प्रधानमंत्री मोदी के संदेश के प्रमुख बिंदु**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस माह के मन की बात में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जिसमें भारतीय संस्कृति और त्योहारों की विशेषता युवाओं के लिए प्रेरणा, महुआ के फूल से बने उत्पादों का प्रोत्साहन,टेक्सटाइल वेस्ट प्रबंधन और सतत विकास जैसे अनेकों मुख्य बिंदुओं पर उन्होंने संदेश दिया. कार्यक्रम के उपरांत विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का मन की बात सिर्फ एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश को दिशा देने वाला प्रेरणास्त्रोत है। यह कार्यक्रम हमें अपनी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक दायित्वों की ओर लौटने की प्रेरणा देता है। आज उन्होंने जो विषय उठाए, वे हर नागरिक के लिए प्रासंगिक हैं चाहे वह युवा हो, किसान हो, महिला उद्यमी हो या कोई भी आम नागरिक। हमें इस संवाद से प्रेरणा लेकर समाज के उत्थान में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। इस अवसर पर विधायक कार्यालय में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री के विचारों की सराहना की। भाजपा कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों, व्यापारियों और महिलाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया और प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए संदेश को समाज में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में विधायक ने सभी नागरिकों से स्थानीय संसाधनों के उपयोग, सतत विकास, पारंपरिक खेलों के पुनरुत्थान और भारतीय संस्कृति के संवर्धन के लिए मिलकर कार्य करने की अपील की।

# हजारीबाग सांसद ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के 285 अखाड़ा धारियों को भेंट किया लाठी- तलवार





प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग की ऐतिहासिक और प्रख्यात रामनवमी की परंपरा को जीवंत रखने के लिए सांसद अस्त्र-शस्त्र वितरण अभियान- 2025 की शुरुआत की और लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में निर्बाध रूप से इस अभियान के तहत पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र वितरण कार्य उनके द्वारा किया जा रहा है। रविवार को सांसद मनीष जायसवाल ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में सात जगहों पर पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र वितरण शिविर लगाकर राम भक्तों का उत्साह वर्धन किया और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के कुल 285 अखाड़ा धारियों को पारंपरिक कला- कौशल और करतब दिखाने के लिए लाठी और तलवार भेंट किया। सांसद मनीष जायसवाल ने रविवार को इस अभियान की शुरुआत पिपरवार भाजपा मंडल से की जिसके बाद पतरातु प्रखंड के पतरातु, भदानीनगर, भुरकुंडा, बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के हरली, बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड के केरेडारी में शिविर लगातार अखाड़ा धारियों के बीच अपना भेंट पहुंचाया। जिसमें पिपरवार भाजपा मंडल में 14, पतरातु भाजपा मंडल में 41, भदानीनगर भाजपा मंडल में 35, भुरकुंडा भाजपा मंडल में 20, उरीमारी भाजपा मंडल में 35, बड़कागांव पश्चिमी भाजपा मंडल में 60 और केरेडारी भाजपा मंडल में 80 को यह सौगात दिया गया । मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने अपने इस अभियान के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि हजारीबाग की रामनवमी पुराने समय में अस्त्र-शस्त्र परिचालन एवं शोभायात्रा में शामिल विभिन्न अखाड़ों के राम भक्तों द्वारा लाठी, तलवार, गदा, मुकदर और बड़े- बड़े पत्थरों का वेट लिफ्टिंग का हैरतअंग्रेज कला कौशल का शानदार प्रदर्शन होता था लेकिन हाल के दिनों में पुरानी पारंपरिक प्रथा में बदलाव हुआ अब पुनः रामनवमी शोभायात्रा में प्राचीन संस्कृति जीवंत हो इस दिशा में हमारा एक प्रयास है। सांसद मनीष जायसवाल ने इस दौरान सभी अखाड़ों के राम भक्तों से अपील करते हुए कहा कि नशा मुक्ति जुलूस की परंपरा को कायम रखें और रामनवमी की परंपरा जीवंत हो इसके लिए पारंपरिक कला कौशल प्रदर्शन का समावेश शोभायात्रा में जरूर करें। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुए यह भी कहा कि इन पारंपरिक हथियार का दुरुपयोग कदापि न करें और इनका उपयोग केवल कला- कौशल प्रदर्शन के लिए ही करें। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामभक्तों के बीच सांसद मनीष जायसवाल द्वारा पारंपरिक लाठी-तलवार का वितरण किया जाना एक प्रेरक पहल है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में रामनवमी का जुनून सनातनियों पर जबदस्त दिखता है और इसे में रामनवमी से पूर्व हर अखाड़ा धारियों तक पहुंच कर उनका हौसलाफजाई करना वाकई सांसद मनीष जायसवाल के क्षेत्र के जनता की भावना के अनुरूप किए जा रहें सेवा कार्यो का परिचायक है। बड़कागांव में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो भी इस अभियान से जुड़े और उन्होंने भी सांसद मनीष जायसवाल के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता को सांसद मनीष जायसवाल ने जनता के रूप में उनके सुख-दुख में सहभागी बनकर सुखद अहसास कराया है । मौके पर विशेष रूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, पतरातु विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के सांसद प्रतिनिधि राधेश्याम अग्रवाल, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सह- सांसद प्रतिनिधि कृष्णा राम, पिपरवार सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार सिंह, पतरातु बीजेपी मंडल अध्यक्ष सह मंडल सांसद प्रतिनिधि राजाराम प्रजापति, भदानीनगर मंडल सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र करमाली, भदानीनगर बीजेपी मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, भुरकुंडा मंडल सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा, रामगढ़ कैंट मंडल सांसद प्रतिनिधि सरदार अनमोल सिंह, बड़कागांव विस सांसद मीडिया प्रतिनिधि प्रतिनिधि उमेश दांगी, रामगढ़ विस सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, बड़कागांव पूर्वी मंडल सांसद प्रतिनिधि महेंद्र महतो, बड़कागांव पश्चिमी मंडल सांसद प्रतिनिधि रंजीत मेहता, केरेडारी भाजपा मंडल अध्यक्ष सह मंडल सांसद प्रतिनिधि नेमा कुमार साव उर्फ कर्मचारी साव, पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र शर्मा, उरीमारी भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, बड़कागांव पश्चिमी भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, बीएमएस कोल फेडरेशन के एस.के.चौधरी, बचरा दक्षिणी मुखिया रीना देवी, आजसू नेता विनोद सिंह, लक्ष्मण मंडल, रामदास राम, उदय दुबे, अनिल राय, संजय सिंह, संजय प्रसाद, दिनेश प्रसाद, सुखदेव प्रसाद, बृजेश साव, किशोर महतो, डब्लू सिंह, कुवेल उरांव, धीरेन्द्र प्रसाद, पंकज गुप्ता, रविन्द्र सिंह, सरयू प्रसाद, योगेश दांगी, पप्पू सिंह, टुकेश्वर प्रसाद, मुकुटधारी महतो, बचनदेव प्रसाद, सुमन गिरी, प्रीतम साव, बद्रीनारायण सिंह, उपेन्द्र सिंह, अमित गुप्ता, पंकज शाह, महेंद्र सिंह, प्रयाग महतो, नारायण यादव, बैजनाथ तिवारी, अवध किशोर यादव, नरसिंह प्रसाद, राजकिशोर राणा, लालदेव महतो, सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

*धनंजय कुमार पुटूस के जनता दरबार में लोगों की समस्याओं का हो रहा समाधान*

## जनता दरबार बनेगा लोगो की समस्याओं के समाधान का जरिया : धनंजय कुमार पुटूस





प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस के द्वारा प्रत्येक रविवार को उनके कार्यालय में लगने वाले जनता दरबार में लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है।जनता दरबार में क्षेत्रवासियों की समस्याओं को न केवल सुना जा रहा है, बल्कि उसका समाधान भी सुनिश्चित किया जा रहा है। जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जिनमें सड़क मरम्मत, पेयजल आपूर्ति, बिजली, नाली सफाई और मंईयां सम्मान जैसे मुद्दे प्रमुख रहे।धनंजय कुमार पुटूस ने प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से विचार कर संबंधित अधिकारियों के साथ संपर्क कर समस्याओं का समाधान करवाने की दिशा में कदम उठा रहे हैं।इस अवसर पर श्री पुटूस ने कहा, ÷हमारा लक्ष्य है कि जनता की हर समस्या का समाधान हो। यह जनता दरबार केवल शिकायतें सुनने का मंच नहीं, बल्कि समाधान का माध्यम है।रामगढ़ के विकास और जनता की भलाई के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।÷जनता दरबार में मौजूद लोगों ने इस पहल की जमकर सराहना की। कई नागरिकों ने बताया कि उनकी लंबित समस्याओं का समाधान धनंजय कुमार पुटूस जी के जनता दरबार के जरिए संभव हुआ।रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के अजय राम,सिकंदर सोनी,राम कुमार,अमर बोदरा,विक्की बेदिया के साथ अन्य सदस्यों ने भी इस आयोजन में सक्रिय सहयोग दिया। धनंजय कुमार पुटूस ने यह भी घोषणा की कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए ऐसे जनता दरबार नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि लोगों के साथ सीधा संवाद और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

*सीसीएल बरका सयाल ने 76.6 लाख टन कोयला उत्पादन कर रचा कृतिमान*

## सभी श्रमिकों व विस्थापितों का साथ मिलने से ही यह नया लक्ष्य हासिल किया जा सका है : अजय सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सीसीएल बरका सयाल प्रक्षेत्र ने कोयला उत्पादन व संप्रेषण के साथ साथ ओबीआर निकालने में नया कृतिमान स्थापित किया है। वर्षो से घाटे में चल रहे सीसीएल बरका सयाल वित्तिय वर्ष 2024 - 2025 में लाभ की ओर अग्रसर है। विगत बिते वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में कोयला उत्पादन में 32त्न वृद्धि दर व ओबीआर निकालने में 51त्न की वृद्धि दर प्राप्त करने में सफलता हासिल किया है। बता दें कि विगत वृत्तीय वर्ष में जहां सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र को कोयले का उत्पादन मात्र 61 लाख 38 हजार टन का उत्पादन हुआ था वही चालू वित्तीय वर्ष में यह उत्पादन बढ़कर 81 लाख टन हो गया। साथ ही विगत वित्तीय वर्ष में ओबीआर का उत्पादन 136 लाख क्यूबिक मीटर हुआ। वही चालू वित्तीय वर्ष में ओवीआर का उत्पादन 171 लाख 85 हजार क्यूबिक मीटर हुआ। जो अब तक के उत्पादन में सबसे ज्यादा आंका जा रहा है। वहीं इसकी जानकारी सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह ने महाप्रबंधक कार्यालय में प्रेस बयान जारी कर कही। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि प्रक्षेत्र के इस कामयाबी में बरका सयाल क्षेत्र के सभी परियोजनाओं का उत्कृष्ट योगदान रहा है। महाप्रबंधक अजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र को कोयला उत्पादन में भुरकुंडा परियोजना 10 लाख टन, सयाल परियोजना 13.5 लाख टन, बिरसा परियोजना 45 लाख टन,व उरीमारी परियोजना 12.5 लाख टन कोयले का उत्पादन किया है। उन्होंने आगे बताया कि कोयला संप्रेषण में भी बरका सयाल प्रक्षेत्र 30त्न की वृद्धि दर प्राप्त किया है वहीं रैक लोडिंग में भी 43त्न का वृद्धि दर प्राप्त करने में सफलता हासिल किया है। विगत वित्तीय वर्ष में जहां 58 लाख 80 हजार कोयले का संप्रेषण हुआ था। जबकि चालू वित्तीय वर्ष में 76 लाख 60 हजार टन कोयले का संप्रेषण हुआ है। वहीं विगत वित्तीय वर्ष में जहां 1201 रैक लोडिंग हुआ था जबकि चालू वित्तीय वर्ष में 1721 रैक लोडिंग हुआ है। जिसमें सबसे ज्यादा एक दिन में विगत 19 मार्च को 10 रैक लोडिंग हुआ। जो अपने आप में एक कृतिमान है। कोयला उत्पादन सबसे ज्यादा मार्च माह में हुआ है।इस माह में लगभग 14 लाख टन कोयले का उत्पादन हुआ है। सौन्दा व खास कर्णपुरा परियोजना का मामला पर्यावरण व वन विभाग के स्वीकृति मिलने के बाद चालू किया जाएगा। मौके पर महाप्रबंधक के साथ एसओपी अजय कुमार मौजूद थे।

## ईद का चांद देखकर लोगों ने एक दूसरे को दी बधाइयां

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ रविवार के दिन ईद का चांद नजर आ गया ईद का चांद का दीदार कर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने आतिशबाजी कर लोगों को बधाइयां दी बधाइयां देने वालों में मोहम्मद असगर अली इमरान अली अब्बास खलीफा मोहम्मद सहबू खलीफा मोहम्मद समीर आलम मोहम्मद रेहान अली चिश्ती मोहम्मद सकलैन हैदर उर्फ कैफी मोहम्मद सुफियान मोहम्मद एहसान हसान मंजर चिश्ती सहित दर्जनों लोग मौजूद थे



## रामनवमी व सरहुल और ईद को लेकर उरीमारी ओपी में हुई शांति समिति कि बैठक

*पीसीआर वाहन और चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने कि पुलिस से रखी गई मांग*



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** बड़कागांव प्रखंड के उरीमारी ओपी में रविवार को आगामी ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व को लेकर उरीमारी ओपी प्रभारी रथू उरांव कि अध्यक्षता में शांति समिति कि बैठक हुई। वहीं इस बैठक में सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने के लिए ओपी प्रभारी ने सभी लोगों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। वही इस शांति समिति कि बैठक में पहुंचे विस्थापित समिति के लोगों ने पुलिस से क्षेत्र में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पीसीआर वाहन और क्षैत्र के विभिन्न चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने कि मांग कि गई। जिसपर ओपी प्रभारी रथू उरांव ने कहा कि इस मामले को अपने आला अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करूंगा। और हमारा भी प्रयास रहेगा कि उरीमारी ओपी क्षेत्र को अपराध मुक्त रखा जाए। वहीं उन्होंने सभी लोगों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने कि अपील किए। वहीं ओपी प्रभारी रथू उरांव ने कहा कि किसी प्रकार कि अप्रिय घटना होने पर पुलिस को सुचित करने एवं शोशल मिडिया पर भ्रामक प्रचार नहीं करने कि बात कही। वहीं इस बैठक में एसआई रसिक किस्कू,सीताराम सिंह,संजय यादव,कृष्णा दुबे व पोटगा पंचायत मुखिया चरका करमाली,पूर्व पंसस कानू मरांडी,विस्थापित नेता संजय करमाली,विस्थापित नेता विश्वनाथ मांझी,कंचन मांझी,गणेश राम, गिरधारी प्रजापति,मो हसन,दशाराम हेंब्रम,चंदू जायसवाल,ब्रिज बिहारी प्रसाद , शिव शंकर बेदिया,रणजीत करमाली,भोला रविदास,राजकुमार करमाली, फिरोज अंसारी,असलम अंसारी,सुखदेव सोरेन,मोहन साव, राम लखन साव आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## पतरातू में सांसद पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र वितरण अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पतरातु प्रखंड के पतरातु बाजार स्थित श्रीराम मंदिर प्रांगण में सांसद पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र वितरण अभियान 2025 के तहत पतरातु भाजपा मंडल के कुल 41 अखाड़ा धारियों को रामनवमी से पूर्व पारंपरिक कला-कौशल प्रदर्शन के लिए पारंपरिक लाठी और तलवार भेंट किया।यहां विशेषरूप से बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक माननीय रोशन लाल चौधरी,वरिष्ठ भाजपा नेता राधेश्याम अग्रवाल,हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह,रामगढ़ जिले के सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की सांसद प्रतिनिधि पूनम साव,सह-प्रतिनिधि कृष्णा राम,पतरातु बीजेपी मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि राजाराम प्रजापति,भाजपा नेता अनिल राय,संजय सिंह,संजय प्रसाद,दिनेश प्रसाद,विजय जायसवाल,सरदार अनमोल सिंह,सुखदेव प्रसाद,बृजेश साव, किशोर महतो,डब्लू सिंह,धीरेन्द्र प्रसाद,पंकज गुप्ता,रवींद्र सिंह, उमेश दांगी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## मंदिर दान पेटी चोरी, एक अभियुक्त गिरफ्तार भेजा गया जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** रविवार को पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में प्रेस वार्ता हुई द्ब इस प्रेस-वार्ता के दौरान एसडीपीओ गौरव गोस्वामी ने जानकारी देते हुए कहा कि शनिवार रात लगभग 2 बजे गुप्त सूचना से जानकारी मिली की वीणा टॉकीज समीप अवस्थित नर्मदेश्वर महादेव शिव मंदिर से एक चोर के द्वारा दान पेटी और अन्य पूजा सामग्री की चोरी कर ले जाया जा रहा है। सूचना के आलोक में पतरातू थाना पुलिस बल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए। उक्त चोर को पकड़ा गया। जिसके बाद पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर अपना नाम सोहेल अंसारी उम्र-19 साल पिता करीम अंसारी ग्राम-महुआ टोला, भदानी नगर थाना-पतरातू जिला -रामगढ का निवासी बताया। वहीं मौके पर सोहेल अंसारी से मंदिर का दान पेटी सहित पूजा की अन्य सामग्री बरामद किया गया। तत्पश्चात उसे गिरफ्तार कर पतरातू थाना लाया गया। जिसके बाद पतरातू थाना कांड संख्या 81/25 धारा 303-2/334 के तहत न्यायिक हिरासत रामगढ भेज दिया गया। उक्त छापामारी दल में पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गौरव गोस्वामी,पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता,एस.आई सत्येंद्र कुमार सिंह,अजित कुमार सहित पतरातू थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## हर व्यक्ति के लिए जरूरी है बीमा : सुधीर मंगलेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड के पंचायत सचिवालय सिरु में स्टार यूनियन डाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के तत्वावधान में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के लाभों पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन इस कार्यक्रम में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश मुखिया वीणा देवी सुजित महतो उपस्थिति थे।सेमिनार में स्टार यूनियन डाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, जो कि बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और डाई-इची लाइफ इंश्योरेंस के संयुक्त सहयोग से संचालित है, के अधिकारियों ने योजना के लाभों, पात्रता और दावों की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी।इस अवसर पर श्री अर्सीप पांडा (उप प्रबंधक, मुंबई) एवं श्री बेपर बिफारसी (समन्वयक, रांची) ने योजना की उपयोगिता और आम नागरिकों के लिए इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि केवल ?20 प्रति वर्ष के प्रीमियम पर ?2 लाख तक का दुर्घटना बीमा कवरेज प्रदान करता है, जिससे गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोग भी आसानी से लाभान्वित हो सकते हैं।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमूह को क्क्स्क्क्ष् के तहत नामांकन की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया और मौके पर ही बीमा पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

## नवजवान एकता फाउंडेशन ने बांटे कपड़े



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ईद के पूर्व झरिया की समाजिक संस्था नवजवान एकता फाउंडेशन के द्वारा सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को उपहार स्वरूप नया कपड़ा भेंट किया गया। ताकि वह सभी लोग अपने अपने परिवार के साथ ईद के त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मना सकें। वहीं संस्था के सदस्यों ने कोयलांचल सहित समस्त देशवासियों को ईद उल फितर की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और अमन व शांति के साथ ईद मनाने की भी अपील की। मौके पर संस्था के अध्यक्ष शाहनवाज खान, सचिव मो शाहनवाज खान, मो इकबाल खान, मो इसराफिल, मो जाकिर, मो बब्लू आदि उपस्थित थे।

## भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद द्वारा गोविंदपुर जैप 3 में ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। जिसमें जैप 3 के जवानों ने बढ़ चढ़ कर ब्लड डोनेट किया। सोसाइटी के कार्यकारिणी सदस्य कुमार मधुरेंद्र सिंह ने भी कैंप में पुनः ब्लड डोनेट करते हुए कहा कि जरूरतमंदों के लिए रक्तदान करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। इससे बड़ा मानवता का कार्य कोई दूसरा नहीं। आपका रक्तदान किसी गंभीर इलाजरत व्यक्ति की जान बचा सकता है। आयोजित कैंप में चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह, ब्लड डोनेशन नोडल पदाधिकारी बेनजीर परवीन, आजीवन सदस्य सुजीत कुमार, उज्जवल नायक, मो.इरशाद आदि उपस्थित थे।

## पूर्व मध्य रेलवे द्वारा 200 मिलियन टन माल लदान का लक्ष्य हासिल

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व मध्य रेलवे द्वारा 200 मिलियन टन माल लदान का लक्ष्य हासिल किया गया है। इस माल लदान के फलस्वरूप 27 हज़ार 343 करोड़ की राजस्व की प्राप्ति हुई। पूर्व मध्य रेलवे द्वारा 200 मिलियन टन माल लदान की यह उपलब्धि हासिल कर भारतीय रेलवे के सभी जोनों में दूसरा स्थान प्राप्त किया गया है तथा इस उपलब्धि को हासिल करने में धनबाद मंडल द्वारा 191.5 मिलियन टन माल लदान का सर्वाधिक योगदान दिया गया है। उक्त सारी जानकारी वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी मोहम्मद इकबाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

## अल्पसंख्यक मोर्चा के केंद्रीय महामंत्री को दी बधाई



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के अल्पसंख्यक मोर्चा महामंत्री सद्दाम हुसैन ने ईद के मौके पर धनबाद महिला जिला अध्यक्ष डिंपल चौबे के आवास पहुंच कर ईद की सप्रेम उपहार भेंट किया। धनबाद महिला जिला अध्यक्ष डिंपल चौबे द्वारा केंद्रीय महामंत्री को ईद की बधाई दी गई और साथ ही पार्टी प्रमुख व डुमरी विधायक जयराम महतो द्वारा निर्देशित कार्यक्रम पार्टी सदस्यता अभियान, महासम्मेलन को लेकर आगे की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया।

## यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में किया गया विस्तार

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रीष्मकालीन ऋतु के मद्देनजर यात्रियों की अत्याधिक भीड़ को देखते हुए उनके सुविधा एवं सुगम आवागमन हेतु गाड़ी संख्या 03309/03310 धनबाद-जम्मूतवी- धनबाद के परिचालन में विस्तार किया गया है जिनका विवरण इस प्रकार से है -03309 धनबाद-जम्मूतवी 01.04.25 से 28.06.25 तक (26 फेरा) मंगलवार एवं शनिवार को तथा 03310 जम्मूतवी - धनबाद 02.04.25 से 29.06.25 तक (26 फेरा) बुधवार एवं रविवार को चलेगी।

## 4 अप्रैल को धनबाद - गया रेल खण्ड पर किया जाएगा 160 किमी प्रति घंटे से स्पीड ट्रायल


**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिनांक 04.04.2025 को धनबादङ्क गया रेल खण्ड पर 160 किमी प्रति घंटे से स्पीड ट्रायल किया जाएगा जिस कारण सुरक्षा की दृष्टि से ट्रायल के दौरान धनबाद- गया रेल लाइन के निकट न आएं तथा मवेशियों को भी ट्रैक से दूर रखें। साथ ही लेवल क्रासिंग को पार करते समय भी विशेष सावधानी रखें एवं ट्रेन की स्थिति देखकर ही रेल लाईन पार करें। इसकी अवहेलना करने पर यदि किसी भी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेवार नहीं होगा। उक्त सारी बातें वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी मोहम्मद इकबाल ने कही।

## अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त, एफआईआर दर्ज

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज पदार्थों के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए खनन टास्क फोर्स ने चिरकुंडा में अवैध कोयला लदा एक ट्रक जब्त किया है। साथ ही चिरकुंडा थाना में एफआईआर दर्ज कराई है।अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा तथा जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के नेतृत्व में खान निरीक्षक बसंत उराँव तथा आवंटित पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से चिरकुंडा थाना क्षेत्र में सुबह औचक छापेमारी की।छापेमारी के दौरान जोगरात पंचायत, राय टोला में सामुदायिक भवन के पास ट्रक संख्या डब्ल्यू.बी. 33 सी 5142, जिसपर कोयला लदा हुआ था, को रोकने का इशारा किया। परंतु खनन टास्क फोर्स को देखते ही वाहन चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया।ट्रक की विस्तृत जांच करने पर कोयला से संबंधित कोई परिवहन चालान (फॉर्म-डी), वैध कागजात आदि नहीं मिला। कोयला लदे ट्रक को घटना स्थल पर ही जब्त किया गया तथा चिरकुंडा थाना को सुपूर्द करते हुए ट्रक मालिक, ट्रक चालक एवं इस अवैध कारोबार में संलिप्त अन्य सभी लोगों के विरूद्ध चिरकुंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

# शाहिद कमर और शाहिदा कमर ने किया दावत ए इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन, दिखी गंगा जमुनी तहजीब





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के सचिव शाहिद कमर एवं उपाध्यक्ष सह आज़ाद नगर वेल्फेयर ट्रस्ट की सचिव शाहिदा कमर के द्वारा भारत की गंगा जमुनी तहजीब के तहत एकता और भाईचारा के पैगाम को गति देते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज़ाद नगर स्थित सिल्वर डव स्कूल के प्रांगण मे दावत ए इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ों लोगों ने सामुहिक रूप से एकत्रित होकर इफ्तार के स्वादिष्ट व्यंजनो का लुत्फ उठाया। इस दौरान छोटे-बड़े एवं सभी धर्म व समुदाय के लोग इस कार्यक्रम मे सम्मिलित हुए। वहीं कई राजनीतिक दलों के नेता, समाजसेवी एवं शहर के अनेकों गणमान्य लोगों ने भी इस कार्यक्रम मे अपनी उपस्थिति दर्ज की। मेजबान दंपत्तियों ने मेहमानों को शॉल एवं टोपी भेंट कर काफी गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा सभी ने एक दूसरे को पवित्र रमजान की बधाई दी। इफ्तार के पश्चात नमाज अदा हुई और साथ ही देश व दुनिया के हक में बेहतरी व भलाई की दुआएं की गई। गौरतलब है की इस तरह के आयोजन से अमन, चैन, शांति, एकता, भाईचारा और सौहार्द को बढ़ावा मिलता है जिसके लिए शाहिद कमर एवं शाहिदा कमर निरंतर प्रयासरत रहते हैं। साथ ही उन्होने कोयलांचल सहित समस्त देशवासियों को पवित्र रमज़ान एवं ईद की बधाई व शुभकामनाएं दी तथा ईद का त्योहार सभी के जीवन मे ढेर सारी खुशियों की सौगात लेकर आए, ये कामना भी की। वहीं उपस्थित लोगों ने इस कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रसंशा की तथा शाहिद कमर एवं शाहिदा कमर को धन्यवाद दिया।

## धनबाद रेलवे स्टेशन पर चलाया गया मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान

### *145 यात्रियों से 51 हज़ार 870 रूपया जुर्माना वसूला गया*

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** धनबाद मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में धनबाद स्टेशन पर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में टिकट चेकिंग अभियान एवं मंडल के विभिन्न खण्डों में विशेष टिकट चेकिंग अभियान के साथ-साथ कोडरमा, गोमो, चन्द्रपुरा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में भी गहन टिकट चेकिंग की गई। इस जांच अभियान में कुल 145 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे। इस दौरान उनसे 51 हज़ार 870 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई। चेकिंग टीमों ने स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग की। इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है ताकि वे टिकट लेकर यात्रा करें एवं उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## न्यू जोहरी बाजार व बीएलबीएल ने शुरुआत की अक्षय तृतीया ऑफर 2025

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** न्यू जोहरी बाजार बैंक मोड़ और बीएलबीएल सरायढेला प्रतिष्ठान ने रविवार को बीएलबीएल सरायढेला में प्रेस वार्ता आयोजित कर अपने अक्षय तृतीया ऑफर 2025 की शुरुआत की जानकारी प्रतिष्ठान के महाप्रबंधक रुपेश सिन्हा ने दी। रूपेश सिन्हा ने कहा धनबादवासी यह आकर्षक ऑफर का लाभ उठाने के लिए उत्सुक होंगे। बताया कि यह ऑफर अधिक फायदेमंद है क्योंकि इस ऑफर से अधिक लाभ मिलेगा और अधिक बचत होगी। इस ऑफर के तहत 10 ग्राम सोने पर 4000 रुपये की छूट है, हीरे के आभूषण और रत्न पर 20त्न की फ्लैट छूट और चांदी के आभूषणों के बनवाई पर 20त्न की छूट है। हीरे के आभूषणों पर फ्लैट छूट के अलावा आपकी बिल मूल्य के अनुसार विशेष उपहार भी मिलेगा। बिल मूल्य जितना अधिक होगा, उपहार भी उतना ही अधिक होगा। इसलिए अपने सपनों के आभूषणों को देखने और बुक करने के लिए स्टोर पर जाएं। यह ऑफर 1 अप्रैल 2025 से शुरू हो रहा है और 30 अप्रैल 2025 को समाप्त हो रहा है। श्री सिन्हा ने आगे बताया कि यह शोरूम झारखंड में ज्वैलरी और कपड़ों का सबसे बड़ा शोरूम है। आप किसी भी दिन स्टोर पर जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रेस वार्ता में स्टोर के महाप्रबंधक रूपेश सिन्हा, नयन गुहा, रति कुमारी, रोशन कुमार आदि उपस्थित थे।

## समय सारिणी : नमाज ए ईद उल फितर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के मुताबिक कोयलांचल के विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की नमाज की समय सारणी इस प्रकार हैं = जामा मस्जिद धनबाद - 9 - 00 बजे, रेलवे ग्राउंड - 8 - 00 बजे, नया बाजार ईदगाह मस्जिद - 7 - 30 बजे, टी सी कंपाउंड मस्जिद 8 - 15 बजे, हैदरी मस्जिद लोहा मार्केट - 7 - 45 बजे, मनईटांड़ मस्जिद - 8 30 बजे, नूरी मस्जिद वासेपुर - 7 - 45 बजे, अब्दुल जब्बार बड़ी मस्जिद - 7 - 30 बजे, शमशेर नगर ईदगाह - 7 - 30 बजे, इस्लामपुर ईदगाह - 8 00 बजे, नई मस्जिद वासेपुर - 8 - 15 बजे, मदरसा तेगिया रहमतगंज - 8 - 00 बजे, रहमतगंज मस्जिद - 7 - 15 बजे, सी ब्लॉक मदरसा इस्लामिया भूली - 8 - 45 बजे, डी ब्लॉक टाउनशिप ईदगाह - 8 - 15 बजे, अहसान आलम मस्जिद मारूफगंज - 7 - 15 बजे, मदीना मस्जिद कुसुंडा स्टेशन - 8 - 45 बजे, कोयला नगर मस्जिद - 8 - 30 बजे, रजा मस्जिद शमशेर नगर - 7 - 15 बजे, आयशा मस्जिद भूली रोड - 8 - 00 बजे, गौसिया मस्जिद भट्टा मोहल्ला नया बाजार - 7 - 15 बजे, गौसिया मस्जिद मिल्लतगंज - 7 - 15 बजे, बगदादी मस्जिद चेक पोस्ट कतरास रोड गोधर - 8 - 30 बजे, जोनल ट्रेनिंग स्कूल वासेपुर - 7 - 45 बजे, न्यू कॉलोनी मस्जिद वासेपुर - 8 - 00 बजे, आज़ाद नगर ईदगाह - 7 - 45 बजे, मस्जिद अल्हेरा फ्रेंड्स कॉलोनी - 8 - 15 बजे, मिल्लत मस्जिद काम्प्लेक्स मिल्लत कॉलोनी - 8 - 15 बजे, मदनी मस्जिद मदनी नगर शमशेर नगर - 7 - 30 बजे, जामा मस्जिद पुराना बाजार - 9 - 00 बजे, ग़ौसुल आजम मस्जिद आज़ाद नगर इमामबाड़ा 3 - 7 - 45 बजे, मस्जिद खैरुनिसा ग़फ़्फ़ार कॉलोनी - 7 - 30 बजे, अशरफुल मस्जिद अशरफ नगर गुलजारबाग - 7 - 00 बजे, सबीली मस्जिद दरगाह शरीफ स्टेशन रोड - 8 - 15 बजे, मस्जिद यतीमखाना नया बाजार - 7 - 30 बजे, अब्दुल गनी मस्जिद अजिमिया आबाद बाई पास रोड - 7 - 30 बजे, याहिया रजा मस्जिद बाई पास रोड - 7 - 30 बजे, कोला कुसमा ईदगाह कोरा डीह - 8 - 30 बजे, मस्जिद उमर अमन सोसाइटी गेट नम्बर 3 - 8 - 00 बजे, मस्जिद हुसैन नईमूल हक नगर पांडर पाला - 7 - 45 बजे, मोहसिन आज़म मस्जिद जामे नगर - 8 - 00 बजे, मस्जिद अबू बकर सिद्दीक राहमतगंज - 8 - 30 बजे, मोहम्मदी मस्जिद बाई पास रोड - 7 - 30 बजे, मस्जिद ए यूसुफ नबी नगर वासेपुर - 8 - 30 बजे, मक्का मस्जिद कलाली बागान गली - 8 - 00 बजे, सिल्वर डोव ग्राउंड आजाद नगर - 8 - 00 बजे, जैबुन निशा मस्जिद - 8 - 15 बजे, मस्जिद अबू बकर सिद्दीक गेट नंबर 4 - 8 - 30 बजे, मस्जिद ए खदीजतुल कुबरा न्यू मस्जिद वासेपुर - 8 - 00 बजे, नूरे ईमान मस्जिद कादरी नगर 7 45 बजे नमाज ए ईद उल फितर अदा होगी।

## राकेश अग्रवाल बने मारवाड़ी युवा मंच धनबाद कोल सिटी शाखा के नए अध्यक्ष

**धनबाद :** रविवार को मारवाड़ी युवा मंच, धनबाद कोल सिटी शाखा की सत्र 25- 26 की वार्षिक आमसभा अध्यक्ष राजेश केजरीवाल एवं सचिव आशीष बंसल की उपस्थिति में अम्बे विला अपार्टमेंट, शास्त्री नगर, बैंक मोड़, धनबाद के सभागार में संपन्न हुई। वर्तमान अध्यक्ष राजेश केजरीवाल ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि पिछले दो साल से हमारी टीम द्वारा जो सामाजिक कार्य किया गया वह वाकई में अतुलनीय है, जिसे आगे आने वाली कमिटी के युवा साथी निश्चित रूप से जारी रखेंगे।इसी दौरान सचिव आशीष बंसल ने सत्र 24-25 का वार्षिक प्रतिवेदन दिया जिसमें शाखा द्वारा किए गए समस्त कार्यों एवम आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत करते हुए शाखा की गतिविधियों, संयोजकों, पूर्व अध्यक्ष, कार्यकारिणी, मीडिया बंधुओं सहित सभी सदस्यों का आभार जताया। सभा में उपस्थित शाखा संस्थापक अध्यक्ष नरेश केजरीवाल को झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के सत्र 25- 27 के लिए मंडल 4 हेतु नव- निर्वाचित उपाध्यक्ष चुने जाने के लिए अंग वस्त्र देकर बधाई एवं भविष्य के कार्यो हेतु शुभकामनाएं दी।

## मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने झारखंड के धनबाद में नया शोरूम खोला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** रविवार गोविंदपुर रोड, ट्रू टावर में मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के झारखंड के पहले नवीनतम शोरूम का उद्घाटन धनबाद विधायक राज सिन्हा ने फीता काट कर किया। 9000 वर्ग फीट में फैले इस नए स्टोर को ग्राहकों को विविध डिजाइनों और शैलियों में आभूषणों के बेहतरीन संग्रह के साथ विश्व स्तरीय खरीदारी का अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह शोरूम भारत के पूर्वी क्षेत्र में ब्रांड का 12वां आउटलेट है, जो इस क्षेत्र में इसकी उपस्थिति और नेतृत्व को और मजबूत करता है। नए शोरूम के उ?द्घाटन समारोह में धनबाद के विधायक राज सिन्हा के साथ-साथ प्रबंधन टीम के सदस्य, ग्राहक और शुभचिंतक उपस्थित थे। भारत, मध्य पूर्व,अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया सहित 13 देशों में 390 से अधिक शोरूम के साथ, मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स अपने विस्तृत संग्रह, असाधारण गुणवत्ता और ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण के लिए प्रसिद्ध है।

## सोहराब खान और दिलीप सिंह ने एक दूसरे को दी ईद की बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** पुराना बाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सोहराब खान और युवा समाजसेवी दिलीप सिंह ने ईद की एक दूसरे को बधाई दी। दिलीप सिंह ने कहा कि हिंदू मुस्लिम समाज में एकता और सेवा भाव ही इंसानियत है। बस आदमी की अच्छाई और बुराई ही उसे अलग करती है। आगे उन्होंने कहा की हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई से पहले हम भारतीय ही हैं। हमारी पहचान भारतीयता है। हमने हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए कुछ विरासत का मिसाल पेश करना चाहिए ताकि वे अपने पूर्वजों पर गर्व कर सकें। हम अपने-अपने पंथ धर्म मानते हुए भी अगर किसी की बिना भेदभाव निःस्वार्थ सहायता ही कर दें तो वही मानवता होगी, वही भारतीयता की परिभाषा होगी।

## मैथन डैम में टेमरॉन की ओर से प्री वेडिंग कार्यशाला का आयोजन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मैथन डैम धनबाद में टेमरॉन कंपनी की ओर से प्री वेडिंग फोटोग्राफी वर्कशॉप किया गया। इस वर्कशॉप में धनबाद, मैथन के आस पास क्षेत्र के फोटोग्राफर ने अधिक संख्या में भाग लिया। मेंटर सुजीत कुमार गुप्ता ने प्री वेडिंग के संबंध में फोटोग्राफी एवं वीडियो ग्राफी के तकनीक से सभी फोटोग्राफरों को रूबरू कराया। इस कार्यक्रम के दौरान झारखंड फोटोग्राफी एसोसिएशन सेंट्रल के द्वारा फिफ्थ फोटो वीडियो एक्सपो आगामी 8, 9 एवं 10 अप्रैल 2025 को हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम खेलगांव रांची में होने जा रहा है, जिसका पोस्टर लॉन्च किया गया।

## वित्तीय वर्ष के अंतिम कार्य दिवस पर 19.54 करोड़ से अधिक के 204 बिल का निष्पादन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** वित्तीय वर्ष 2024 - 25 के अंतिम कार्य दिवस पर शनिवार को जिला कोषागार से 19 करोड़ 54 लाख 95 हजार 515 रुपए के 204 बिल का निष्पादन किया गया। इस संबंध में जिला कोषागार पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि विभिन्न विभागों से दोपहर तीन बजे तक बिल प्राप्त किए गए। रात्रि 10 बजे तक भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर 19 करोड़ 54 लाख 95 हजार 515 रुपए के 204 बिल का निष्पादन किया गया। जबकि 1 मार्च 2025 से 29 मार्च 2025 तक 609 करोड़ 85 लाख 7 हजार 456 रुपए के 3281 बिल का निष्पादन किया गया।

# जय श्रीराम समिति के तत्वाधान नववर्ष विक्रम संवत् पर ललित नारायण स्टेडियम से निकाली गई भव्य शोभायात्रा





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जय श्रीराम समिति के तत्वाधान में 30 मार्च को नववर्ष विक्रम संवत् के शुभ अवसर पर ललित नारायण स्टेडियम से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो बरवाटोली, मिशन चौक, महावीर चौक, अप्पर बाजार, थाना टोली, अमला टोली, पावरगंज, साइडिंग, बाबामठ होते हुए पावरगंज न्यू रोड होकर पुनः ललित नारायण स्टेडियम में पहुंची। शोभायात्रा के दौरान सनातनी महिला, पुरुष व बच्चे केसरिया रंग में रंगे भगवा पताका लहराते हुए जय श्रीराम, जय सरना, नववर्ष मंगलमय हो, विक्रम संवत अमर रहे, हिंदू नववर्ष की जय हो के नारो से पूरा लोहरदगा जिला गुंजायमान रहा। कई संगठनों के द्वारा जगह-जगह शरबत पानी की व्यवस्था की गई थी। खासकर नारी शक्ति की महिलाओं ने अपनी सांस्कृतिक वेशभूषा के साथ शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया, जिसकी सभी ने सरहाना की। नगर भ्रमण के बाद शोभायात्रा ललित नारायण स्टेडियम में पहुंचकर सभा का रूप ले लिया। मंच में सभी अतिथियों समेत जिला, नगर, प्रखंड, पंचायत पदाधिकारी को सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि ऋषि नाथ शाहदेव ने कहा कि संगठन में ही शक्ति है, सनातन की रक्षा हेतु सभी सनातनियों तथा हिंदू संगठनों को एकजुट होना होगा। अतिथियों के संबोधन के पश्चात भव्य भंडारे एवं भक्ति जागरण का आयोजन लोहरदगा के प्रसिद्ध कलाकार मास्टर धनेश व उनकी टीम के द्वारा किया गया। भक्ति जागरण में राम आएंगे, गणेश के पापा, भारत का बच्चा-बच्चा जय श्रीराम बोलेगा पर सभी सनातनी जम कर झूमे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऋषि नाथ शाहदेव, विशिष्ट अतिथि संजय वर्मा, रांची नगर हिंदू जागरण मंच अध्यक्ष सुजीत सिंह, आर पी अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, छोटन महली, लखन साहू, प्रदीप राणा, विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष रितेश साहू, महावीर मंडल अध्यक्ष विपुल तमेड़ा, योगी सेना अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर, समिति संरक्षक रमेश उरांव, सुषमा सिंह, परमेश्वर साहू, अजय सोनी, अनूप गुप्ता, जिलाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, जिला महामंत्री प्रदीप साहू, रक्त संग्रह अध्यक्ष सह संगठन मंत्री जीवन राज मेहता, ओम महतो, अनिल उरांव,नगर अध्यक्ष दीपक साहू, अनामिका भारती, महावीर साहू ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर जागरण की शुरुआत की तथा लोगों का उत्सहवर्धन किया। मंच का संचालन प्रमोद प्रजापति ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला, नगर, महिला समेत प्रखंड, पंचायत कमेटी की अहम भूमिका रही। मौके पर जिला संरक्षक लक्ष्मी भगत, मनीर उरांव, गोविंद सोनी, विक्की कसेरा, विनोद प्रसाद, कपिलदेव मिश्रा, मिथुन तमेड़ा, अनुज महतो, नवीन सोनी, गुंजन भारती, रामकुमार साहू, नितेश जायसवाल, बजरंग साहू, नीरज कुमार, दीपक पासवान, शुभम कुमार, अवधेश मिश्रा, मिनकु पासवान, सुनीता देवी, मीना बाखला, समेला भगत समेत प्रखंड पंचायत के हजारों लोग मौजूद थे।

**शोभायात्रा को सफल बनाने हेतु प्रशासन के महती योगदान को भी बहुत बहुत साधुवाद : रीतेश कुमार**

लोहरदगा आज हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल 2082 के प्रथम दिवस को श्रीराम समिति लोहरदगा द्वारा स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम से पद संचलन शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें ज़िला के नगर क्षेत्र के साथ साथ लोहरदगा के विभिन्न प्रखंडों के ग्रामीण क्षेत्र से आये सभी सनातन बन्धुओं का हज़ारों की संख्या में आकर शोभायात्रा की शोभा बढ़ाने हेतु श्रीराम समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने उन्हें बहुत बहुत धन्यवाद दिया। वहीं विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष रितेश कुमार ने सनातनी एकता प्रदर्शित करने हेतु शामिल सनातनी भाई, बहन, माताओं आभार व्यक्त करने के साथ साथ पुलिस प्रशासन की सक्रियता व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने व शोभायात्रा को सफलतापूर्वक समपर्ण करवाने में उनकी महती भूमिका की भी सराहना की तथा उनका भी आभार व्यक्त किया।

## सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन




**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 146 वॉ सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, संजय चौधरी एवं अनामिका भारती ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए और सभी ने भारत माता की जय का जयकारा लगाते हुए नमन किए, आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 55 लोग अपने स्वास्थ्यकी जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया,एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे खर्च में ही कराई जाती है, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा स्वस्थ शरीर ही सबसे बड़ा धन है और कहा की इस निशुल्क शिविर पर आप अपने स्वास्थ्य का चेकअप करवा कर अपनी शारीरिक बीमारी की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं स्वस्थ जीवन ही शरीर का मूल आधार है। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए खानपान भी सही रखें एवं समय पर भोजन करें और प्रत्येक दिन कम से कम 3 लीटर पानी का सेवन अवश्य करें,उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल,सहसचिव संजय चौधरी,अनामिका भारती व राजीव यादव ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना एवं अपनेजनों का स्वास्थ चेकअप करवा कर अपने बीमारियों का इलाज भी करवा रहे हैं,यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती हैं। आज शिविर में-जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, संजय चौधरी, अनामिका भारती अंजलि सर्राफ, अमर गोस्वामी, राजीव यादव, सत्यम सर्राफ,अतुल सर्राफ, सच्चिदानंद अग्रवाल, शांति देवी, किशोर अग्रवाल, गंगोत्री देवी, विजेंद्र साहू, फूलमती देवी, सूरज कुमार, रामजी प्रसाद, शांति महतो, कृष्णा प्रसाद, बिरजू प्रसाद, द्वारपति देवी, संदीप गुप्ता, दुलारी देवी, कमल शर्मा, संपर्क कर्मकार, शांति देवी, राजेश कुमार, डोमन चंद्र कर्मकार, रविंद्र नाथ कर्मकार, धनंजय प्रसाद अग्रवाल, तपेश्वर अग्रवाल, बबलू कुमार, बॉबी देवी, रमेश शर्मा, अनूप कुमार, नवनीत कौर, लीला देवी कंचन कुमारी, विजय साहू,तारा राय भंडारी, उदय कास्यंकार, शर्मिला देवी, जयकेश कुमार, प्रमिला देवी, चरकू उराव आदि थे।

## जेएनवी में विद्यालय संचालन के लिये बैठक कर अभिभावक व शिक्षक कमिटी का गठन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में परीक्षा फल परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा फल वितरण के उपरान्त अपने कक्षा में अच्छे अंक लाकर उतीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक दे कर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय में प्रखंडो के अध्ययनरत छात्र छात्राओं के अभिभावकों के साथ प्राचार्य द्वारा बैठक आयोजित कर पीएम श्री नवोदय विद्यालय को सत्र 2025 - 26 में सुचारू ढंग से संचालित करने के लिए अभिभावक शिक्षक समिति का गठन किया गया। गठित कमिटी में जिला के सभी प्रखंडो से दो दो अभिभावको का चयन किया गया। चयनित अभिभावकों में सभी प्रखंड क्षेत्र से एक पुरुष व एक महिला का चयन किया गया। वही अभिभावक शिक्षक कमिटी गठन के उपरान्त पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अवनीश चन्द्र झा ने अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास के लिये अभिभावकों को जागरूक होना होगा। विद्यालय को सुचारू ढंग से चलने में अभिभावकों की भूमिका अहम होती है। साथ ही अभिभावकों से अपील किया गया की जब अभिभावक बच्चों मिलने आते हैं तो शिक्षक शिक्षिकाओं से भी मिल कर अपने बच्चे बच्चियों का पढ़ाई लिखाई व दिनचर्या तथा गतिविधि के बारे मे जानकारी लेने का प्रयास करें और सभी अभिभावक अपने बच्चों के प्रति संवेदनशील बने रहें। वही विद्यालय को सुचारू ढंग से संचालित करने के लिये चयनित सदस्यों सह अभिभावकों से पूर्ण सहयोग करने का भी अपील किया गया। मौके पर जिला के विभिन्न प्रखंडो से आये हुए अभिभावक व विद्यालय के सभी शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

**मजदूरों के हित में लड़ाई लड़ना इंटक यूनियन का मुख्य उद्देश्य : आलोक साहू**

## लोहरदगा में इंटक यूनियन को धारदार बनाकर इंटक करेगी मजदूरों के समस्याओं का निदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) के लोहरदगा अध्यक्ष आलोक कुमार साहू रविवार को हिंडालको द्वारा संचालित अनलोडिंग स्टेशन पहुंचकर वहां ट्रक अनलोडर मजदूर संघ के मजदूरों से रूबरू हुए ।मौके पर इंटक अध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने मजदूरों के बताया कि वे लोहरदगा इंटक के अध्यक्ष बने हैं अब आपकी लड़ाई इंटक यूनियन लड़ेगी वशर्ते आपको इसके लिए इंटक का सदस्य बनना होगा। इंटक यूनियन हमेशा से मजदूर हित को सर्वोपरि रखा है। मजदूरों के हित में लड़ाई लड़ना है इंटक यूनियन का मुख्य उद्देश्य रहा है। यूनियन कंपनी और मजदूरों के बीच सेतु का काम करती है। लोहरदगा अनलोडिंग स्टेशन में विगत 17 वर्षों से मजदूर बॉक्साइट ट्रकों का अनलोडिंग का काम करते आ रहे थे ।लेकिन 5 माह पूर्व हिंडालको कंपनी द्वारा बिना सूचना एवं मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराए बगैर लोहरदगा अनलोडिंग स्टेशन में बॉक्साइट ट्रकों का परिचालन बंद कर दिया गया जिसके कारण सैकड़ो मजदूर बेरोजगार हो गए। आपलोग जल्द से जल्द इंटक का सदस्य बनिए आपकी हक हुकूक की लड़ाई इंटक लड़ेगी। श्री साहू ने कहा कि रामनवमी पूजा के उपरांत वे हिंडालको द्वारा संचालित माइंसों का भ्रमण कर वहां के मजदूरों से मिलेंगे उनकी समस्याओं से अवगत होंगे और उसे दूर करने का प्रयास करेंगे। माइनस क्षेत्रों में जल्द इंटक यूनियन का सदस्यता अभियान प्रारंभ करेंगे। इससे पूर्व मजदूरों द्वारा आलोक कुमार साहू को इंटक का लोहरदगा अध्यक्ष बनाए जाने पर उन्हें माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया। मौके पर अनिल उरांव, ननका अंसारी, प्रेमचंद महतो, रवि महली, प्रदीप उरांव, विनोद उरांव, रुपा उरांव, फूलमानी उरांव, सुधा उरांव, धर्मदेव उरांव सहित अनेक मजदूर उपस्थित थे।

## शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय लचरागढ़ द्वारा हिन्दू नववर्ष मे निकाली गई शोभा यात्रा




**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वनवासी कल्याण केन्द्र की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति, झारखंड द्वारा संचालित विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय लचरागढ़ में दिनांक 30/03/2025 को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिंदू नववर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वनवासी कल्याण केन्द्र झारखण्ड के प्रांत सह शिक्षा प्रमुख श्री जगमोहन बड़ाईक जी उपस्थित हुए, प्रधानाचार्य श्री राजेंद्र साहू जी की अगुवाई में भैया/बहनों का भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जो विद्यालय से निकलकर प्रिस चौक पहुंचकर पुनः मुख्य सड़क से होते हुए विद्यालय पहुंची।सभी दलों के द्वारा भव्य झांकी ट्रैक्टर में सजाई गई थी।जिसमें भरत दल के द्वारा राजा विक्रमादित्य, आरुणि दल के द्वारा राम दरबार,शिवाजी दल के द्वारा झारखंड की संस्कृति और एकलव्य दल के द्वारा ऋषि मुनियों द्वारा हवन करते हुए और माँ काली का रौद्र रूप दिखाया गया।ग्राम भ्रमण के समय भैया बहन नव वर्ष मंगलमय हो, विक्रम संवत् मंगलमय हो, विक्रम संवत् 2082, भारत माता की जय, वंदे मातरम् जय श्रीराम आदि गगन भेदी नारे लगा रहे थे। लचरागढ़ के प्रिंस चौक में समाजसेवी बिहारी पांडा, कमलेश साहू, अजय साहू और उनके सहयोगियों के द्वारा शीतल पेय जल शरबत की व्यस्था की गई।रास्ते में रिक्की अग्रवाल और उनके परिजनों की ओर से टॉफी की व्यवस्था की गई।हनुमान मंदिर के सामने बजरंग दल की तरफ से ओर से शरबत की व्यस्था की गई।तत्पश्चात विद्यालय में सभी भैया बहनों के समक्ष प्रांत के सह शिक्षा प्रमुख श्री जगमोहन बड़ाईक जी के द्वारा विस्तृत पूर्वक नववर्ष के बारे में बताया गया।उनके द्वारा राजा विक्रमादित्य की कहानी बताई गई। उन्होंने बताया की आज संत झूलेलाल का जन्म हुआ था। आज से कलश स्थापना के साथ नवरात्र भी प्रारंभ होता है।उन्होंने सभी झांकियों के बारे में विस्तृत पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि आज अपने घर में घी के दीप जलाना चाहिए,अपने घर में हो सके तो पूड़ी खीर बनाए तथा सादगी और हर्षोल्लास के साथ नववर्ष मनाएं। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा भी नववर्ष की शुभकामना देते हुए बहुत सारी बातें बताई गई। कार्यक्रम सफल और प्रभावी रहा। इस अवसर पर सभी भैया बहनों सहित समाजसेवी पवन अग्रवाल आचार्य श्री प्रमोद पाणिग्रही, बिमल टेटे, सुदर्शन कुमार, जगेश्वर सिंह, गणेश सिंह, अर्जुन महतो, आचार्या लक्ष्मी देवी, विमला देवी, दशरथी देवी, वसंती देवी, शुश्री शकुंतला कुमारी, निशि कुल्लू, रश्मि प्रधान, प्रगति सिंह, दीक्षित कुमारी, सुनीति कुमारी उपस्थित थे।

## नव वर्ष प्रतिपदा पर गुरुकुल शांति आश्रम में 51 कुण्डीय हवन का हुआ भव्य आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आर्य समाज के 150 वां स्थापना दिवस एवं नव वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा के नेतृत्व में आज प्रातः 351 मातृ शक्ति एवं बालिकाओं ने कलश लेकर के सामूहिक उपस्थिति में शामिल हुए। कलश यात्रा में आर्य समाज के साथ-साथ लोहरदगा जिले के गणमान्य जनों की उपस्थिति में पूरे धूमधाम के साथ के साथ कलश यात्रा में पंक्तिबद्ध होकर गुरुकुल शांति आश्रम के लिए प्रस्थान किए। ध्वनि विस्तारक यंत्र, माइक एवं महिलाओं के द्वारा सामूहिक रूप से आर्य समाज की जय हो, ओम का झंडा ऊंचा रहे, सनातन धर्म की जय हो, वैदिक धर्म की जय हो आदि विभिन्न तारों के साथ कलश यात्रा अपने गंतव्य स्थान गुरुकुल शांति आश्रम के प्रांगण में पहुंचकर हवन कुंड में स्थापित किया गया। बताते चलें कि इस वर्ष नव वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर वृहद पैमाने पर गुरुकुल शांति आश्रम प्रांगण में 51 हवन कुंड स्थापित किए गए थे। जहां प्रत्येक हवन कुंड में चार-चार परिवार समेत सभी सनातन धर्मावलंबी शामिल होकर बृहद एवं सामूहिक रूप से लगभग तीन हजार श्रद्धालुगण शामिल होकर नव वर्ष के प्रथम दिन पूरे भाव विभोर होकर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन में अपनी अपनी आहुति दिए। आचार्य राहुल देव आर्य के ब्रह्मत्व में बृहद 51 कुण्डीय हवन प्रारंभ किया गया।

## पारंपरिक स्वशासन पड़हा व्यवस्था के तहत आयोजित हुआ शपथ ग्रहण सह पत्थर गड़ी समारोह

**आदि काल से चला आ रहा परंपरा को लुप्त होते देख पुनः लागू करने की दिशा में आदिवासी समाज द्वारा किया जा रहा है पहल**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** रानीगंज साप्ताहिक बाजार टांड में रविवार को पारंपरिक स्वशासन पड़हा व्यवस्था के तहत 15 पड़हा गढ़कसमार बेल राजा की अगुआई में पुराने परंपरा को अपनाने तथा समाज के बीच लागू करने को लेकर शपथ ग्रहण सह पत्थर गड़ी समारोह का आयोजन आदिवासी रीति रिवाज के अनुसार पूजन कर किया गया। उक्त कार्यक्रम सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत रानीगंज साप्ताहिक बाजार टांड में आयोजित हुआ। वही कार्यक्रम आरम्भ होने के पूर्व विधिवत आदिवासी समाज के महिला पुरुषों द्वारा सामूहिक प्रार्थना कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। साथ ही अतिथियों को प्राकृतिक फूल पत्ती का बना माला पहना कर भव्य स्वागत किया गया। पत्थर गड़ी को जिला बेल विजय भगत, संयोजक बिनोद भगत, दीवान संजीव भगत, उप बेल शिवशंकर टाना भगत एवं अन्य अतिथियों द्वारा शिला पट्ट का अनावरण किया गया। गौरतलब हो कि झारखंड में विशेषकर मुंडा और उरांव जनजातियों में पड़हा व्यवस्था पूर्व में कायम था जो वर्तमान समय मे लुप्त होते जा रहा है। जिसे पत्थर गड़ी कर आदिवासी समाज द्वारा पारंपरिक स्वशासन प्रणाली का दर्जा दे ग्राम स्तर पर न्याय करते हुए प्रशासन और सामाजिक नियंत्रण के लिए कार्य किया जाता था। यह व्यवस्था जनजातियों को अपनी आंतरिक मामलों को अपने स्तर पर ही सुलझाने की शक्ति प्रदान करती थी। और न्यायिक कार्य पड़हा व्यवस्था विवादों के निपटारे में अपराधों की सजा और सामाजिक नियमों के पालन के लिए बनाया जाता था। जिससे समाज को बुराइयों से दूर रखने में सार्थक साबित होता था। तथा पंच पड़हा की विशेष जिम्मेदारी होती थी। इस व्यवस्था के तहत सामाजिक नियंत्रण पर बात किया जाए तो यह व्यवस्था सामाजिक व्यवस्था को बनाए रखने, रीति-रिवाजों को संरक्षित करने और समुदायिक हितों की रक्षा करने में मददगार साबित होता था। जिसे पड़हा राजा पड़हा व्यवस्था में पड़हा राजा या प्रधान जो गांव के वरिष्ठ और सम्मानित व्यक्ति होते थे उनके द्वारा समाज मे शासन का नेतृत्व किया जाता था। उक्त बातें अलौदी पंचायत के उप मुखिया गोपाल उराँव ने बताते हुए कहा कि लोहरदगा जिला अंतर्गत जितने पड़हा है। सभी के बीच में इस कार्यक्रम को धीरे धीरे लागू करना है जिसे समाज को मजबूत और सशक्त बनाने पर जोर दिया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा भी शामिल हो प्रेम व भाईचारगी का मिशाल पेश किया गया। वही सुरक्षा व्यवस्था में सेन्हा थाना प्रभारी वारिश हुसैन, सेरेंगदाग थाना प्रभारी रामाशीष यादव, एस आई अविनाश कुमार राम शास्त्र बल के साथ मौजूद थे।

## कैरो महावीर मंडल द्वारा वर्ष प्रतिपदा पर हर्षोल्लास से निकाली गई कलशयात्रा, नवरात्र पाठ से भक्तिमय हुआ माहौल





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 30 मार्च रविवार को कैरो महावीर मंडल के द्वारा आयोजित विक्रम संवत 2085 वर्ष प्रतिपदा हिंदू नववर्ष पर भव्य रूप से निकाली गई कलशयात्रा, वहीं कैरो मुख्यालय स्थित दुर्गा-बाडी भवन पर वासंतिक नवरात्र पाठ से भक्तिमय हो गया है माहौल। सर्वप्रथम कलशयात्रा कैरो रामनवमी मेला ताड स्थित हनुमान मंदिर से कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ सैकड़ो महिला पुरुष बच्चो के द्वारा जै श्री राम के उद्घोष के साथ-साथ यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा थाना रोड होकर सीधे नंदनी नदी पहुंची जहां पर आचार्य कौशलकांत त्रिपाठी जी के द्वारा जल संकल्पित कर कैरो नगर भ्रमण करते हुए मुख्य पथ से दुर्गावाड़ी भवन पहुंची। इस अवसर पर कलशयात्रा समाप्ति के पश्चात दुर्गावाडी भवन पर मां दुर्गा के प्रथम रूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना व वासंतिक नवरात्र पाठ से भक्तिमय हो गया माहौल। इस बीच उक्त भवन पर मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा अर्चना प्रथम शैलपुत्री से सिद्धिदात्री तक का प्रात ञवरात्र पाठ व सांय कालीन आरती का आयोजन कैरो महावीर मंडल के द्वारा आयोजित की गई है। मौके पर कलशयात्रा मे कैरो थाना के सब -इंस्पेक्टर प्रदीप कच्छप व कैरो थाना के सुरक्षा बल, पंचायत सचिव पवन कुमार, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह महावीर मंडल संरक्षक शरद कुमार विद्यार्थी, मुखिया वीरेन्द्र महली, विशेश्वर प्रसाद दीन, सुरज मोहन साहु, विवेक प्रजापति, शंभू सोनी, रवि प्रजापति, डॉ भोला प्रसाद, धंननज्य राम वर्मा, गंगा प्रसाद, अध्यक्ष कृष्णा साहु, महासचिव गौतम कुमार, कोषाध्यक्ष अंकित सोनी, संजय महतो, रिंकू प्रसाद, बजरंग साहु, राजकुमार, अंकित साहु, विष्णु कुमार, राजेश यादव, शैलेश कुमार, पंकज कुमार, अभिमन्यु साहु, भोला साहु, संजय साहु, अनमोल, उज्ज्वल, ऋषभ, देवेश, इत्यादि कैरो महावीर मंडल के पदाधिकारी कलशयात्रा में उपस्थित थे।

## मन की बात कार्यक्रम को भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सुनकर हुए उत्साहित : मनीर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के नगर में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को पूरे जोश और उत्साह के साथ सुना।यह आयोजन भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार साहू के नेतृत्व में नगर के विभिन्न बूथों पर किया गया। जिसमें पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वही नगर क्षेत्र के बूथ संख्या 257 पर आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव विशेष रूप से उपस्थित रहे।इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने उन्हें साफा पहनाकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ प्रधानमंत्री मोदी के विचारों का समर्थन किया और उन्हें जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में नव वर्ष विक्रम संवत के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाए दीं है। इसके साथ ही उन्होंने समाज के प्रति जिम्मेदारी और कर्तव्य बोध पर प्रकाश डालते हुए जल संरक्षण, पर्यावरण रक्षा और पशु-पक्षियों की देखभाल का महत्वपूर्ण संदेश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पशु-पक्षियों को पानी उपलब्ध कराना मानवता का पहला कर्तव्य है। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया कि वे अपने घरों के बाहर, छतों और सार्वजनिक स्थलों पर पानी से भरे बर्तन रखें जिससे पशु-पक्षी अपनी प्यास बुझा सकें। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने जल संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि हमें जल का अपव्यय रोकना होगा और जल स्रोतों को संरक्षित रखना होगा। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि वे वर्षा जल संचयन, टपक सिंचाई पद्धति और जल पुनर्चक्रण जैसी तकनीकों को अपनाकर जल संरक्षण में योगदान दें। प्रधानमंत्री ने इस संदेश के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लोगों को जागरूक करने का कार्य किया और सभी से यह संकल्प लेने की अपील की कि वे प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करेंगे और जल बचाने के प्रयासों को बढ़ावा देंगे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में महुआ के फूल का भी विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि महुआ का फूल सिर्फ एक साधारण फूल नहीं बल्कि यह भारत की पारंपरिक खान-पान संस्कृति और समृद्ध जैव-विविधता का प्रतीक है। आदिवासी और ग्रामीण समुदायों में महुआ के फूल से कई प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन बनाए जाते हैं। इससे महुआ लड्डू,खीर,हलवा और कई अन्य पारंपरिक पकवान तैयार किए जाते हैं जो न सिर्फ पौष्टिक होते हैं बल्कि स्थानीय आहार परंपरा का भी हिस्सा हैं। महुआ का उपयोग औषधीय गुणों के लिए भी किया जाता है और यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमें अपनी पारंपरिक खाद्य संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए और महुआ जैसे प्राकृतिक संसाधनों का सम्मान करते हुए उनके उपयोग को नए रूप में प्रस्तुत करना चाहिए।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
# प्रभात मंत्र


**चलते चलते एक नजर**

## मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव हो बर्खास्त

**कानपुर :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा एक निजी चैनल में साक्षात्कार के दौरान दिव्यांगजनों का उपहास करने, उन्हें लंगड़ा लूला व खण्डित मूर्ति की तरह उनका विसर्जन करने की बात कह कर अपमानित किया गया है। उनके इस बेतुके बयान के बाद से दिव्यांगजनों में काफी आक्रोश है। जिसे लेकर राष्ट्रपति और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन कमिश्नरेट पुलिस को सौंपकर उनकी बर्खास्तगी की मांग की गई है। यह बातें रविवार को राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने कही।राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के दर्जनों सदस्यों ने काकादेव शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना-प्रदर्शन कर राष्ट्रपति और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपकर उनकी बर्खास्तगी की मांग की है। साथ ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सीएम को बर्खास्त नही किया गया तो देश भर के दिव्यांग संगठन सड़कों से लेकर राष्ट्रपति भवन तक देशव्यापी आंदोलन करेंगे।उन्होंने कहा कि जिस देश में दिव्यांगजनों को संरक्षण देने के लिए दिव्यांगजन अधिनियम 2016 जैसा कानून बना हुआ है। उस देश में मोहन यादव जैसे मुख्यमंत्री के खिलाफ इस अधिनियम के तहत कार्रवाई न होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

## महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण

**पूर्वी चंपारण :** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, दिल्ली की समिति द्वारा महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के राजभाषा संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया गया। समिति में विनोद सिंह यादव, उप सचिव तथा डॉ.अंजू मोहन मल्होत्रा, अवर सचिव निरीक्षण समिति में शामिल थे। निरीक्षण समिति की उपस्थिति में विश्वविद्यालय स्तरीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक भी सम्पन्न हुई।विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.संजय श्रीवास्तव के संरक्षकत्व में आयोजित बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के विशेष कार्य अधिकारी सच्चिदानंद सिंह ने की। बैठक में विशेष कार्य अधिकारी (वित्त) प्रो. विकास पारीक, परीक्षा नियंत्रक कृष्णकांत उपाध्याय, निदेशक, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ प्रो.सुनील कुमार श्रीवास्तव, राजभाषा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ अंजनी कुमार श्रीवास्तव, राजभाषा प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. गरिमा तिवारी तथा हिन्दी अधिकारी श्रद्धा नंद पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति रही।निरीक्षण समिति के सदस्यों के औपचारिक स्वागत के उपरान्त हिन्दी अधिकारी श्रद्धा नंद पांडेय द्वारा विश्वविद्यालय के राजभाषा संबंधी कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। आयोग की निरीक्षण समिति के सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की गयी तथा और अधिक कार्य हिन्दी में कैसे किये जा सकते हैं इस संदर्भ में सुझाव भी दिये गये।अपने उद्बोधन में सच्चिदानंद सिंह ने निरीक्षण समिति के सुझावों पर गंभीरता से काम करने पर जोर दिया। बैठक के अंत में डॉ अंजनी कुमार श्रीवास्तव, अध्यक्ष, राजभाषा प्रकोष्ठ ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक के उपरांत निरीक्षण समिति ने पुस्तकालय, परीक्षा नियंत्रक कार्यालय, प्रशासनिक कार्यालय तथा विभिन्न परिसरों का भ्रमण किया।

# जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक संपन्न




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** जिले में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी, ईद एवं सरहुल पर्व सम्पन्न कराने को लेकर समाहरणालय भवन के सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय समेत जिले के अन्य संबंधित वरीय पदाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य उपस्थित हुए। बैठक में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी, ईद एवं सरहुल पर्व संपन्न कराने की बात कही गई। बैठक में उपायुक्त ने त्योहारों के दौरान विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य एवं पेयजल की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने हेतु संबंधित कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया। जिले के फायर स्टेशन को भी अपनी तैयारी मुस्तैद करने को कहा। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गढ़वा, नगर पंचायत नगर उंटारी एवं मंझिआंव को भी अपने-अपने क्षेत्र में समुचित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया। रामनवमी पर्व के दौरान मांस-मदिरा के बिक्री को प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही उपरोक्त त्योहारों के दौरान माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायलय के आदेश के अलोक में डीजे को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। इसके स्थान पर विभिन्न पारम्परिक वाद्य यंत्रो एवं साउंड सिस्टम का इस्तेमाल किया जा सकेगा। जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त ने समस्त जिलेवासियों को आगामी पर्व रामनवमी, ईद एवं सरहुल की शुभकामनाएं दी। सोशल मीडिया साइट्स पर विशेष नजर रखने की बात कही गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी से सहयोग की अपेक्षा की बात कही। उन्होंने त्योहारों के दौरान कोई भी अप्रिय घटना की सूचना मिलने पर उसे प्रशासन को सूचित करने को कहा। साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह से बचने एवं सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट आदि ना करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान प्रशासन के साइबर सेल द्वारा लगातार सोशल मीडिया पर किए जा रहे पोस्ट पर पैनी नजर रखी जाएगी। पुलिस अधीक्षक श्री पांडेय द्वारा बताया गया कि रामनवमी के अवसर पर निकलने वाले मंगला जुलूस एवं रामनवमी के जुलूस के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था नियंत्रित रहेगी जिसमें बड़ी वाहनों का प्रवेश शहरों में प्रतिबंधित रहेगा। बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त जिप अध्यक्ष शांति देवी, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा, रंका, श्री बंशीधर, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, गढ़वा, रंका, श्री बंशीधर नगर एवं विभिन्न प्रखंडों के शांति समिति के सदस्य समेत अन्य संबंधित उपस्थित थें।

# पूर्व सीएम त्रिवेंद्र के बयान पर भड़का दलित समाज

एजेंसी

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत की सचिव को लेकर की गई कथित टिप्पणी को लेकर दलित समाज में भारी आक्रोश है। इसी के चलते रविवार को हल्द्वानी के बुद्ध पार्क में नगर निगम के निर्दलीय मेयर प्रत्याशी एवं दलित नेता मनोज कुमार मन्नू के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने त्रिवेंद्र सिंह रावत के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला फूंका।प्रदर्शनकारियों का कहना है कि त्रिवेंद्र सिंह रावत ने दलित समाज के प्रति अपमानजनक टिप्पणी की है, जिसे समाज कभी स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी अधिकारी राज्य की सेवा कर रहे हैं और ऐसे में उनके खिलाफ इस तरह की टिप्पणी करना पूरी तरह से गलत और निंदनीय है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे मनोज कुमार मन्नू ने कहा कि त्रिवेंद्र सिंह रावत को तुरंत अपने शब्द वापस लेने चाहिए, अन्यथा पूरे प्रदेश में उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इस मुद्दे पर संज्ञान नहीं लिया गया तो दलित समाज सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत के इस बयान को अनुचित समाज भी अपमानजनक मान रहा है, और पूरे राज्य में इसको लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। हालांकि, इस विवाद पर अब तक सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत की कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### एमएसए स्कूल का फाइनल रिजल्ट हुआ जारी

# कम फीस में बेहतर शिक्षा के लिए प्रचलित है एमएसए स्कूल : शफीक




प्रभाात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पोखराहा खुर्द स्थित एमएसए पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम सभी बच्चों और सैकड़ों अभिवावकों के उपस्थिति में तालियों के गड़गड़ाहट के बीच घोषित किया गया। वार्षिक परीक्षा में प्रत्येक क्लास से टॉप 10 एचीवर्स विद्यार्थियों को अभिभावकों के समक्ष शील्ड, मैडल और मेरिट सर्टिफिकेट देकर सम्माननीत किया गया। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से अभिभावक काफ़ी खुश थे। अभिवावकों को संबोधित करते हुए स्कूल संस्थापक सह अध्यक्ष मों शफीक अंसारी ने कहा विद्यार्थियों का इतना शानदार रिजल्ट हमारे सभी शिक्षक, अभिभावक व बच्चों का अथक परिश्रम का फल है। उन्होंने कहा इस स्कूल में बच्चों के लिए पढ़ाई का बेहतर माहौल है यहाँ के कुशल शिक्षक टीम के मार्गदर्शन में बच्चे हर क्षेत्र में अच्छा रिजल्ट दे रहे है। प्रिंसिपल अफ़ज़ल शफीक ने संबोधन में कहा नए सत्र का पढ़ाई 1 अप्रैल से नए जोश और उत्साह के साथ किया जाएगा।

उन्होंने बताया नए सत्र में एडमिशन 50 त्न डिस्काउंट ऑफर के साथ चालू है इच्छुक अभिवावक स्कूल ऑफिस में या 7541066035 नंबर पे संपर्क कर अपने बच्चों का नामांकन करवा सकते है। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी क्लास के टॉप 10 बच्चो को पुरस्कृत कर हौशला आफ़ज़ाई करने का काम को खूब सराहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# राजद के शासनकाल में बिहार में था जंगलराज : शाह



एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय जनता दल पर रविवार को तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि लालू-राबड़ी के शासनकाल में बिहार को जंगल राज में बदल दिया गया था. अमित शाह ने पटना में तकरीबन 20 मिनट भाषण दिया और 15 बार लालू यादव का नाम लिया. उन्होंने साफ तौर पर कहा कि लालू यादव ने चारा घोटाला कर बिहार को बदनाम करने का काम किया. उन्होंने आरजेडी के शासनकाल को जंगलराज बताते हुए कहा कि उनके शासनकाल को जंगलराज के रूप में ही याद किया जाएगा. इससे पहले पटना के बापू सभागार में सहकारिता विभाग की ओर से समारोह का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संयुक्त रूप से किया.अमित शाह ने लालू यादव पर सीधे तौर पर सियासी हमला बोलते हुए कहा कि इन लोगों ने गरीबों के लिए कोई काम नहीं किया, जबकि एनडीए की सरकार ने राशन, घर, बिजली, रसोई गैस, दवाई और मुफ्त राशन पहुंचाने का काम किया. गरीबों के लिए किसी ने कुछ किया तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया.उन्होंने कहा कि चार करोड़ लोगों को आवास दिया गया, 11 करोड़ से अधिक लोगों को गैस का सिलेंडर दिया गया, 12 करोड़ शौचालय का निर्माण कराया गया. 81 करोड़ लोगों को प्रति माह, प्रति व्यक्ति पांच किलो मुफ्त अनाज के साथ पांच लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी गई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था, किसान, महिला मत्स्य पालन के कार्यों को गति देने के लिए अलग सहकारिता मंत्रालय बनाने का काम किया. 75 साल तक किसी सरकार ने सहकारिता को मजबूत करने का काम नहीं किया. लेकिन, नरेंद्र मोदी ने इस विभाग को गति दी.

# नववर्ष पर ज्योतिष्पीठाधीश्वर ने सनातनी पंचांग का किया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**वाराणसी :** सनातनी नववर्ष के पहले दिन रविवार को ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शंकराचार्य घाट पर विश्वभर के सनातन धर्मियों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश जारी किया। इस अवसर पर उन्होंने सनातनी पंचांग का विमोचन करते हुए वार्षिक फलादेश और अन्य धार्मिक साहित्य का भी अनावरण किया। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने अपने शिव संदेश में कहा कि हम वो हैं जो अपनी पहचान गात्र (शरीर) से नहीं, बल्कि गोत्र (गोरक्षाव्रत) से करते हैं। हमारा धर्म हमें बताता है कि यदि हम धार्मिक बनना चाहते हैं, तो किसी उपदेष्टा में उलझने की बजाय सत्य शाश्वत धर्म के मर्म को समझना चाहिए और उसे अपने जीवन में अपनाना चाहिए। इससे हमारा मानव जीवन धन्य बनेगा।उन्होंने अपनी पहचान को स्पष्ट रखने पर जोर देते हुए कहा कि जितनी स्पष्ट आपकी पहचान होगी, उतनी ही सरलता आपके जीवन में होगी। शंकराचार्य ने कहा कि याद रखिये कि आप कौन हैं? अपनी पहचान को साफ रखिये। उन्होंने बताया कि इस वर्ष हम पूरे विश्व को सामान्य धर्मों की शिक्षा देने का प्रयास करेंगे। इस संवत्सर हमने तैंतीस करोड लोगों से सम्पर्क कर उनसे संवाद स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। जिसे तकनीकी और जीवंत धर्मदूतों के माध्यम से पूरा करना चाहेंगे, इसमें गो–कुल, गुरुकुल और सत्कुल जैसे विषय शामिल होंगे।उन्होंने गोनीति को आगे बढ़ाने के लिए एक विशेष अभियान का ऐलान किया, जिसमें तैंतीस कोटि गौमतदाता,तीन लाख श्रीरामाधाम. कुछ हजार जो बूचडखाने सुधरें, तो हो गौ का काम' के लक्ष्य की प्राप्ति के प्रयास आरंभ कर दिये जायेंगे।

# दीक्षांत समारोह वास्तव में सेवा के संकल्प का समारोह है : राज्यपाल




एजेंसी

**भोपाल :** राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में रविवार को विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन का 29वां दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव और हार्टफुलनेस संस्था के संस्थापक कमलेश पटेल को विश्वविद्यालय द्वारा डी-लिट की मानद उपाधि प्रदान की गई। साथ ही 70 विद्यार्थियों को उपाधि, 99 को मेडल और 2 शोधार्थियों को डी-लिट उपाधि प्रदान की गई।समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल पटेल ने कहा कि विक्रम विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होकर अत्यंत आनन्द का अनुभव हो रहा है। दीक्षान्त समारोह में अपनी उपाधियां प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मैं आत्मीय बधाई देता हूँ। राज्यपाल ने सभी विद्यार्थियों के यशस्वी एवं मंगलमय भविष्य की कामना करते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह वास्तव में सेवा के संकल्प का समारोह है। जीवन में सफलता के लिए कठोर अनुशासन की आवश्यकता होती है।राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा, धर्म, साहित्य, संस्कृति, विज्ञान और व्यापार के क्षेत्रों में भारत के मानचित्र पर उज्जैन की अपनी विशिष्ट पहचान है। क्षिप्रा के पवित्र तट पर बसे उज्जैन नगर में विद्याध्ययन की ञअभिलाषा से आये श्रीकृष्ण की कथा पूरे संसार में प्रसिद्ध है।







